प्रकाशक
मिरथा प्रकाशन
जहानाबाद (गया)

•

•

प्रथम संस्करण १९६५

•

मूल्य साढ़े सात रुपये
(७·५)

•

मुद्रक :
यूनाइटेड प्रेस, पटना
और
कालिका प्रेस, पटना

प्रातः स्मरणीय आचार्य

भिक्षु श्री जगदीश जी काश्यप

प्रख्यात बौद्ध महापण्डित, त्रिपिटकाचार्य,

संस्कृत-पालि-प्राकृत-हिन्दी भाषाओं के मर्मज्ञ

विद्वान्, मगही-साहित्य-संस्कृति

के मूर्त स्वरूप

के

चरण-कमलों में

सादर सविनय

समर्पित ।

प्राक्कथन

डा० संपत्ति अर्याणी में मेधा और अध्यवसाय का श्लाघ्य समन्वय है। उच्चतर अध्ययन में व्याप्त होकर उन्होंने मगही का भाषाशास्त्रीय अनुशीलन किया और अपने अनेक वर्षों के अनुसंधान के परिणामस्वरूप जो प्रबंध प्रस्तुत किया, उस पर उन्हें पटना विश्वविद्यालय से डी० लिट् की उपाधि मिली। उन्होंने जिस निष्ठा एवं मनोयोग से शोध-कार्य किया है उससे मैं परिचित हूँ। मुझे विश्वास है कि उनका शोध ऐतिहासिक महत्त्व का माना जायगा और भावी अध्येताओं तथा अनुसंधाताओं का मार्ग-निर्देशन करेगा।

अपने अनुसंधान के क्रम में संपत्ति जी ने मगही का गंभीर विवेचन-विश्लेषण किया है और उसके फल स्वरूप मगही का प्रथम वैज्ञानिक व्याकरण प्रस्तुत कर सकी हैं। इसके प्रकाशन से एक चिरत्य अभाव की पूर्ति होगी। मैं संपत्ति जी को, उनके महत्त्वपूर्ण शोध के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ और उसके व्याकरणांश के प्रकाशन का हृदय से स्वागत करता हूँ।

पटना—५,
६-६-१९६४

देवेन्द्रनाथ शर्मा
आचार्य तथा अध्यक्ष,
हिन्दी विभाग,
पटना विश्वविद्यालय

निवेदन

मगही भाषा का प्रथम विस्तृत व्याकरण आप महानुभावों के समक्ष प्रस्तुत है। इसके पूर्व केवल डॉ० ग्रियर्सन ने अपने प्रसिद्ध ग्रन्थ "लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इण्डिया, भाग २, जिल्द ५" तथा "सेवन ग्रामरस् ऑफ दी डायलेक्ट ऐण्ड सब डायलेक्ट ऑफ दी बिहारी लैंग्वेज, भाग—३" में मगही भाषा का अत्यन्त संक्षिप्त वैयाकरणिक अध्ययन प्रस्तुत किया था। उन्हें संपूर्ण मगही क्षेत्र के सर्वेक्षण का अवसर सम्भवतः प्राप्त न हो सका था और जितने बड़े क्षेत्र का सर्वेक्षण वे कर पाये थे, उसमें प्रचलित विभिन्न शब्द-रूपों के परस्पर साम्य-रखने वाले प्रतिनिधि उदाहरणों को दृष्टिपथ में रख कर उन्होंने मगही-भाषा के कतिपय वैयाकरणिक नियम सामने रखे थे। अत्यन्त संक्षिप्त एवं अपूर्ण होकर भी डॉ० ग्रियर्सन द्वारा किया गया यह प्रथम प्रयास महत्त्वपूर्ण एवं अभिनन्दनीय था और इसके श्रेयोभागी वे हमेशा बने रहेंगे।

मगही भाषा के व्याकरण का इतने विस्तृत रूप में अध्ययन प्रथम बार ही प्रस्तुत किया जा रहा है। इस व्याकरण की लेखन-पद्धति सामान्य हिन्दी व्याकरण-पुस्तकों की लेखन-पद्धति से भिन्न रही है। व्याकरण में धीरे धीरे वैज्ञानिकता का समावेश होता जा रहा है और उसकी अपनी एक निश्चित शब्दावली (Terminology) हो गई है। इस शब्दावली का ज्ञान प्रस्तुत ग्रंथ के पाठकों को पूर्वार्जित है, ऐसा मान लिया गया है और व्यर्थ के पृष्ठ नहीं रंगे गये हैं।

'मगही ध्वनि-समूह' और 'मगही-व्याकरण' के अन्तर्गत संज्ञा, लिङ्ग, प्रत्यय, वचन, कारक, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, सहायक क्रिया, वाच्य आदि पर विचार करते समय अधिक से अधिक प्रामाणिक सामग्री प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है एवं विश्लेषणात्मक निदर्शन प्रस्तुत करते समय अधिकाधिक उदाहरण दे दिये गये हैं। मातृभाषा मगही रहने के कारण श्रम का अवकाश कम ही रहा है।

इस मगही व्याकरण में अनेक नियमों के विश्लेषण में उदाहरण-स्वरूप आये विभिन्न रूप-भेदों से जहाँ मगही भाषा की शब्द-समृद्धि का परिचय मिलेगा, वहाँ वाग्व्यवहार के क्षेत्र में मगही-भाषियों के मुक्ति प्रेम की भी झलक मिल सकेगी।

पूर्वी मगही का व्याकरण अलग से प्रस्तुत किया गया है। इसकी अधिकांश सामग्री का श्रेय डॉ० ग्रियर्सन को ही है। इन पंक्तियों की लेखिका उक्त सामग्री सञ्चयन के लिए उनकी ऋणी है।

मगही-व्याकरण के साथ ही संक्षिप्त मगही-शब्दकोश भी प्रस्तुत है। शब्दों के चयन में इस बात का ध्यान रखा गया है कि मगही-भाषा के वे खास अपने शब्द हों और अन्य भगिनी भाषाओं में मिलते हुए भी मगही में अपनी विशिष्ट व्यंजना रखते हों। दूसरे शब्दों में वे विशाल मगही-शब्द भाण्डार के कतिपय प्रतिनिधि पद हैं और इस भाषा की क्षेत्रीय विशेषताओं से युक्त हैं। यदि प्रत्येक भाषा के ऐसे ही प्रतिनिधि क्षेत्रीय शब्दों

का संकलन प्रस्तुत किया जा सके और उसे राष्ट्रभाषा हिन्दी अपना ले, तो उसके परिणाम-स्वरूप उसकी अभिव्यंजना-सामर्थ्य में अप्रत्याशित वृद्धि दृष्टिगोचर होगी और इसके सम्वेदन के नवीन स्तरों का बोध भी सुलभ हो सकेगा। इस संक्षिप्त मगही शब्दकोश में इस दृष्टि से देखने पर अनेक शब्द ध्यान आकृष्ट करते मालूम पड़ेंगे।

मगही-भाषा के वैयाकरणिक स्वरूप एवं साहित्य पर कार्य करने की प्रेरणा प्रातःस्मरणीय आचार्य डॉ विश्वनाथ प्रसाद (निदेशक केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, दिल्ली) से मिली थी। बाद उनका सत्परामर्श एवं निर्देशन भी सर्वदा मिलता रहा। भदन्त आचार्य भिक्षु जगदीश काश्यप, स्व महापंडित राहुल सांकृत्यायन, भाषाचार्य आदरणीय डॉ उदयनारायण तिवारी एवं पं० श्री आचार्य देवेन्द्रनाथ शर्मा से जो अपार प्रोत्साहन मुझे मिला है, वह अविस्मरणीय है। अभी आचार्य शर्मा ने प्रस्तुत ग्रंथ का प्राक्कथन लिख कर जो असीम कृपा की है उसके लिए मैं आभारी हूँ। इन सभी महानुभावों को मेरी मौन श्रद्धाञ्जलि समर्पित है।

इस क्रम में डॉ शिवनन्दन प्रसाद (उपनिदेशक केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, दिल्ली), स्व श्री कृष्णदेव प्रसाद (एडवोकेट, पटना), डॉ विन्ध्येश्वरी प्रसाद सिन्हा (अध्यक्ष प्राचीन इतिहास एवं संस्कृति विभाग, पटना विश्वविद्यालय एवं अध्यक्ष मगही मंडल, बिहार) डॉ कामेश्वर प्रसाद अम्बष्ठ (कुल सचिव, पटना विश्वविद्यालय), डॉ राजाराम रस्तोगी (प्राध्यापक, पटना विश्वविद्यालय), स्व ब्रजदेव नारायण (एडवोकेट, पटना हाईकोर्ट), डॉ धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री (भूतपूर्व, अतिरिक्त जन-शिक्षा निदेशक बिहार) डॉ दुखन राम (भूतपूर्व, प्राचार्य पटना मेडिकल कालेज एवं उपकुलपति बिहार विश्वविद्यालय) एवं डॉ सत्येन्द्र से, छोटों को सहज स्नेह के साथ प्राप्त होने वाले, जो सत्परामर्श मुझे मिले हैं उनके लिए, उनके प्रति एवं अन्यान्य सभी महानुभावों के प्रति, जिनसे किसी भी प्रकार की सहायता मुझे मिली है, मैं हार्दिक आभार प्रकट करती हूँ।

अन्त में मैं सुधी पाठकों का ध्यान इस ग्रन्थ की कुछ त्रुटियों की ओर आकृष्ट करना चाहती हूँ। यह सच कि पर्याप्त सावधानी के बाद भी इसमें मुद्रण-सम्बन्धी कई अशुद्धियाँ रह गई हैं जिसके लिए मैं क्षमा चाहती हूँ। यों एक लघु शुद्धिपत्र भी ग्रन्थ में संलग्न कर दिया गया है, फिर भी वह अपूर्ण है। अगले संस्करण में इनका परिहार कर दिया जायेगा।

सम्पत्ति अर्याणी

दिसम्बर' ६४
राजेन्द्र नगर, पटना ४।

संकेत-सूची

अ०	=	अकर्मक
अ० क्रि०	=	अकर्मक क्रिया
अति०	=	अतिदीर्घ
अधि०	=	अधिकरण
अना०	=	अनादरवाचक
अ० पु०	=	अन्यपुरुष
आद०	=	आदरवाचक
अपा०	=	अपादान
उ०	=	उत्तर
उ० पु०	=	उत्तमपुरुष
ए०	=	एकवचन
ए० व०	=	एकवचन
कार०	=	कारक
क्रि०	=	क्रिया
द्वि०	=	द्वितीय
दी०	=	दीर्घ
दी० रूप	=	दीर्घ रूप
नि०	=	निर्बल रूप
प्र०	=	प्रश्न
प्र०	=	प्रथम
पृ०	=	पृष्ठ
प०	=	पक्ति
पु०	=	पुल्लिग
पु० रूप	=	पुल्लिग रूप
पूर्व०	=	पूर्वकालिक
पूर्ण०	=	पूर्ण क्रियाद्योतक
व० व०	=	बहुवचन
बहु०	=	बहुवचन
बो० सं० क्रि०	=	बोधक संयुक्त क्रिया
भवि०	=	भविष्यत्काल
भूत०	=	भूतकाल
म० पु०	=	मध्यमपुरुष
व्या०	=	व्याकरण
वर्त्त०	=	वर्त्तमानकाल
वि०	=	विकारी
विका०	=	विकारी
स्त्री०	=	स्त्रीलिग
स्त्री० रूप	=	स्त्रीलिंग रूप
स०	=	सकर्मक
सं० क्रिया	=	संयुक्त क्रिया
सबल	=	सबल
सम्प्र०	=	सम्प्रदान
सम्ब०	=	सम्बन्ध
सम्बो०	=	सम्बोधन
सं०	=	संक्षिप्त
स्तं०	=	स्तम्भ
हि०	=	हिन्दी
ह्र०	=	ह्रस्व
ह्र० रूप	=	ह्रस्व रूप

ध्वनि-संकेत

⊥ (अ)—ह्रस्व विलम्बित अथवा उदासीन स्वर का संकेत-चिह्न। यथा—हमनी। बेलनी। परधा।

ऽ (अऽ)—यह दीर्घ विलम्बित स्वर का लिपि चिह्न है। व्यञ्जनान्त अथवा स्वरान्त शब्दों के अन्त में आकर उनका यह विलम्बित उच्चारण प्रकट करता है। यथा—न ऽ। हैं ऽ। देख ऽ।

ॉ (ऑ) —यह स्वर 'आ' का ह्रस्व रूप है। उच्चारण में प्रायः यह 'अ' की तरह सुनाई पड़ता है। यथा—कॉटलक। लॉरसकर।

ि (इ) —अति ह्रस्व 'इ' स्वर। यथा—रसइ्। मतइ्।

ु (उ) —अति ह्रस्व 'उ' स्वर। यथा—कु्हो। हु्चे।

ॅ (ऍ) —ह्रस्वोच्चरित 'ए' स्वर। यथा—एकहरा। ऍको।

े (ए) —अति ह्रस्व 'ए' स्वर। यथा—ए्करे। से्करे।

ै (ऐ) —ह्रस्वोच्चरित 'ऐ' स्वर। यथा—ऐ ल्नो। मैं नहीं।

ो (ओ) —ह्रस्वोच्चरित 'ओ' स्वर। यथा—ओ हि। मरो रलक।

ौ (औ) —ह्रस्वोच्चरित 'औ' स्वर। यथा—बोलो लक्ष। सुनो सबद।

(अं) —यह अनुस्वार चिह्न है। इसका व्यवहार अपने वर्ग के किसी व्यंजन के पहले आने वाले अनुनासिक व्यंजन के बदले में होता है। यथा—संख (सङ्ख)। संपत (सम्पत)।

ँ (अँ) —यह अनुनासिक स्वर (चन्द्रबिन्दु) का संकेत चिह्न है। यथा—गाँव।

अन्य संकेत

√ —यह धातु का चिह्न है। यथा—मगही √कर्। √कर्।

> —यह शब्दों के रूप-परिवर्तन को बताने वाला चिह्न है। यथा—भीगल> भिगावल। अग्र>आँग।

< —यह व्युत्पन्न होने की स्थिति का सूचक चिह्न है।

= —सम समार्थ अर्थ के लिए प्रयुक्त चिह्न।

× —गुणात्मक स्थिति का बोधक चिह्न।

विषय-सूची

उपोद्घात

आधुनिक भारतीय भाषाओं में मगही का स्थान पृ०— १
मगही का उद्भव और विकास ... २— ८
आधुनिक मगही का उदय . ६—१०
मगही का नामकरण १०—११
मगही के अध्ययन की प्राचीन सामग्रियाँ . ११
मगही 'बोली' या 'भाषा' ११—१२
मगही का स्वतंत्र भाषात्व १२—१७
मगही भाषा की सीमाएँ .... १७—१८
मगही भाषा क्षेत्र १८
'आदर्श' का मानदंड . १८
पूर्वी मगही .. १८
मिश्रित मगही १८
आदर्श मगही क्षेत्र १६
पूर्वी मगही क्षेत्र .... १६—२०
मगही भाषियों की जनसंख्या ... २०—२१
विविध क्षेत्रों की मगही के रूप और उनका वर्गीकरण ... २१—२२
मगही क्रिया-रूपों की विशेषताएँ .. २२—२३
मगही शब्दकोश .. २४—२६

प्रथम खंड

प्रथम अध्याय

मगही के ध्वनि-समूह—१-८।

स्वर १, व्यंजन १, स्वर १-३, संयुक्त स्वर ३ ४, अनुनासिक स्वर ४ ५, व्यंजन ५ ६, संयुक्त व्यंजन ६, उपवर्ती स्वर (Concurrent Vowels) ६; स्वरों का संकोचन (Contraction) ६, उपधापूर्व स्वर का ह्रस्वीकरण (Shortening of antipenultimate Vowel) ७ ८, हलन्त—य् तथा व् ८।

द्वितीय अध्याय

मगही व्याकरण—९—८१।

विकारी शब्द (Declinable words)—

संज्ञा (noun) ९-१०, लिंग (Gender) १०-१३, वचन (Number) १३-१४, कारक (Case) १४–(अ) तद्भव पुलिंग आकारान्त संज्ञा १५· (आ) व्यंजनान्त पुलिंग संज्ञा १६-१८, सम्बन्धवाची प्रत्यय १८-१९।

सर्वनाम (Pronoun) १९-२०, सर्वनाम के रूप (अ) पुरुषवाचक २०-२१ : (आ) निजवाचक २२ (इ) निश्चयवाचक सर्वनाम २२-२३, (ई) सबंधवाचक सर्वनाम २४ (उ) प्रश्नवाचक २५ (ऊ) अनिश्चयवाचक सर्वनाम २६, सर्वनाममूलक विशेषण-रूप २७, सर्वनाममूलक विकारी सबंधकारक २८-२९, विशेषण वाचक सर्वनाम २९।

विशेषण (Adjectives) ३० (१) सार्वनामिक विशेषण ३० . (२) गुणवाचक विशेषण ३१ · विशेषण में लिंग के कारण रूपांतर ३१-३२ विशेषण में वचन के कारण रूपांतर ३२ तुलनात्मक विशेषण ३२-३३ (३) संख्यावाचक विशेषण (Numeral adjectives) ३३—(१) निश्चित-संख्यावाचक विशेषण ३३ (अ) पूर्णांक बोधक (Cardinal) ३४ (आ) अपूर्णांक बोधक (Fractional Numbers) ३४, क्रमवाचक (Ordinal) ३४-३५, आवृत्तिवाचक ३५, समुदायवाचक ३५, प्रत्येकबोधक ३५ · (२) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण (Indefinite Cardinals) ३५-३६ : (३) परिमाण-बोधक विशेषण (Quantitative Adjectives) ३६, गुणात्मक संख्यावाचक (Multiplicatives) ३६, ऋणात्मक संख्यावाचक ३६।

क्रिया (Verb) ३७, सकर्मक ३७, अकर्मक ३७-३८, क्रिया का वाच्य (Voice) ३८-३९, क्रिया का अर्थ (Mood) ३९, क्रिया के काल (Tense) ३९-४०। 'अर्थ' और 'अवस्था' के अनुकूल काल-भेद ४०-४१। क्रिया के पुरुष, लिंग और वचन ४१। कृदन्त ४२ · विकारी कृदन्त ४२-४३, अविकारी (अव्यय) ४३-४४। क्रिया की काल-रचना ४४ · साधारण काल ४५, सयुक्त काल ४५-४६, साधारण काल ४६ : निश्चयार्थ ४७, सम्भावनार्थ ४८, आज्ञार्थ ४८, सामान्य संकेतार्थ ४९।

सहायक क्रियाएँ (Auxiliary Verbs) ४६; अपूर्णार्थक सहायक क्रिया ४ पूर्णार्थक सहायक-क्रिया ५ –५२; वर्तमानकालिक कृदन्त ५२। कर्तृ वाच्य ५३ सकर्मक क्रिया (अ) साधारणकाल ५३–५५, (आ) संयुक्त काल ५५–५६। कर्तृ वाच्य : अकर्मक क्रिया ५६–६ ।

स्वरान्त धातुएँ ६१; आकारान्त धातु के क्रिया–रूप ६१–६३; √'पा' धातु की रूपावली ६३–६४ ईकारान्त धातु √'पी' की रूपावली ६४–६५; ऊकारान्त धातु √'चू' की रूपावली ६५–६६; आकारान्त धातु √'दा' की रूपावली ६६–६७।

अनियमित क्रियाएँ ६७ √'कर' ६७, √'मर' ६८, √'जा' (जाना) ६९; √'आ', √'ला' √'दे' ६९–७ । कर्मवाच्य ७१–७१।

प्रेरणार्थक क्रिया (Causative) ७३–७४।

संयुक्त क्रिया ७६ : (१) क्रियार्थक संज्ञा के मेल से बनी हुई संयुक्त क्रियाएँ ७६–७६; (२) कृदन्तों के मेल से बनी हुई संयुक्त क्रियाएँ ७९–८ ।

अव्यय (Indeclinable) ८ : (१) क्रिया विशेषण (Adverbs) ८ –८१, (२) संबंध सूचक (Preposition) ८१, (३) समुच्चयबोधक (Conjunction) ८१, (४) विस्मयादि बोधक (Interjection) ८१।

तृतीय अध्याय

पूर्वी मगही का व्याकरण पृ० ८२–८६

उच्चारण ८२ संज्ञा ८२–८३, सर्वनाम ८३–८४; क्रिया ८४–८६।

द्वितीय खंड

मगही शब्दकोश १–६६

———

उपोद्घात

उपोद्घात

आधुनिक भारतीय भाषाओं में मगही का स्थान

'मगही' भाषाओं के 'भारोपीय परिवार' के भारत ईरानी वर्ग की भारतीय शाखा की एक सदस्या है। भारतीय आर्य भाषाओं का वर्गीकरण डॉ० ग्रियर्सन एव डॉ० सुनीति कुमार चटर्जी ने यद्यपि परस्पर भिन्न ढग से किया है, तथापि दोनों ही वर्गीकरण में एक वर्ग 'पूर्वी' या 'प्राच्य' है, जिसके अन्तर्गत 'विहारी' का परिगणन किया जाता है। 'विहारी' तीन स्वतत्र भाषाओं का सम्मिलित सज्ञा-बोध है। ये तीन भाषाएँ हैं—मगही, मैथिली और भोजपुरी।

---

१ (क) डॉ० ग्रियसन ने आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं का वर्गीकरण निम्नांकित ढग से प्रस्तुत किया है —

आधुनिक भारतीय आर्य भाषाएँ।

वाहरी उपशाखा
(उत्तर-पश्चिमी समुदाय)
१ लहदा या पश्चिमी पजावी
२ सिन्धी
(दक्षिणी समुदाय)
३ मराठी
(पूर्वी समुदाय)
४ उड़िया
५ विहारी (मगही, मैथिली, भोजपुरी)
६ वगला
७. असमिया

मध्य-उपशाखा
(मध्य-समुदाय)
८ पूर्वी हिन्दी

भीतरी उपशाखा
(भीतरी समुदाय)
९ पश्चिमी हिन्दी
१० पजावी
११ गुजराती
१२ भीली
१३ खानदेशी
१४ राजस्थानी
(पहाड़ी समुदाय)
१५ पूर्वी पहाड़ी या नेपाली
१६ मध्य या केन्द्रीय पहाड़ी
१७ पश्चिमी पहाड़ी,

—Linguistic survey of India, vol, I, Part I, P 120

(ख) डॉ० सुनीति कुमार चटर्जी ने ग्रियर्सन के वर्गीकरण की आलोचना करते हुए भाषाओं की विकास-परम्परा के आधार पर "आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं" का निम्नांकित पाँच वर्गों में विभाजन किया है —१ उदीच्य २ प्रतीच्य, ३ मध्यदेशीय ४ प्राच्य (पूर्वी) एव ५ दाक्षिणात्य। विहारी 'प्राच्य वर्ग' के अन्तर्गत आती है।

—Origin and Development of Bengali Language

मगही का उद्भव और विकास

मगही भाषा का विकास मागधी प्राकृत से हुआ। प्राकृतों में मागधी प्राकृत का विशिष्ट स्थान है, क्योंकि प्राच्य प्रदेश की अनेक भाषाओं की यही जननी है। मागधी मगध जनपद की भाषा थी। यह मूलतः उन आर्यों की भाषा थी, जिन्हें डॉ॰ हार्नलि और डॉ॰ ग्रियर्सन ने बाहरी आर्यों के नाम से अभिहित किया है। मगध इन आर्यों का केन्द्रस्थल था। बुद्ध का भ्रमणक्षेत्र काशी, कोशल विदेह और मगध में फैला था। वहाँ मागधी ही लोक-व्यवहार की भाषा थी। विद्वानों का अनुमान है कि बुद्ध ने अपने उपदेश मागधी में ही दिए होंगे, जिनका संग्रह बाद में मागधी में ही मूल त्रिपिटक में हुआ होगा। (बाद में इनका अनुवाद पालि तथा अन्य जनपदों की भाषा में हुआ होगा।[१])

ईसा पूर्व चौथी शताब्दी में ही मगही का अपना क्षेत्र सरयू से काशी तथा कर्म नाशा से कलिंग तक था।[२] बौद्ध तथा जैनमत के प्रचार की सर्वमान्य स्वीकृत भाषा होने के अतिरिक्त यह पूर्वी (मागधी) बोली सम्राट् अशोक की राजभाषा भी थी।[३] राज भाषा होने के कारण मागधी समस्त उत्तर भारत में सम्मानित हुई। इसी मान सम्मान का परिणाम था कि नाटककारों ने राजपुत्रों और अन्य महत्त्वपूर्ण पात्रों की भाषा को मागधी रखना शुरू किया।

मागधी के प्राचीनतम नमूने उड़ीसा बिहार और उत्तर प्रदेश में प्राप्त सम्राट् अशोक के शिलालेखों में मिलते हैं। उपर्युक्त प्रदेशों के शिलालेखों के अतिरिक्त उत्तर पश्चिम में प्राप्त मानसिरा शिलालेख देखा जा सकता है। इसमें भी प्राच्य प्रभाव वर्तमान है। प्राच्य भाषा के इस प्रभाव का कारण विद्वान् यह मानते हैं कि अशोक के ये अभिलेख पहले प्राच्य भाषा में ही लिखे गये होंगे और तब विभिन्न जनपदों में वहाँ की स्थानीय बोलियों में उनका रूपान्तर हुआ होगा। ऐसा स्वाभाविक भी था। अशोक मगध सम्राट् था। मगध की भाषा ही उसकी मातृभाषा थी। उसीमें उसका अपने धर्मोपदेशों को सर्वप्रथम लिखवाना स्वाभाविक था। परन्तु उसका उद्देश्य धर्मप्रचार था। परिणामतः यह मागधी में लिखवाये गये अपने धार्मिक उपदेशों को स्थानीय भाषाओं में

१ इस विषय में डॉ॰ सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या का कहना है—"बुद्ध भगवान के उपदेशों का संकलन सर्वप्रथम इसी पूर्वी बोली (मागधी) में होकर बाद में उनका अनुवाद पालि भाषा में, जो कि मध्यदेश की प्राचीन भाषा पर आधारित एक प्राचीन भाषा थी, हुआ। इस मत की पुष्टि करते हुए पारिस के स्वर्गीय सिल्वँ लेवी (Syl ain Levi) तथा बर्लिन के प्राध्यापक हाइनरिख ल्यूडर्स (Heinrich Lueders) जैसे ख्याति प्राप्त विद्वानों ने इसकी सत्यता के अनुकूल बलशाली प्रमाण दिए हैं।"

—भारतीय आर्यभाषा और हिन्दी, पृ॰ १४१-५।

२ राहुल सांकृत्यायन—पुरातत्त्व निबन्धावली: मागधी का विकास। पृ॰ १८।

३ डा॰ सु॰ चाटुर्ज्या—भारतीय आर्यभाषा और हिन्दी। पृ॰ १४।

रूपान्तरित करवा देता था, जिससे जनसाधारण अपनी ही भाषा में धर्मोपदेश ग्रहण कर सकें।

ईसा की पहली शताब्दी तक की मागधी प्राकृत का रूप रामगढ़ पहाड़ की गुफाओं (सरगुजाराज्य) और बोध गया आदि के प्रकीर्ण लेखों में उपलब्ध होता है। ईसा की दूसरी शताब्दी से छठी शताब्दी तक की मागधी प्राकृत का रूप यत्र तत्र संस्कृत नाटकों में उपलब्ध होता है।

ईसा की दूसरी शताब्दी से छठी शताब्दी तक की साहित्यिक प्राकृतों के अध्ययन से उनमें हुए क्रांतिकारी परिवर्तनों का पता चलता है। इस काल तक व्यंजन ध्वनियों में बहुत परिवर्तन हो गये थे। शब्द और धातुरूपों में सरलीकरण की प्रक्रिया चल रही थी। कारक और क्रिया का संबंध प्रकट करने के लिए संज्ञा शब्द के साथ 'कारकाव्यय' एवं 'कृदन्त' रूपों के प्रयोग की प्रवृत्ति भी चल पड़ी थी। इस विकास के कुछ अद्भुत परिणाम देखने में आये। अब "रामाय दत्तम्" न कह कर "रामाए-कए (कृते) दत्तम्" अथवा "रामस्स केरक (कार्यक) घरम" कहा जाने लगा। ये ही कारकाव्यय आगे चल कर आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं में अनुसर्ग या परसर्ग के रूप में विकसित हुए। इस प्रकार भारतीय आर्यभाषा संश्लेषणात्मक से विश्लेषणात्मक होने लगी। मध्यकाल के द्वितीय पर्व तक आते-आते प्राचीन भारतीय आर्यभाषा के शब्द और धातुरूपों की विविधता समाप्त हो गई।

प्राकृतों के विकास क्रम में समय पाकर वैयाकरणों ने साहित्यिक प्राकृतों के व्याकरण लिखने आरंभ किए। व्याकरण के नियमों में बंध जाने के कारण प्राकृतों का स्वाभाविक विकास रुक गया। इनकी भी वही अवस्था हुई, जो संस्कृत की हुई थी। इधर तो साहित्यिक प्राकृतों में साहित्य रचा जा रहा था और उधर जन-सामान्य की बोलचाल की भाषाएँ स्वाभाविक रूप से विकसित हो रही थीं। साहित्यिक प्राकृतों के विकास के रुक जाने के बाद ये बोलचाल की भाषाएँ और भी आगे बढ़ीं। इनकी ही संज्ञा "अपभ्रंश" हुई।

"अपभ्रंश" मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषा और आधुनिक भा० आर्यभाषाओं के मध्य की कड़ी है। प्रत्येक "आधुनिक आर्यभाषा" अपभ्रंश की कड़ी पार करने के पश्चात् ही वर्त्तमान अवस्था तक पहुँची है।

अपभ्रंशकालीन साहित्य के आधार पर विद्वान् इस निष्कर्ष पर पहुँचे हैं कि ईसा की छठी शती में ही अपभ्रंश का प्रारंभ हो गया था। उस समय से ही अपभ्रंश में रचनाएँ उपलब्ध होने लगी थीं और तत्पश्चात् १२ वीं शताब्दी तक वे सर्जित होती रहीं। पर १२ वीं शती के अन्त तक यह 'अपभ्रंश' लोकभाषा न रह कर "साहित्यिक-भाषा" हो गई। लोकभाषा का स्थान देशी भाषा ने ले लिया था।

'अपभ्रंश' का जो साहित्य मिलता है, उसमें भाषागतभेद बहुत कम हैं। यह समस्त साहित्य एक ही परिनिष्ठित भाषा का है। परन्तु वैयाकरणों और विशेषतया

मगही का उद्भव और विकास

मगही भाषा का विकास मागधी प्राकृत से हुआ। प्राकृतों में मागधी प्राकृत का विशिष्ट स्थान है, क्योंकि प्राच्य प्रदेश की अनेक भाषाओं की यही जननी है। मागधी मगध जनपद की भाषा थी। यह मूलतः उन आर्यों की भाषा थी, जिन्हें डॉ० हार्नली और डॉ० ग्रियर्सन ने बाहरी आर्यों के नाम से अभिहित किया है। मगध इन आर्यों का केन्द्रस्थल था। बुद्ध का प्रमणक्षेत्र काशी, कोशल विदेह और मगध में फैला था। यहाँ मागधी ही लोक-व्यवहार की भाषा थी। विद्वानों का अनुमान है कि बुद्ध ने अपने उपदेश मागधी में ही दिए होंगे, जिनका संग्रह बाद में मागधी में ही मूल त्रिपिटक में हुआ होगा। (बाद में इनका अनुवाद पालि तथा अन्य जनपदों की भाषा में हुआ होगा।[1])

ईसा पूर्व चौथी शताब्दी में ही मगही का क्षेत्र सरयू से कोसी तथा कर्म नाशा से कलिंग तक था।[2] बौद्ध तथा जैनमत के प्रचार की सर्वमान्य स्वीकृत भाषा होने के अतिरिक्त यह पूर्वी (मागधी) बोली सम्राट् अशोक की राजभाषा भी थी।[3] राज-भाषा होने के कारण मागधी समस्त उत्तर-भारत में सम्मानित हुई। इसी प्राप्त सम्मान का परिणाम था कि नाटककारों ने राजपुत्रों और अन्य महत्त्वपूर्ण पात्रों की भाषा को मागधी रखना शुरू किया।

मागधी के प्राचीनतम नमूने उड़ीसा बिहार और उत्तर प्रदेश में प्राप्त सम्राट् अशोक के शिलालेखों में मिलते हैं। उपर्युक्त प्रदेशों के शिलालेखों के अतिरिक्त उत्तर पश्चिम में प्राप्त मानसेरा शिलालेख देखा जा सकता है। इसमें भी प्राच्य प्रभाव वर्तमान है। प्राच्य भाषा के इस प्रभाव का कारण विद्वान् यह मानते हैं कि अशोक के ये अभिलेख पहले प्राच्य भाषा में ही लिखे गये होंगे और तब विभिन्न जनपदों में वहाँ की स्थानीय बोलियों में उनका रूपान्तर हुआ होगा। ऐसा स्वाभाविक भी था। अशोक मगध सम्राट् था। मगध की भाषा ही उसकी मातृभाषा थी। उसीमें उसका अपने धर्मोपदेशों का सर्वप्रथम लिखवाना स्वाभाविक था। परन्तु उसका उद्देश्य धर्मप्रचार था। परिणामतः यह मागधी में लिखवाये गये अपने धार्मिक उपदेशों को स्थानीय भाषाओं में

---

१ इस विषय में डॉ० सुनीतिकुमार चटर्जी का कहना है—"बुद्ध भगवान के उपदेशों का प्रवचन सर्वप्रथम इसी पूर्वी बोली (मागधी) में होकर बाद में उनका अनुवाद पालि भाषा में जो कि मध्यदेश की प्राचीन भाषा पर आधारित एक प्राचीन भाषा थी, हुआ। इस मत की पुष्टि करते हुए पारिस के स्वर्गीय सिल्वें लेवी (Sylvain Levi) तथा बर्लिन के प्राध्यापक हाइनरिख ल्यूडर्स (Heinrich Lueders) जैसे ख्यातिप्राप्त विद्वानों ने इसकी सत्यता के महत्त्वपूर्ण उदाहरण एवं प्रमाण दिए हैं।"

—भारतीय आर्यभाषा और हिन्दी, पृ० १७४ । ८ ।

२ राहुल सांकृत्यायन—पुरातत्त्व निबन्धावली: मागधी का विकास। पृ० १८८।

३ डा० सु० चटर्जी—भारतीय आर्यभाषा और हिन्दी। पृ० १७४।

रूपान्तरित करवा देता था, जिससे जनसाधारण अपनी ही भाषा में धर्मोपदेश ग्रहण कर सकें।

ईसा की पहली शताब्दी तक की मागधी प्राकृत का रूप रामगढ पहाड़ की गुफाओं (सरगुजाराज्य) और बोध गया आदि के प्रकीर्ण लेखों मे उपलब्ध होता है। ईसा की दूसरी शताब्दी से छठी शताब्दी तक की मागधी प्राकृत का रूप यत्र-तत्र संस्कृत नाटकों में उपलब्ध होता है।

ईसा की दूसरी शताब्दी से छठी शताब्दी तक की साहित्यिक प्राकृतों के अध्ययन से उनमें हुए क्रांतिकारी परिवर्तनों का पता चलता है। इस काल तक व्यंजन ध्वनियों में बहुत परिवर्तन हो गये थे। शब्द और धातुरूपों में सरलीकरण की प्रक्रिया चल रही थी। कारक और क्रिया का संबंध प्रकट करने के लिए संज्ञा शब्द के साथ 'कारकाव्यय' एवं 'कृदन्त' रूपों के प्रयोग की प्रवृत्ति भी चल पड़ी थी। इस विकास के कुछ अद्भुत परिणाम देखने में आये। अब "रामाय दत्तम्" न कह कर "रामाए-कए (कृते) दत्तम्" अथवा "रामस्स केरक (कार्यक) धरम" कहा जाने लगा। ये ही कारकाव्यय आगे चल कर आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं में अनुसर्ग या परसर्ग के रूप में विकसित हुए। इस प्रकार भारतीय आर्यभाषा संश्लेषणात्मक से विश्लेषणात्मक होने लगी। मध्यकाल के द्वितीय पर्व तक आते-आते प्राचीन भारतीय आर्यभाषा के शब्द और धातुरूपों की विविधता समाप्त हो गई।

प्राकृतों के विकास क्रम में समय पाकर वैयाकरणों ने साहित्यिक प्राकृतों के व्याकरण लिखने आरंभ किए। व्याकरण के नियमों में बंध जाने के कारण प्राकृतों का स्वाभाविक विकास रुक गया। इनकी भी वही अवस्था हुई, जो संस्कृत की हुई थी। इधर तो साहित्यिक प्राकृतों मे साहित्य रचा जा रहा था और उधर जन-सामान्य की बोलचाल की भाषाएँ स्वाभाविक रूप से विकसित हो रही थीं। साहित्यिक प्राकृतों के विकास के रुक जाने के बाद ये बोलचाल की भाषाएँ और भी आगे बढ़ीं। इनकी ही संज्ञा "अपभ्रंश" हुई।

"अपभ्रंश" मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषा और आधुनिक भा० आर्यभाषाओं के मध्य की कड़ी है। प्रत्येक "आधुनिक आर्यभाषा" अपभ्रंश की कड़ी पार करने के पश्चात् ही वर्त्तमान अवस्था तक पहुँची है।

अपभ्रंशकालीन साहित्य के आधार पर विद्वान् इस निष्कर्ष पर पहुँचे हैं कि ईसा की छठी शती में ही अपभ्रंश का प्रारंभ हो गया था। उस समय से ही अपभ्रंश में रचनाएँ उपलब्ध होने लगी थीं और तत्पश्चात् १२ वीं शताब्दी तक वे सर्जित होती रहीं। पर १२ वीं शती के अन्त तक यह 'अपभ्रंश' लोकभाषा न रह कर "साहित्यिक-भाषा" हो गई। लोकभाषा का स्थान देशी भाषा ने ले लिया था।

'अपभ्रंश' का जो साहित्य मिलता है, उसमें भाषागतभेद बहुत कम हैं। यह समस्त साहित्य एक ही परिनिष्ठित भाषा का है। परन्तु वैयाकरणों और विशेषतया

उत्तरकालीन वैयाकरणों ने अपभ्रंश के, देश भेद से अनेक भेद बताए हैं।[1] डा तगारे[2] ने अपभ्रंश के तीन भेद बताये हैं—दक्षिणी, पश्चिमी और पूर्वी।

यह 'पूर्वी' अथवा 'मागधी' अपभ्रंश "मागधी प्राकृत' का ही विकसित रूप है। इस मान्यता के आधार 'सरह' और 'कण्ह' के "दोहाकोष" हैं। संक्षेप में पूर्वी अपभ्रंश की निम्नांकित विशेषताओं का उल्लेख किया जाता है। ये विशेषताएँ उनके दोहाकोषों में वर्तमान हैं। यथा—

१ कुछ संस्कृत ध्वनियों का पूर्वी अपभ्रंश में परिवर्तन इस प्रकार होता है—

(क) क्ष>ख, क्ख। यथा—क्षण>खण। अक्षर>अक्खर।

(ख) त्थ>तु त। यथा—स्तम्>तुहुँ। तस्व>तत्त।

(ग) द्व>दु। यथा—द्वार>दुआर।

(घ) व>व। यथा—पद्म>पद्म। भेद>भेअ।

२ संस्कृत का 'श' इसमें सुरक्षित रहता है।

३ लिंग-भेदों का विचार इसमें लुप्तप्राय हो गया है। नपुंसक-लिंग तो पूर्णतः अप्रचलित हो गया है। स्त्रीलिंग के रूप भी बहुत कम हो गये हैं। पुल्लिंग रूपों की प्रधानता हो गई है।

४ इसमें विभक्ति-रहित शब्दपदों की प्रधानता मिलती है। विभक्तियों के घिस जाने और लुप्त विभक्तिक पदों के कारण वाक्य में अस्पष्टता आने लगी है। इसको दूर करने के लिए परसर्गों के प्रयोग करने की प्रवृत्ति इसमें अन्य अपभ्रंशों से अधिक दिखाई पड़ने लगी है।

५ अन्य अपभ्रंशों की तरह 'पूर्वकालिक' और 'क्रियार्थक' संज्ञा के प्रत्ययों में मिश्रण नहीं हुआ है। पूर्वकालिक प्रत्यय—"इ" का प्रयोग इसमें क्रियार्थक संज्ञा के लिए भी हुआ है। यथा—करइ=(क) करि (ख) करना।

६ प्राचीन उपसर्गों एवं प्रत्ययों को हटा कर नये उपसर्गों एवं प्रत्ययों के प्रयोग की प्रवृत्ति इसमें सर्वाधिक दिखाई पड़ती है।

७. इसमें "तिङन्त रूपों" के प्रयोग की प्रवृत्ति कम होने लगी है एवं कृदन्तज रूपों के प्रयोग प्रधान पाने लगे हैं। इससे काल-रचना की जटिलता और दुरूहता दूर हो गई है।

८. इसने तत्सम शब्दों के स्थान पर तद्भव और देशज शब्दों को खूब अपनाया। इससे यह प्राकृत से बहुत भिन्न दीख पड़ने लगी है।

---

१ डा उदय नारायण तिवारी। हिन्दी भाषा का उद्गम और विकास। पृ १२१
Historical Grammar of Apbhransh P 66

२ यह पूर्वी अपभ्रंश ही, जिसकी उपर्युक्त विशेषताएँ बतलायी गई, मगही की जननी है। पूर्वी अपभ्रंश ही "मागधी अपभ्रंश" है।

भारतीय आर्यभाषाओं के विकास क्रम में मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषा काल के पश्चात् आधुनिक काल की देशी भाषाओं का समय आता है। डा० सुनीति कुमार चटर्जी ने इसकी संज्ञा "नव्य भारतीय आर्य-काल" (New Indo Aryan Period) दी है।[१] अन्य विद्वानों ने इसे 'आधुनिक भारतीय आर्यभाषा काल" कहा है।[२] इस काल में भारत की आधुनिक प्रादेशिक भाषाओं की गणना की गई है।

ये प्रादेशिक भाषाएँ स्व-सम्बद्ध प्रदेशों में प्रचलित अपभ्रंशों से ही विकसित हुई।[३] शौरसेनी अपभ्रंश से ब्रजभाषा, खड़ी बोली आदि भाषाएँ विकसित हुई। अर्द्ध-मागधी से पूर्वी हिन्दी का विकास हुआ। महाराष्ट्री अपभ्रंश से मराठी विकसित हुई। 'व्राचड' अपभ्रंश से सिन्धी का विकास हुआ।

"मागधी अपभ्रंश" से निम्नांकित आधुनिक भारतीय आर्यभाषाएँ विकसित हुईं—मगही, मैथिली, भोजपुरी, बंगाली, आसामी और उड़िया।[४]

मागधी अपभ्रंश से विकसित होने के कारण उसकी बहुत सारी विशेषताएँ "आधुनिक मगही" में सुरक्षित हैं। उदाहरणार्थ मागधी अपभ्रंश में संज्ञा शब्द के साथ विभक्ति जुड़ी रहती थी।[५] आधुनिक मगही में भी सविभक्तिक संज्ञापदों[६] का प्रचलन है।

परिनिष्ठित अपभ्रंश में निर्विभक्तिक पदों के व्यवहार का प्रचलन बहुत कम था। जैसे जैसे आधुनिक बोलियों का उदय होता चला गया, वैसे वैसे निर्विभक्तिक पदों के प्रयोग की प्रवृत्ति भी बढ़ती गई। सिद्धों की भाषा में इनका व्यवहार बहुत कम हुआ है, किन्तु आगे चल कर "उक्ति व्यक्ति", "वर्णरत्नाकर" एवं "कीर्तिलता" में निर्विभक्तिक पद-प्रयोगों का बाहुल्य मिलता है। इन ग्रंथों के प्रणयन काल में मगही में भी निर्विभक्तिक पद प्रयोग विकसित हो गये होंगे, ऐसा अनुमान किया जा सकता है। इस अनुमान का

---

१ डा० सुनीति कुमार चटर्जी भारतीय आर्यभाषा और हिन्दी — पृ० १०४

२ (क) डा० धीरेन्द्र वर्मा—हिन्दी भाषा का इतिहास भूमिका — पृ० ४८
(ख) डा० उदय नारायण तिवारी हिन्दी भाषा का उद्गम और विकास — पृ० १५७

३ डा० सु० कु० च०—भारतीय आर्यभाषा और हिन्दी — पृ० १०५

४ प्रान्तीय भाषाओं के विकास के बाद भी १३वीं— १४वीं शताब्दी तक अपभ्रंश के ग्रंथों की रचना होती रही। अपने विकास के पूर्वकाल में प्रान्तीय भाषाएँ भिन्न-भिन्न अपभ्रंशों से बहुत प्रभावित दिखाई पड़ती हैं। इसी प्रकार उत्तरकालीन अपभ्रंश भाषाएँ भी इन प्रान्तीय भाषाओं से पर्याप्त प्रभावित दिखाई पड़ती हैं।

५ (क) जत्त' वि पइसइ जलहि जलु तत्तइ समरस होइ। —सरह दोहाकोष
(ख) सायरु उप्परि तणु धरइ। —हेमचन्द्र
(ग) तबहु पिआज़ु पिआज़ु पढ। —कीर्तिलता

६ रामु अप्पन घरे हइ। —आधुनिक मगही

का[1] एव करणकारक के 'से' परसर्ग का [2] निकास अपभ्रंश से ही हुआ है।

मगही में मूलतः निम्नांकित सर्वनाम व्यवहृत होते हैं —हम, तूँ, अपने, इ, उ, जे, से, कोई, कोउ, कुछ, कौन, कउन, और का या कि।

इनमें 'हम' का अपभ्रंश 'आम्हे' (आम्हे>अम्हे>अम्ह>हम्ह>हम्म>हम) से [3], 'तूँ' का अपभ्रंश 'तूँ' (तुहुँ>तुँउ>तूँ) से [4], 'अपने' का अप्पण (अप्पण>अप्पन>आपन>अपना>अपने) से[5], 'ई' का 'ई' से[6], 'उ' का 'ओइ' से[7], 'जे' का 'जो' से', 'से' का 'सो' से,[8] कोई का 'कोवि' से[9], 'कोउ' का 'कोउ' से,[10]

---

१ (क) जनि एहि अलिगए लागि एक कृष्ण चतुर्भुज भए गेलाह। —वर्ण०
(ख) हमरा लागि तूँ बहुत कयलऽ। —आ० म०

२ (क) जइ पवसन्ते सहुँ न गय। —हेम०
(ख) दूजने सउँ सब काहु तूट। —उक्ति०
(ग) मृत्यु सओं कलकल करइतें अछ। —वर्ण०
(घ) ओ विनती पडितन्ह सों भजा। पद्मा०
(ङ) फूल से देओता के सिंगार कैल जाहे।

३ (क) भणइ लुइ आम्हे भाणे दिट्ठा। —लुईपा—चर्यापद
(ख) भणइ गुन्डरी अम्हे कुन्दुरे वीरा।—गुडरीपा —चर्यागीत
(ग) हम मन्दिल में पूजा करे जइला। —आधुनिक मगही

४ (क) मइँ भणिय तुहुं। —हेम०
(ख) तुँउ करमि। —उक्ति०
(ग) तूँ लो डोम्बी हाँउ कपाली। —कण्हपा-चर्यापद
(घ) तूँ हमरा किताव दे दऽ। —आ० म०

५ (क) अप्पन माँसे हरिणा वइरी। —भूसुकुपा— चर्यापद
(ख) अप्पन रूप निरेख ऽ। — आ० म०
(ग) अपने किताव पढ़थिन। —आ० म०

६ (क) ई णिच्चइ नाअर मन मोहइ। —कीर्तिलता
(ख) ई वगीचा के फूल सुन्दर हइ। —आ० म०

७ (क) वड्डा घर ओइ। —हेम०
(ख) उ महल बहुत पुरान हइ। —आ० म०

८ (क) जो एथु वुझइ सो एथु वीरा। —कुक्कुरीपा—चर्यापद
(ख) जे सेवा करी, से फल पाइ। —आ० म०

९ (क) गुरु-प्पसाएँ पुराण जइ, विरला जाणइ कोवि। —सरहपा-दोहाकोष
(ख) कोइ नहिं होइ विचारक। —कीर्ति०
(ग) कोई के मन के वात हम का जानीं। —आ० म०

१० (क) राजा जइ कोउ। —उक्ति०
(ख) कोउ कुच्छो कहइ, वकि वात हइ सच। —आ० म०

आधुनिक मगही का उदय

यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि मगही भाषा कब अपने वर्त्तमान रूप को प्राप्त कर सकी। वैसे मागधी-प्रसूत भाषाओं की प्राचीन सामग्रियों के अध्ययन से विद्वान् इस निष्कर्ष पर पहुँचे हैं कि पूर्ववर्ती मागधी अपभ्रंश के प्रत्येक स्थानीय रूपों— मगही, मैथिली, भोजपुरी, बंगला, उड़िया और आसामी ने ८वीं से ११वीं शती तक अल्पाधिक स्वतंत्र रूप से अपनी आवश्यकताओं की पूर्त्ति कर ली होगी। यद्यपि यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि किस शताब्दी में यह अलगाव सम्पन्न हुआ।[1]

यह ऐसा युग था, जिसमें समस्त आधुनिक भारतीय आर्यभाषाएँ अपनी आरंभिक स्थिति में थीं। इन भाषाओं की परस्पर भिन्नताएँ लक्षित हो रही थीं। भाषाओं की अपनी अपनी विशेषताएँ भी अपना स्वरूप गढ़ती जा रही थीं। पर अभी इन विशेषताओं की पूर्ण स्थापना नहीं हो पाई थी। यह ऐसा काल था, जब आधुनिक भारतीय आर्य भाषाएं पीछे मुड़कर मध्यकालीन भा० आर्यभाषाओं की ओर सहारे के लिए देख लिया करती थीं।

बारहवीं शती के अन्त तक अपभ्रंश का चरम विकास हो गया था। परिनिष्ठित अपभ्रंश में आधुनिक देशी भाषाओं के मिश्रण का आभास हेमचन्द्र के "प्राकृत व्याकरण" के रचना काल (११४२ ई०) से ही मिलने लगा था। हेमचन्द्र ने अपनी "देशीन ममाला" में अनेक ऐसे देशी शब्दों का संग्रह किया है, जो प्राकृत और अपभ्रंश साहित्य में व्यवहृत नहीं हुए हैं।

परवर्ती अपभ्रंश में स्थानीय विशेषताओं का खूब उभार दिखायी पड़ता है। स्थानीय भेदों की वृद्धि १३वीं शती तक जाते-जाते इतनी हो गई कि पूर्व और पश्चिम के प्रदेशों ने अपभ्रंश के ही सहारे अपनी-अपनी बोलियों के स्वतंत्र रूप प्रकट कर दिए।

१४वीं शताब्दी के आरंभ से ही गुजराती, मराठी, बंगला, आसामी, उड़िया, मैथिली आदि आ० भा० आर्यभाषाओं की स्वतंत्र सत्ता उनके साहित्यिक ग्रन्थों में दिखाई पड़ने लगती है। १४वीं शताब्दी की मैथिली का नमूना ज्योतिरीश्वर ठाकुर के "वर्णरत्नाकर" में मिलता है। "वर्णरत्नाकर" का रचनाकाल १४वीं शती का पूर्वार्द्ध है। विद्यापति का काल (१३६० ई० से १४४८ ई०)[2] १४वीं शताब्दी का उत्तरार्द्ध और १५वीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध पड़ता है। उन्होंने अपनी रचनाएँ "अवहट्ठ" और "विशुद्ध मैथिली" दोनों ही में की हैं। "कीर्तिलता" (१४वीं शताब्दी का उत्तरार्द्ध) की रचना "अवहट्ठ" में हुई है और पदों की रचना विशुद्ध मैथिली में। १४वीं शताब्दी की बंगला का नमूना "श्रीकृष्ण कीर्तन" में मिलता है। उड़िया का नमूना पुरी के अभिलेखों (१५वीं शता०) में उपलब्ध होता है। इन भाषाओं के तुलनात्मक अध्ययन से स्पष्ट

---

१ Orig. and Dev of Beng Lang, Introduction (53) Page 96–97

२ Dr Jaykant Mishra, Maithili literature पृ०१३६–१४५

पता चलता है कि ये एक दूसरे से बहुत भिन्न हो चुकी हैं और विकास की लगभग उस स्थिति तक पहुँच गई हैं, जहाँ ये वर्तमान समय में हैं।[१]

भारतीय आर्यभाषाओं में घटित होने वाला यह क्षेत्रीय भेद प्राकृत काल के क्षेत्रीय भेद से निश्चय ही भिन्न प्रतीत होता है। वैयाकरणों द्वारा निरूपित महाराष्ट्री, शौरसेनी मागधी, पैशाची आदि प्राकृतों में मुख्य भेद उच्चारण-सम्बन्धी ही है। व्याकरण भेद नाममात्र के लिए ही है। लेकिन यही बात बंगला, उड़िया, आसामी, मगही, मैथिली, राजस्थानी खड़ी बोली आदि के विषय में नहीं कही जा सकती। इन भाषाओं में परस्पर ध्वनि-रूप और व्याकरण-सम्बन्धी भिन्नताएँ पूर्णरूप में वर्तमान हैं।

जिस काल में (१४वीं शताब्दी) मगही की भगिनी भाषाएँ अपने साहित्य-कोष को समृद्ध और अभिवृद्ध कर रही थीं उस काल में मगध साम्राज्य अनेक बाह्य और आन्तरिक कारणों से छिन्न भिन्न हो चुका था। उसकी प्राचीन गरिमा, बौद्धिक और साहित्यिक परम्पराएँ विनष्ट हो चुकी थीं। विद्वान् पुरुष मारे जा चुके थे और जो बचे थे वे नेपाल में अपने साथ ले जा सकने वाली पाण्डुलिपियों (Manuscript) के साथ भाग चुके थे। इस कारण उस काल का मगही-साहित्य अनुपलब्ध है।[२] परन्तु अन्य पूर्वी बोलियों से मगही का जो सादृश्य है उसके आधार पर यह अवश्य ही अनुमेय है कि समानान्तर रूप से १४–१५वीं शताब्दी तक मगही में भाषा-तत्त्व-सम्बन्धी वे समस्त विशेषताएँ आ गई होंगी जो आधुनिक मगही में वर्तमान हैं। इस प्रकार आधुनिक मगही के उदय का भी यही काल ठहरता है, जो उपर्युक्त अन्य भारतीय आर्यभाषाओं का है।

मगही का नामकरण

ध्वनियों शब्दरूपों एवं धातु रूपों में प्रविष्ट परिवर्तनों ने प्राचीन भारतीय आर्य भाषाओं को आधुनिक आर्यभाषाओं का रूप दे दिया। ध्वनिविकार का ही परिणाम हुआ कि "मागधी" का नाम-रूप परिवर्तित होकर 'मगही' हो गया।

संस्कृत के अनुकरण पर अपभ्रंश में लोप आगम और विकारादि का विधान होता था। इसी के नियमानुसार मा>म में परिवर्तित हो गया। 'ग' ध्वनि सुरक्षित रह गई। वर्ण विकार के कारण 'ध' ध्वनि 'ह' में परिवर्तित हो गई। 'ध' का 'ह' में परिवर्तन कदाचित् प्राकृत काल से ही होने लगा था। अपभ्रंश काल में तो आरंभ से ही ऐसे वर्णविकार मिलते हैं।[३] 'ध' का 'ह' में परिवर्तन सरहपा के पदों में भी मिलता है।[४] अपभ्रंशकाल के पुष्पदन्त कवि

---

१. Orig and Dev of Beng Lang, Introduction (53) Page 96 97 –

२. Orig & Dev of Beng Lang. Page 100-103

३ यथा—(सं) लाभ>(अप) लाह। (सं) विविध>(अप) विविह।

४ यथा—(क) जिम जाण तर वेण पि साहिउ (साधेउ)।
(ख) जिम मण कम्मे सोहिअ (शोधित) अम्ह।
सरह : दोहाकोश

(६५६–६७२ ई०) ने 'मगध' के लिए 'मगह' पद का ही प्रयोग किया है।[1] 'ध' के साथ 'ई' ध्वनि सुरक्षित रह गई। इस प्रकार मागधी>मगही हो गई।

उद्भव की दृष्टि से मगही, मैथिली, भोजपुरी, आसामी, उड़िया और बंगला भाषाएँ, मागधी प्राकृत और मागधी अपभ्रंश से समान रूप से सम्बद्ध हैं। परन्तु उत्तराधिकार के रूप में केवल मगही को ही अपनी जननी का नाम किंचित् ध्वनि परिवर्तनों के साथ प्राप्त हुआ है।

मगही के अध्ययन की प्राचीन सामग्रियाँ

पूर्वी भारत में "मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषा" के अध्ययन की जो सामग्रियाँ उपलब्ध होती हैं, वे ही मगही के अध्ययन की भी हैं। ये निम्नांकित हैं :—

(क) वेदों, ब्राह्मणों एवं अन्य प्राचीन संस्कृत ग्रन्थों में वर्त्तमान छिटपुट शब्द और रूप, जो ध्वनि-विज्ञान की दृष्टि से प्राच्य माने जा सकते हैं। यथा—ऋग्वेद के दशम—मंडल की भाषा अन्य मंडलों की भाषा से कुछ बातों में भिन्न हैं। यथा—यहाँ 'र' के स्थान पर 'ल' का प्रयोग प्राच्य भाषाओं की विभेदक विशेषता है।

(ख) पूर्वी क्षेत्रों में पाये जाने वाले प्राचीनतम अभिलेख। उदाहरणार्थ—अशोक के तथा अन्य ब्राह्मी अभिलेख।

(ग) "पालि त्रिपिटक" में वर्त्तमान मागधी के अनेक शब्द और ध्वनि-रूप। यथा—

भिक्खवे, सुवे, पुरिसकारे आदि।

(घ) ईसा की पहली शताब्दी के बौद्ध नाटकों में प्राप्त प्राचीनतम अर्द्धमागधी और मागधी के नमूने।

(ङ) संस्कृत नाटकों में उपलब्ध मागधी प्राकृत की विभाषाएँ। यथा—"शाकारी," "चाण्डाली" आदि के अवतरण। इस सम्बन्ध में "मृच्छकटिकम्" एवं "अभिज्ञान शाकुन्तलम्" उल्लेख्य हैं।

(च) वररुचि (५वीं शताब्दी) से लेकर मार्कण्डेय (१७वीं शताब्दी) तक के प्राकृत वैयाकरणों की रचनाओं के वे स्थल, जहाँ वे पूर्वी बोलियों (मागधी प्रसूत भाषाओं) का विवेचन करते हैं।

(छ) वस्तुओं, स्थानों और मनुष्यों के प्राचीनतम देशी नाम, जो प्रारंभिक विवरण पुस्तिकाओं में उपलब्ध होते हैं।

मगही 'बोली' या 'भाषा'

मगही पर कुछ आगे कहने के पूर्व इसका स्पष्टीकरण हो जाना आवश्यक है कि मगही 'बोली' है या 'भाषा' ? भाषा विज्ञान के विद्वानों के मतानुसार 'भाषा' उसे कहते

१. तहिं मगह-देसु सुपसिद्ध अत्थि।
—णायकुमार—चरिउ।

है, जिसके द्वारा मनुष्य-समाज के सदस्य परस्पर भावों और विचारों का आदान-प्रदान लिख कर या बोल कर करते हैं। इस दृष्टि से विचार करने पर मगही भाषा ही सिद्ध होती है, कारण मनुष्य समाज का एक विशिष्ट भाग इसके माध्यम से अपने भावों एवं विचारों का आदान प्रदान लिख कर या बोल कर करता है।

जहाँ तक 'हिन्दी' के साथ 'मगही' के संबंध का प्रश्न है, व्यापक स्तर पर 'हिन्दी' वह 'भाषा' है, जिसकी विभाषा के रूप में मैथिली, भोजपुरी आदि के समान मगही भी मान्य है। विभाषा मान्य होने से 'मगही' 'बोली' नहीं मान ली जा सकती, कारण 'बोली' घर की बोलचाल तक ही सीमित होती है जब कि मगही घर की बोलचाल तक ही सीमित नहीं है। इसका क्षेत्र पर्याप्त विस्तृत है। इसके बोलने वालों की संख्या काफी बड़ी है और सभ्य सम्मेलनों में विचारों के आदान प्रदान के सांस्कृतिक माध्यम का कार्य भी यह सफलता के साथ कर रही है।

हिन्दी के साथ इसके संबंध को यों समझा जा सकता है। पहाड़ और पहाड़ी के सारभूत तत्त्व एक ही होते हैं पर क्षेत्र-विस्तार एवं स्थिति की भिन्नता के कारण उनका नाम पहाड़—पहाड़ी पुकारा जाता है। इसी प्रकार मगही में 'भाषा' कहलाने के आधारभूत सभी तत्त्व विद्यमान हैं, पर क्षेत्रविस्तार एवं स्थिति के अनुसार यह हिन्दी की विभाषा मान्य होती है।

क्षेत्र विस्तार, तद्भाषी जन-समुदाय अभिव्यक्ति क्षमता, समृद्ध लोक-साहित्य, सांस्कृतिक साहित्य, सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का सामर्थ्य व्याकरणिक संगठन, उच्चारण पद्धति साहित्यिक अभिव्यक्ति की सुगमता एवं अपनी लिपि—इन सभी दृष्टियों से मगही के 'भाषात्व' में किसी को संदेह नहीं हो सकता।

मगही का स्वतंत्र भाषात्व

इससे सम्बद्ध एक दूसरा प्रश्न मगही के स्वतंत्र भाषात्व का है। एक ही मागधी प्राकृत से प्रसूत होने के कारण "बिहारी (मगही, मैथिली और भोजपुरी) में पर्याप्त आन्तरिक साम्य मिलता है। इन तीनों में व्याकरण वाक्य-संगठन एवं शब्द प्रयोग-संबंधी बहुत कुछ समानताएँ प्राप्त हैं।

पर 'बिहारी' में प्राप्त इन आन्तरिक समानताओं की भिन्न व्याख्या कर कतिपय मैथिली-विद्वानों ने 'मगही' के स्वतंत्र अस्तित्व को ही अस्वीकृत कर देना चाहा है। ऐसे विद्वानों में सर्वश्री जयकान्त मिश्र[1] डॉ सुभद्र झा[2] एवं श्री कृष्णकान्त मिश्र[3] के नाम सादर उल्लेख्य हैं। उनके विचारों का सारांश निम्नांकित है :—

१ बिहार की तीनों बोलियों—मगही, मैथिली और भोजपुरी—को एक ही बिहारी वर्ग में रखना उचित नहीं है।

1 A History of Maithili literature, Vol. I, P 57-59

2 The Formation of the Maithili Language: Introduction.

३ मैथिली साहित्यक इतिहास।

२. भोजपुरी हिन्दी के अधिक निकट है। मैथिली, मगही एवं भोजपुरी के बीच गहरी विषमताएँ वर्त्तमान हैं।

३. मगही का स्वतन्त्र अस्तित्व अमान्य है। वह मैथिली की उपबोली है।

अपने विचारों के समर्थन के लिए इन विद्वानों ने डॉ० ग्रियर्सन का आश्रय लिया है। डॉ० ग्रियर्सन[1] ने भाषा और जातीय दृष्टि से "बिहारी" की तीन बोलियों—मैथिली, मगही और भोजपुरी—का दो वर्गों में विभाजन किया है :—

पूर्वी वर्ग—मगही, मैथिली एवं

पश्चिमी वर्ग—भोजपुरी।

इस प्रकार के वर्गीकरण के लिए उन्होंने आधारभूत निम्नांकित तर्क दिये हैं —

१. उच्चारण—मैथिली और (कुछ ही अंश कम) मगही का उच्चारण वर्तुलाकार है। भोजपुरी का उच्चारण वर्तुलाकार नहीं है।

२. संज्ञा—संज्ञा के रूपों में, भोजपुरी में संबंध कारक का एक तिर्यक रूप भी मिलता है। इसका अन्य दोनों बोलियों में अभाव है।

३. मध्यमपुरुष आदरवाचक सर्वनाम का वह रूप, जो दैनंदिन वाग्व्यवहार में आता है, मैथिली तथा मगही में "अपने" है, परन्तु 'भोजपुरी' में आदर वाचक सर्वनाम पद "रऊरे' है।

४. मैथिली में सहायक क्रिया 'है' के लिए 'छै' तथा 'अछि' रूप आता है। मगही में 'है' का परिवर्तित रूप 'हइ' है। परन्तु भोजपुरी में इसके रूप 'बाटे', 'बाड़े' या 'होवे' होते हैं।

५. आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं की भाँति ही इन तीनों बोलियों में भी वर्त्तमान काल बनाने के लिए सहायक क्रिया में वर्त्तमानकालिक कृदन्त का रूप संयुक्त करना पड़ता है। यथा—

मैथिली—देखैत अछ।

मगही—देखइत है या हइ।

भोजपुरी—देखत बाटे।

६. मैथिली और मगही के क्रियापदों की रूप-रचना की पद्धति बड़ी जटिल है, पर भोजपुरी की क्रियाओं के रूप बंगला और हिन्दी की तरह बिल्कुल सरल हैं।

७ व्याकरण रचना की दृष्टि से भी मैथिली और मगही में बहुत साम्य है।

८. मैथिली और मगही ऐसी जातियों की बोलियाँ हैं, जो रूढ़िवादिता की चरम सीमा पर पहुँच चुकी हैं।

९ मगही और मैथिली भाषाओं के बोलने वाले परस्पर बहुत सम्बद्ध हैं। भोजपुरी बोलने वालों से इन दोनों की पर्याप्त भिन्नता देखी जाती है।

---

1 Linguistic Survey of India Vol. V Part II

१० भोजपुरी, मगही और मैथिली बोलने वालों में जातीय भिन्नताएँ स्पष्ट हैं। लेकिन मैथिली और मगही और इनके बोलने वाले लोगों में भोजपुरी की तुलना में पारस्परिक साम्य बहुत अधिक है।

उपर्युक्त तर्कों के आधार पर मगही-मैथिली के साम्य को सिद्ध करते हुए डॉ॰ ग्रियर्सन ने मगही के सम्बन्ध में निम्नांकित निष्कर्ष दिया है :—

"मगही को एक स्वतंत्र बोली मानने की अपेक्षा आसानी से मैथिली की एक उपबोली के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है।"[1]

डॉ॰ ग्रियर्सन के उपर्युक्त वक्तव्य से दो चीजें सामने आती हैं :—

(क) 'भोजपुरी' के स्वरूप में मगही-मैथिली से पर्याप्त भिन्नता है। इसलिए उसे दोनों से अलग पश्चिमी वर्ग में रखा जा सकता है।

(ख) मगही' का मैथिली की एक उपबोली के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है, जैसा कि उनके निष्कर्ष वाक्य से स्पष्ट है।

इनमें पहले का सटीक उत्तर डॉ॰ उदय नारायण तिवारी ने अपने शोध-प्रबन्ध "भोजपुरी भाषा और साहित्य"[2] में दिया है। जहाँ तक दूसरे निष्कर्ष का प्रश्न है, उसे आधार मान कर डॉ॰ जयकान्त मिश्र[3] एवं प्रो॰ श्री कृष्ण कान्त मिश्र[4] ने मगही को 'मैथिली' की एक उपबोली सिद्ध करने का प्रयास किया है।

डॉ॰ जयकान्त मिश्र एवं प्रो॰ श्री कृष्ण कान्त मिश्र के इस संबंध में दिए गये संपूर्ण तर्कों का सारांश निम्नांकित रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है :—

१ मगही-मैथिली के व्याकरण-रूपों में बहुत अधिक समानता दीखती है।

२ दोनों की जातीय परम्पराएँ बहुत कुछ समान हैं।

३ मगही-भाषी एवं मैथिली भाषी जनता अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण संबंध सूत्रों से संयुक्त है।

४ भोजपुरी के व्याकरण-रूपों से मैथिली-मगही के व्याकरण रूपों में पर्याप्त भिन्नता दीख पड़ती है।

---

१ Magahi indeed might very easily be classed as a Subdialect of Maithili rather than as a separate dialect."

—L. S. I. Vol. V Part II Page : 4

२ "बिहारी बोलियों की आन्तरिक एकता" शीर्षक निबंध।

३ A History of Maithili literature Vol. I.

४ मगही भाषा जो एक समय प्राचीन मगध साम्राज्य के केन्द्र स्थान में बोली जाती रही है।———बहुत कुछ भर रहते हुए भी भारतीय-आर्यभाषाओं के (विशेष कर मागधी के) इतिहास, मैथिली के साथ इसके व्याकरण साम्य एवं आधुनिक काल में इसके बोलने वालों के स्वतंत्र मूल नस्ल व स्वभाव को देख कर यही उचित मालूम होता है कि मगही भाषी लोगों को हिन्दी भाषी प्रान्त (भोजपुरी) के साथ मिलाने की अपेक्षा मैथिली भाषा भाषी के संग मिलाने में अधिक सुविधा रहती है।"

—मैथिली साहित्यक इतिहास

५. मगही-मैथिली में जो थोड़ी बहुत व्याकरणगत विभिन्नताएँ मिलती हैं, वे विशेष महत्त्वपूर्ण नहीं हैं। कारण वे "सामान्य ध्वनि परिवर्तनों" का परिणाम मात्र हैं।

६. जहाँ तक इन ध्वन्यात्मक परिवर्तनों का प्रश्न है, इनके पीछे कोई विशिष्ट विभेदक कारण नहीं है, अपितु वह सहज प्रवृत्ति है, जो प्रायः अशिक्षित जन-समुदाय के मध्य पायी जाती है।

७. इस सभावना का आधार यह भी है कि मैथिली विद्वानों की भाषा रही है, जब कि मगही आरंभ से ही गर्हित, अशिक्षित एवं जंगली लोगों की।

८. वर्त्तमान में भी 'मगही' का अपना स्वतंत्र अस्तित्व नहीं दीखता है।

९. मगही-मैथिली में जो सामान्य विभिन्नताएँ प्राप्य हैं, उस स्तर की विभिन्नताएँ किसी भी भाषा एवं उसकी 'उपभाषा' के मध्य प्राप्य होती हैं।

१०. मिथिला के केन्द्र में जैसी परिशुद्ध मैथिली उच्च जाति के लोग बोलते हैं, वैसी शूद्रादि नीच जातियों के लोग नहीं। वैसे डा० ग्रियर्सन के अनुसार (मैथिली विद्वानों का यह मत है कि) मैथिली पंडित समाज के अधीन रही है, इसीसे परिशुद्ध है, किन्तु मगही जाति एवं उसकी भाषा प्रारंभ से ही गर्हित एवं उपेक्षितप्राय रही है। अतः दोनों (मगही-मैथिली) में जो अन्तर मिलते हैं, वे उपर्युक्त दृष्टिभेद एवं स्थिति-भेद के ही फलस्वरूप हैं और उक्त रहस्य के खुलते ही 'मगही' का आसानी से 'मैथिली' का एक प्रभेद मान लिया जा सकता है।

उपर्युक्त तर्कों का समाधान बड़ी ही सरलता से प्रस्तुत किया जा सकता है :—

१ व्याकरण रूपों की समानता न केवल मगही-मैथिली के बीच है, अपितु भोजपुरी के बीच भी वर्त्तमान है।[१] सच तो यह है कि मागधी प्रसूत सभी बोलियों में कुछ न कुछ व्याकरण साम्य है। डा० सुनीति कुमार चटर्जी का कथन है कि मागधी प्रसूत सभी भाषाओं की तुलना करने पर पता चलता है कि 'बंगाली' और 'आसामी' व्यवहारत एक ही भाषा है तथा 'उड़िया' भी बंगाली और आसामी से घनिष्ट रूप से सम्बद्ध है। इतना ही नहीं, मैथिली तथा बंगाली-आसामी-उड़िया में भी कुछ अंशों में सादृश्य है।[२] जहाँ तक मैथिली और बंगला के सम्बन्ध का प्रश्न है, इस पर उपर्युक्त सभी विद्वान सहमत हैं कि मैथिली और बंगला का परस्पर व्याकरणगत साम्य बहुत अधिक है। दोनों की लिपि में भी बड़ी समानता है। मैथिली और बंगला के मध्य बहुत अधिक साम्य का एक बड़ा प्रमाण यह भी है कि विद्यापति और गोविन्ददास मैथिली के कवि होते हुए भी बंगला के कवि के रूप में माने जाते रहे हैं। दोनों भाषा-भाषियों में इन दोनों कवियों को लेकर बहुत दिनों तक पर्याप्त खींचातानी भी चलती रही है।

तो क्या उपर्युक्त आधार पर ही हम बंगला को मैथिली या मैथिली को बंगला की 'उपभाषा' कह सकते हैं ? क्या उपर्युक्त अन्य भाषाएँ एक दूसरे की उपभाषाएँ कहला सकती हैं। वस्तुत मागधी-प्रसूत सभी भाषाओं में साम्य है। इस क्रम में हम जितना

१ "भोजपुरी भाषा और साहित्य". "बिहारी बोलियों की आन्तरिक एकता।"
२ Orig and Dev of Beng lang. Introduction P 91-92

ही पीछे (प्राचीनयुग) की ओर बढ़ते चले जायेंगे, सभी भारतीय आर्यभाषाओं में अधिकाधिक समानताएँ मिलती चली जायेंगी। भोजपुरी जिसे डॉ॰ ग्रियर्सन ने 'पश्चिमी वर्ग' में एवं डॉ॰ चटर्जी ने 'पश्चिमी मागधी' के अन्तर्गत रखा है, भी मागधी प्रसूत होने के कारण उच्चारण, संज्ञा क्रियापद आदि की दृष्टि से मैथिली और मगही से पर्याप्त साम्य रखती है। अतः इस प्रकार का साम्य कोई ऐसा आधार नहीं कि जिसके कारण मगही को मैथिली की 'उपबोली' मान लिया जाए।

२ जातीय परम्पराएँ न केवल मगही-मैथिली की, अपितु मागधी-प्राकृत प्रसूत सभी भाषाओं की बहुत दूर तक मिलती जुलती-सी हैं। शौरसेनी-प्रसूत हिन्दी से भी उपयुक्त भाषाओं की जातीय परम्पराएँ बहुत कुछ मिलती जुलती हैं। पर क्या इसी आधार पर उन सभी भाषाओं को इनमें से किसी एक भाषा की उपभाषाओं के रूप में स्वीकार किया जा सकता है?

३ मगही भाषी एवं मैथिली भाषी जनसमुदाय में अन्य दृष्टियों से जो अनेक महत्त्वपूर्ण संबंध-सूत्र प्राप्त होते हैं, उनका कारण दोनों की भौगोलिक स्थिति है। सामान्यतया गंगा के उस पार (उत्तर में) मैथिली-भाषी क्षेत्र पड़ता है और इस पार (दक्षिण में) मगही-भाषी क्षेत्र। पर यह कोई ऐसा आधार नहीं, जो दोनों भाषाओं के पृथक् अस्तित्व का विघातक हो।

४ इसका बड़ा ही सटीक उत्तर डॉ॰ उदय नारायण तिवारी ने "बिहारी बोलियों की आन्तरिक एकता' में दिया है।[1]

५ मैथिली और मगही में भी व्याकरणगत कतिपय स्पष्ट-भिन्नताएँ मिलती हैं जिनकी हम अवहेलना नहीं कर सकते। ये भिन्नताएँ महत्त्वपूर्ण इसलिए हैं कि इनके ही कारण मगही और मैथिली अलग अलग भूमि पर खड़ी होती हैं। आवश्यकता इस बात की है कि तटस्थ दृष्टि से इन विभिन्नताओं का तुलनात्मक अध्ययन[2] किया जाय।

६ मैथिली और मगही में सबसे बड़ी भिन्नता उनके ध्वन्यात्मक स्वरूपों में परिलक्षित होती है। एक मैथिली वक्ता के उच्चारण से ही झलक जाता है कि वह गंगा पार (उत्तर में) रहने वाला मैथिल है और मगही-वक्ता के उच्चारण से स्पष्ट ज्ञात होगा कि वह मगध का रहने वाला है। यह ठीक है कि सभी का मूल (Root) एक ही है तथापि प्रत्येक भाषा में जो अपनी क्षेत्रीय विशेषताएँ विकसित हो जाती हैं, उनकी हम अवहेलना नहीं कर सकते। जब तक ये विशेषताएँ किसी भाषा में जीवित हैं, तब तक उसके किसी अन्य भाषा की उपभाषा बनने का प्रश्न ही नहीं उठता। यही दृष्टिकोण मगही के स्वतंत्र एवं मान्य अस्तित्व का आधार भी है।

७ यह सम्भावना अपने आप में बड़ी दिलचस्प है। कारण जिस समय तक मगही, मैथिली आदि भाषाएँ अपने अपने पृथक् अस्तित्व में प्रकट हुईं, उनके शताब्दियों पूर्व ही मगध क्षेत्र बौद्ध धर्म एवं बौद्ध संस्कृति जैसी उत्कृष्ट एवं क्रांतिपूर्ण विचारधारा से आप्लावित

---

1 भोजपुरी भाषा और साहित्य। पृ॰ १७८।

2 प्रस्तुत पंक्तियों की लेखिका ने इन विभिन्नताओं का अध्ययन अपने शोध प्रबन्ध "मगही भाषा और साहित्य का अध्ययन" में किया है।

हो रहा था। फिर मैथिली, भोजपुरी एव मगही की जननी भी तो 'मागधी' ही थी, जो राजभाषा थी, साथ ही राष्ट्रभाषा थी। विद्वानों का अनुमान है कि मूल बौद्ध साहित्य "मागधी" में ही रहा होगा, फिर बाद में पालि में उसका अनुवाद हुआ होगा। उस मागधी की ज्येष्ट पुत्री 'मगही' ही है। इसे स्वय डॉ० जयकान्त मिश्र भी स्वीकार करते दीखते हैं।[1] मगही ने अपनी जननी की गरिमा सर्वाधिक पायी है। अत. इसके गर्हित और जंगली लोगों की भाषा होने का प्रश्न ही नहीं उठता।

८ वर्त्तमान समय में मगही के स्वतत्र अस्तित्व का अस्वीकरण अपनी अनभिज्ञता का ही परिचय देना होगा। महापंडित राहुल साकृत्यायन एव डॉ० कृष्णदेव उपाध्याय के सम्पादन में निकले "हिन्दी साहित्य का बृहत् इतिहास" भाग १६" के अवलोकन से यह भ्रान्त धारणा सहज ही निर्मूल हो जाती है।[2]

९. यह तर्क सारहीन है। उपर्युक्त विवेचन के आलोक में इसके उत्तर देने की अपेक्षा नहीं रह जाती।

१०. अंतिम तर्क-संदर्भ में प्रथम वक्तव्य का उत्तर ऊपर दिया जा चुका है। जहाँ तक डॉ० ग्रियर्सन के वक्तव्य एव उसके आधार पर निष्कर्ष निकालने का प्रश्न है, कतिपय तथ्य ध्यातव्य हैं—

(क) मैथिल विद्वान् डॉ० ग्रियर्सन द्वारा भोजपुरी को "बिहारी" वर्ग में सम्मिलित करना अप्रामाणिक एव अनौचित्यपूर्ण मानते हैं, पर स्वानुकूल वक्तव्य (कि 'मगही' को 'मैथिली' की उपभाषा मान लिया जा सकता है) को अपने अभीप्सित अधिकार का घोषणा पत्र, ऐसा क्यों? क्या प्रथम की तरह डॉ० ग्रियर्सन का यह वक्तव्य भी विचारणीय एव अन्ततः असगत नहीं माना जा सकता?

(ख) इस सभावना का पुष्ट आधार यह भी है कि उस समय डॉ० ग्रियर्सन को जो सूचनाएं प्राप्त हुई थीं, वे वैसा निष्कर्ष देने के लिए पर्याप्त नहीं थीं। मगही भाषा एवं साहित्य की दिशा में हुए नवीन अन्वेषणों से कम से कम वर्त्तमान में तो ऐसा ही प्रतीत होता है।

(ग) यदि मगही-मैथिली में किसी एक को शेष का प्रभेद मानने की आवश्यकता अनुभूत भी हो, तो मागधी प्राकृत से सीधा सबध रखने के कारण मगही को उपभाषा के रूप में स्वीकृत करने का प्रस्ताव औचित्यपूर्ण नहीं होगा।

मगही भाषा की सीमाएँ

'मगही' की उत्तरी सीमा पर गगा के उस पार तिरहुत में विभिन्न रूपों में मैथिली बोली जाती है। इसकी पश्चिमी सीमा पर शाहाबाद और पलामू में भोजपुरी बोली जाती

1 "Magahi is in a way the most direct remnant of the Ancient Magadhi Prakrit" —*A History of Maithili literature: Vol I, P. 58.*

२ देखिए "मगही लोक-साहित्य" वाला प्रकरण।

है। उत्तरपूर्वी सीमा पर मुंगेर भागलपुर और संथाल परगना में 'छिकाछिकी'[1] (अंगिका) बोली जाती है। दक्षिण-पूर्वी सीमा पर मानभूम[2] और पूर्वी सिंहभूम में बंगला बोली जाती है। मगही की दक्षिणी सीमा पर राँची में 'सदानी' भोजपुरी बोली जाती है।

मगही-भाषा-क्षेत्र

उपर्युक्त सीमाओं के अन्तर्गत आये हुए क्षेत्र में 'मगही' अपने विशुद्ध रूप में बोली जाती है। इसको 'आदर्श मगही' की संज्ञा दी गई है।

'आदर्श' का मानदंड

'आदर्श मगही' से तात्पर्य 'मगही के स्टैण्डर्ड (Standard) रूप से है। किसी भाषा का आदर्श स्वरूप उसकी विशुद्धता ही है। जब वह अन्य भाषाओं से मिल कर अथवा प्रभावित होकर विकृत हो जाती है, तब उसका निजी स्वरूप आदर्श' नहीं रह जाता। प्रश्न है, कहाँ की मगही आदर्श मानी जाय और कहाँ की नहीं ? इस सम्बन्ध में लेखिका ने पद्धति यह अपनायी है कि जो क्षेत्र मगही भाषियों के गढ़ से हैं एवं अन्य भाषा क्षेत्रों एवं भाषा भाषियों के प्रभाव से अलग रहे हैं, उन्हीं क्षेत्रों की मगही को आदर्श' माना जाए। 'आदर्श मगही-क्षेत्र' का निरूपण आगे किया गया है।

पूर्वी मगही

मगही का विस्तार "आदर्श मगही" के उपर्युक्त क्षेत्र की सीमाओं के बाहर भी है। परन्तु अन्य भाषाओं, जैसे 'बंगला' और 'उड़िया' के संपर्क में आने के कारण इन अतिरिक्त स्थानों में बोली जाने वाली आदर्श मगही के विशुद्ध स्वरूप में स्थानीय विशेषताएँ आ गई हैं। आदर्श मगही के इन किंचित् परिवर्तित रूपों को "पूर्वी मगही" की एक व्यापक संज्ञा दी गई है। पूर्वी मगही का कोई नैरन्तरिक (Continuous)[1] क्षेत्र नहीं है इसलिए इसकी सीमाओं का निर्धारण संभव नहीं है।

मिश्रित मगही

आदर्श मगही अपनी अन्य सीमाओं पर अन्य विविध-भगिनी भाषाओं—जैसे भोजपुरी मैथिली आदि से मिल कर अपने विशुद्ध रूप को खो बैठी है। मगही और इन भगिनी भाषाओं के मिश्रण के परिणाम स्वरूप कई एक सीमावर्ती बोलियाँ निकल आयी हैं, जिन्हें मिश्रित मगही की एक व्यापक संज्ञा दी जा सकती है।

---

१ 'छिकाछिकी' मैथिली दक्षिणी भागलपुर, उत्तरी संथाल परगना और गंगा के किनारे किनारे दक्षिणी मुंगेर में बोली जाती है। 'छिकाछिकी' मैथिली पर मगही का बहुत प्रभाव है। इसी कारण आदर्श मैथिली और इसमें बहुत अंतर है।

—डॉ उदय नारायण तिवारी भोजपुरी भाषा और साहित्य : पृ १ ३।

२ आधुनिक धनबाद और पुरुलिया जिले।

आदर्श मगही-क्षेत्र

आदर्श मगही क्षेत्र प्राचीन मगध प्रदेश[1] तक ही सीमित नहीं है। यह प्राचीन मगध-प्रदेश के अतिरिक्त दक्षिण की ओर गया जिले के शेषांश एवं हजारीबाग तक फैला है। पश्चिम में पलामू जिले के उत्तरपूर्व में भी जहाँ पलामू जिला की सीमा गया और हजारीबाग से मिलती है, "आदर्श मगही" ही बोली जाती है। पूर्व में गंगा के दक्षिण में स्थित मुंगेर के हिस्से के पश्चिमी भाग में और भागलपुर के दक्षिण-पश्चिम कोने के एक छोटे हिस्से में भी आदर्श मगही बोली जाती है।

'आदर्श मगही' राँची, सिंहभूम, सरायकेला और खारसवाँ के कुछ हिस्सों में भी बोली जाती है। यह राँची जिले के दक्षिण हिस्से तक फैलती चली गई है। यह राँची जिले के दक्षिणपूर्व स्थित सिंहभूम जिले के उत्तरी हिस्से सरायकलाँ एवं खारसवाँ में उड़िया के साथ-साथ बोली जाती है। सिंहभूम जिले के 'धालभूम' का इलाका भी इसका क्षेत्र है।

हजारीबाग और राँची जिले के पूर्व में स्थित मानभूम जिले के सदर सबडिवीजन में भी इसका विस्तार है। पुरुलिया (मानभूम) भी इसके क्षेत्र में पड़ता है। इस ओर 'आदर्श मगही' बंगला के साथ-साथ बोली जाती है।

गया के दक्षिण और दक्षिण पूर्व में पठार की ओर बढते हुए हजारीबाग जिला मिलता है। यहाँ भी गया की ही 'भाषा' बोली जाती है, जो मगही है। परन्तु इस जिले में जो मुंडा और द्रविड़ जातियों के लोग हैं, वे अपनी-अपनी भाषाएँ बोलते हैं। हजारीबाग के पश्चिम में पलामू जिला है। उसकी पूर्वी सीमा पर 'मगही' बोली जाती है।

दक्षिण में हजारीबाग जिला राँची जिले के छोटानागपुर पठार से निकलने वाली दमुदा और इसकी सहायक नदियों से विभाजित है। छोटानागपुर पठार के इस हिस्से की बोली मगही नहीं है, बल्कि भोजपुरी का एक रूप है। यद्यपि इस क्षेत्र के उत्तर में मगही उन लोगों के द्वारा बोली जाती है, जो हजारीबाग से आकर बसे हैं। सामान्यरूप से यह कहा जा सकता है कि छोटानागपुर के इन दो पठारों में उत्तर पठार या हजारीबाग पठार की भाषा मगही है तथा दक्षिण पठार या राँची पठार की भाषा भोजपुरी।

राँची की दक्षिणी सीमा से आदर्श मगही "पूर्वी मगही" के रूप में राँची के पठार के पूर्वी किनारे किनारे बंगला भाषा-भाषी मानभूम जिले के बीच से होकर गुजरती है। अन्त में यह पश्चिम की ओर मुड़ती है और उसी पठार के दक्षिणी किनारे के नीचे-नीचे उड़िया भाषी सिंहभूम जिले के उत्तर में फिर आदर्श मगही के रूप में प्रकट होती है।

पूर्वी मगही-क्षेत्र

पूर्वी मगही का कोई शृंखलित क्षेत्र-नहीं है। वैसे यह बोली हजारीबाग के दक्षिणपूर्व भाग, मानभूम, राँची जिले के दक्षिणपूर्व भाग, खारसवाँ और दक्षिण में

---

[1] प्राचीन मगध प्रदेश का विस्तार वर्त्तमान पटना जिला और गया जिला के उत्तरार्द्ध तक सीमित था।

मयूरभंज तथा बामरा तक बोली-जाती है। दूसरे भाषा-क्षेत्र में अवस्थित मालदा जिले के पश्चिम भाग में भी पूर्वी मगही बोली जाती है।

मगही भाषियों की जनसंख्या

मगही भाषी जन-समुदाय मगही क्षेत्रों के अतिरिक्त अमगही क्षेत्रों में भी बसा है। डॉ० ग्रियर्सन ने १९ १ की जनगणना के आधार पर मगही भाषियों के आँकड़े दिए हैं। वे आँकड़े निम्न हैं :—

मगही भाषी क्षेत्रों में मगही भाषियों की जनसंख्या	६२,३६,६६७
अन्य अमगही क्षेत्रों में	२,३१ ४८५
आसाम के निचले भागों में	६३, ६६५
कुल योग—	६६ ५४,८१७

अंतिम जनगणना सन् १९५१ में हुई थी। इसमें कुछ एक लाख मनुष्यों ने ही अपनी मातृभाषा के रूप में बिहारी बोलिया के नाम लिए, जिनमें 'मगही बोलने वालों की संख्या सिर्फ १०१८ दी गई है एवं करीब-करीब उन सब' लोगों ने जिनकी मातृभाषा भोजपुरी, मगही या मैथिली है अपने को हिन्दी भाषी घोषित किया। इसका यह अभिप्राय नहीं कि बिहार में अब बिहारी बोलियाँ लुप्तप्राय हो चुकी हैं। वास्तविकता यह है कि आज भी बिहार में जनसंख्या का अधिकतम भाग घरेलू बोली ही बोलता है। अत: १९ १ के मगही भाषियों के आँकड़ों के आधार पर १९५१ के आँकड़े जनगणना के आधार पर आनुमानिक रूप में दिए जाते हैं।

सन् १९ १ की जनगणना के अनुसार कुल बिहारी बोलने वालों की संख्या लगभग २१ , (भोजपुरी ६७ मैथिली—१, , , एवं मगही ६२,) थी। १९५१ की जनगणना के अनुसार बिहार में कुल हिन्दी बोलने वालों की संख्या लगभग १५ , (इसके अन्तर्गत हिन्दी बिहारी एवं उर्दू बोलने वालों की भी संख्या सम्मिलित है) है। इस तरह स्पष्ट है कि पचास वर्षों में बिहारी बोलने वालों (सन् १९५१ की गणना में बिहारी भाषा-भाषियों ने अपने को हिन्दी भाषा भाषी घोषित किया था। बिहार में मातृभाषा के रूप में हिन्दी भाषा बोलने वालों की संख्या बहुत कम है। यहाँ के उर्दू भाषी भी अपने घरों में प्रायः बिहारी बोलियों का ही प्रयोग करते हैं) की संख्या २१ , से बढ़ कर १५ हो गई। यदि यह मान लिया जाये कि यह वृद्धि जनसंख्या की आनुपातिक वृद्धि के कारण हुई है तो यह आँकड़ा निकलता है कि मगही क्षेत्रों में मगही बोलने वालों की संख्या ६१ से बढ़ कर १९५१ में करीब ९४ ६५, हो गई होगी। इसी हिसाब से कुल मगही बोलने वालों की संख्या करीब ६५, से बढ़ कर १९५१ में ९८,९ , हो गई होगी।

यदि उपर्युक्त गणना को सही माना जाए, तो बिहार की कुल जनसंख्या में मगही बोलने वालों की सख्या २३·४ प्रतिशत[1], मगही क्षेत्र में कुल हिन्दी बोलने वालों में मगही-बोलने वालों की सख्या ६५.२ प्रतिशत और मगही क्षेत्र में कुल जनसख्या में मगही बोलने वालों की सख्या ५१.२ प्रतिशत होती है।

ऊपर की सारी गणनाएँ सन् १९५१ की जनगणना पर आधारित हैं। सन् १९०१ की जनगणना के अनुसार कुल बिहारी बोलने वालों में मगही बोलने वालों की सख्या २७.१ प्रतिशत होती है। सन् १९५१ की आनुमानिक गणना से यह सख्या २३.४ प्रतिशत आती है। इससे ऊपर की गणना को ठोस आधार मिलता है।

विविध क्षेत्रों की मगही के रूप और उनका वर्गीकरण

विविध क्षेत्रों में बोली जाने वाली आदर्श मगही के रूपों में बहुत समानताएँ हैं। यद्यपि कहीं कहीं व्याकरण रूपों की भिन्नताएँ[2] भी मिलती हैं, तथापि वे इतनी व्यापक एव महत्त्वपूर्ण नहीं हैं कि उनके आधार पर आदर्श मगही को भिन्न भिन्न वर्गों मे विभक्त किया जाये। भाषा के सम्बन्ध में एक कहावत प्रचलित है —

तीन कोस पर पानी बदले, सात कोस पर बानी।

अर्थात् तीन कोस पर जलवायु में परिवर्तन हो जाता है और सात कोस पर भाषा में। इससे एक ही भाषा-क्षेत्र में कुछ-कुछ दूरी पर कई स्थानीय विशेषताएँ परिलक्षित होने लगती हैं। ये विशेषताएँ उच्चारण संबंधी, शब्द-समूह सबधी अथवा व्याकरण-संबधी हो सकती हैं। यथा—पटना जिले के देहातों और पटना नगर की भाषा में ही

---

१ हिन्दी साहित्य का बृहत् इतिहास भाग-१६ पृ० ३६-८१।

२ मगही भाषा और साहित्य के मर्मज्ञ विद्वान स्वर्गीय श्री कृष्णदेव प्रसाद ने लेखिका से वार्त्ताक्रम में मगही के निम्नाकित भेदों की ओर सकेत किया था —

(क) आदर्श मगही—यह गया जिले में बोली जाती है।

(ख) शुद्ध मगही—यह राजगृह से लेकर बिहारशरीफ के उत्तर चार कोस बयना स्टेशन तक एव पटना जिले के अन्य हिस्सों मे बोली जाती है।

(ग) टलहा मगही—पूर्ण मोकामा, बड़हिया थाना, बाढ सबडिवीजन के गगा के इस पार के कुछ पूर्वी भाग, लक्खीसराय थाना के कुछ उत्तरी भाग, गिद्धौर और पूर्व म फतुहाँ मे बोली जाती है।

(घ) सोनतटिया मगही—सोन के किनारे-किनारे पटने और गया जिले में बोली जाती है।

(ङ) जंगली मगही—राजगीर, गया और छोटा नागपुर के जगलो में बोली जाती है।

अन्यत्र "मगही भाषा और साहित्य" शीर्षक अपने निबन्ध में उन्होंने मगही के अवान्तर भेदों का उल्लेख किया है।

स्पष्ट भेद दीख पड़ता है। पटना नगर के आसपास की मगही में उत्तर-पश्चिम मागधी के मुहावरों का मिश्रण है जब कि पटना जिले के ग्रामों की मगही इन बाह्य प्रभावों से बहुत अंशों तक बची है।[1] गया जिले की मगही की शुद्धता भी बहुत अधिक सुरक्षित है।[2]

आदर्श मगही क्षेत्र में कुछ कुछ दूरी पर परिलक्षित होने वाली इन अनति महत्त्वपूर्ण स्थानीय विशेषताओं के आधार पर उनके अवान्तर भेदों की कल्पना लाभप्रद नहीं मानी जा सकती, कारण ये भेद प्रायः वैकल्पिक ही प्रमाणित होंगे। फिर ये स्थानीय विशेषताएँ मगही भाषा के परस्पर भिन्न होने वाले व्यवहार में यदि कहीं परिलक्षित भी होती हैं तो उसके क्रिया रूपों में ही। शब्द रूप सर्वनाम, विशेषण पदादि में परिलक्षित होने वाली विभेदक विशेषताएँ अत्यल्प एवं अनुल्लेख्य हैं।[3]

मगही-क्रिया-रूपों की विशेषताएँ

मगही में क्रिया के रूप कर्ता एवं कर्म के वाच्यरूप पर आधारित होते हैं। प्रत्येक पुरुष में कर्ता एवं कर्म के लिए अभिव्यक्त आदर अथवा अनादर से संबंधित भाव के अनुसार क्रिया-रूपों में अन्तर हो जाता है। इसीलिए तीनों पुरुषों में भिन्न-भिन्न निम्नांकित क्रिया-रूप होते हैं। यथा—

१ उत्तम पुरुष

कर्म के प्रति आदर और अनादर भाव के अनुसार उत्तम पुरुष में क्रिया के दो रूप होते हैं—

१ अनादर वाचक कर्म—हम ओकरा[4] देखलिऐ, देखलिअइ।

२ आदर वाचक कर्म—हम उनका[5] देखलिन, देखलिअइन।

२ मध्यम पुरुष

कर्ता एवं कर्म के प्रति सम्मान असम्मान भाव के अनुकूल मध्यमपुरुष में क्रिया के चार रूप होते हैं:—

१ अनादर वाचक कर्ता—अनादर वाचक कर्म—तूँ ओकरवा के देखलें देखलहीं।

२ अनादरवाचक कर्ता—आदर वाचक कर्म—तूँ राजा के देखलहिन।

---

१ मुगल कालीन नवाबों एवं पश्चिम के सिपाही सैनिकों और व्यापारियों के पटना नगर में बस जाने के कारण यहाँ की मगही इन की भाषा से प्रभावित हो गई है। एक ओर इस पर उर्दू का प्रभाव पड़ गया है, दूसरी ओर खड़ी बोली का। पर पटना जिले के ग्राम इन बाह्य प्रभावों से प्रायः अछूते रह गए हैं। इनमें यहाँ की भाषा में मिश्रण आदि का अभाव है।

२ गया जिला हिन्दू धर्म का सांस्कृतिक केन्द्र रहा है। इस पर बाह्य प्रभाव नहीं के बराबर पड़ा है। फिर इसकी स्थिति मगही क्षेत्र में केन्द्रवर्ती है।

३ मगही-व्याकरण में यथा संभव वे सभी रूप दिए गए हैं, जो आदर्श मगही-क्षेत्र में व्यवहृत होते हैं।

४ उसको। ५. उनको।

३. आदरवाचक कर्त्ता—अनादरवा० कर्म—तूँ नौकरवा के देखलहु, अपने नौकरवा के देखलथी।

४. आदरवाचक कर्त्ता—आदरवा० कर्म—तूँ राजा के देखलहुन; अपने राजा के देखलथिन।

३. अन्य पुरुष

कर्त्ता एव कर्म के प्रति आदर और अनादर भाव के अनुसार अन्य पुरुष में क्रिया के चार रूप होते हैं—

१ अनादरवा० कर्त्ता—अनादरवा० कर्म—ऊ नौकरवा के देखलकइ।

२ अनादरवा० कर्त्ता—आदरवा० कर्म—ऊ राजा के देखलकइन।

३ आदरवा० कर्त्ता—अनादरवा० कर्म—ऊ नौकरवा के देखलकथिन।

४ आदरवा० कर्त्ता—आदरवा० कर्म—राजा उनका देखलथिन।

प्रत्येक पुरुष में आदर वाचक कर्म की विशेषता यह है कि इससे सम्बन्धित क्रिया का अन्त सर्वदा 'न' से होता है। 'न' का पूर्ववर्त्ती स्वर प्राय. 'इ' या 'उ' रहता है।

उपर्युक्त क्रिया रूपों के अतिरिक्त मगही में ध्वन्यात्मक स्तर पर अर्थ-व्यजना करने की विशेषता से युक्त कुछ ऐसी क्रियाएँ भी हैं, जिनसे न केवल कर्त्ता और कर्म के प्रति सम्मान-असम्मान भाव की सूचना मिलती है, अपितु उस व्यक्ति के प्रति भी आदर-अनादर-भाव की व्यजना हो जाती है, जिसको कोई सूचना दी जाती है। यथा—

१. उत्तम पुरुष

१. अनादर वाचक कर्म के विषय में अनादरवा० व्यक्ति से कथन—
हम नौकर के देखलुक, देखलिअउ।

२ आदरवाचक कर्म के विषय में, अनादरवाचक व्यक्ति से कथन—
हम राजा के देखलिअउन।

३ अना०वा० कर्म के विषय में, आदरवाचक व्यक्ति से कथन.—
हम नौकर के देखलिवऽ।

४ आदरवाचक कर्म के विषय में, आदर वा० व्यक्ति से कथन—
हम राजा के देखलियो।

२. अन्य पुरुष

१. अना०वा० कर्त्ता—कर्म के विषय में, अना०वा० व्यक्ति से कथन—
उ नौकर के देखलकउ।

२. आदरवा० कर्त्ता—कर्म के विषय में, अना०वा० व्यक्ति से कथन.—
उ राजा के देखलकउन।

३ अनादरवा० कर्त्ता—कर्म के विषय मे, आदरवा० व्यक्ति से कथन—
उ नौकर के देखलकवऽ, देखलको।

४. आदरवा० कर्त्ता—कर्म के विषय में, आदरवा० व्यक्ति से कथन—
उ राजा के देखकथुन, देखलकथुन।

—०—

मगही शब्दकोश

मगही शब्द समूह का प्रधान भाग भारतीय आर्य-भाषा के शब्द-समूह से निर्मित हुआ है।[1] यों इसमें अन्य स्रोतों से आये अनेक शब्द भी विद्यमान हैं। मगही में बहुत से ऐसे शब्द भी मिलते हैं जिनके मूल का अभी तक पता नहीं चल सका है। शताब्दियों तक विदेशी शासन के अन्तर्गत रहने के कारण इसमें बहुत से विदेशी शब्द भी समाविष्ट हो गये हैं। इन्हें ध्यान में रखते हुए, मगही शब्द-समूह का अध्ययन निम्नांकित शीर्षकों में किया जा सकता है:—

१ तद्भव
२ तत्सम
३ देशज
४ भारतीय अनार्य भाषाओं से आये शब्द
५ अन्य प्रान्तीय भाषाओं से आये शब्द
६ विदेशी भाषाओं के शब्द
७ अन्यान्य

१ तद्भव

मगही के शब्द-समूह में ऐसे शब्द सर्वाधिक हैं, जो प्राचीन भारतीय आर्यभाषाओं से चल कर मध्य-कालीन भा आ भाषाओं में प्रयुक्त होते अद्यावधि चले आ रहे हैं। इन्हें 'तद्भव' की संज्ञा दी जाती है कारण ये संस्कृत से ही उत्पन्न हैं। यथा —

प्राण>परान पर्ण>पापक; राजा>राय; गल>गर आदि।

हिन्दी के तद्भव शब्दों में अकारान्त शब्दों का प्रायः हलन्त उच्चारण होता है। मगही भाषी कुछ क्षेत्रों[2] में हिन्दी की ही परम्परा अपनाई जाती है परन्तु कुछ क्षेत्रों[3] में अकारान्त शब्दों के अन्त्य स्वर का दीर्घीकरण हो जाता है। यथा:—

सं०	हि०	गया जिला और पश्चिमी पटना	पूर्वी पटना और मुंगेर
—	—		
हस्त	हाथ्	हाँथ्	हँत्था
भक्त	भात्	भात्	भत्ता
घर्म	घाम्	घाँम्	घामा
कर्म	काम्	काँम	काना

मगही में व्यवहृत तद्भव शब्दों में बहुत से ऐसे शब्द भी हैं, जिनका संबंध प्राचीन भारतीय आर्यभाषा के साहित्यिक रूप (संस्कृत) से जोड़ना कठिन है। इस कोटि के

---

१ देखिए टर्नर नेपाली डिक्शनरी की भूमिका।
२ गया जिला और पश्चिमी पटना।
३ पूर्वी पटना और मुंगेर।

शब्द प्राय: मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषाओं में से होकर मगही में आये हैं। यथा —

पेट, ऊँघना आदि।

२. तत्सम

मगही में तत्सम अर्थात् संस्कृत के विशुद्ध शब्दों की संख्या बहुत कम है। तत्सम शब्दों का व्यवहार प्रायः शिक्षित वर्ग के लोगों में ही सीमित है। सामान्य जनता केवल कुछ प्रचलित तत्सम शब्दों का व्यवहार करती है। यथा—

दिन, राजा आदि।

३. देशज

मगही में देशज अर्थात् "स्थानीय" शब्दों की संख्या बहुत है। सामाजिक रीति-रिवाजों, कृषि-मजदूरी, कल-कारखानों, यातायात के साधनों, पशुओं, घरों के भागों, औजारों, व्यावसायिक साधनों आदि से सम्बद्ध ऐसे अनेक स्वतंत्र शब्द मिलते हैं, जिनका संबंध संस्कृत या प्राकृत से नहीं जुड़ पाता और वे पूर्णरूपेण क्षेत्रीय हैं।

मगही के देशज शब्दों को दो श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है :—

१ सामान्य देशज शब्द, जो प्राय: सम्पूर्ण मगहीक्षेत्र में प्रचलित हैं। यथा— पाटा[1], रूसा[2], चाक्ल[3], टोना[4] आदि।

२. स्थानीय देशज शब्द, जो क्षेत्र-विशेष के मगही भाषियों में प्रचलित हैं। यथा—

बुतरू[5], लड़का[6], बाबू[7], चिलोई[8] आदि।

४. भारतीय अनार्य भाषाओं के शब्द

मगही में कुछ ऐसे शब्द भी वर्त्तमान हैं, जो अनार्य भाषाओं से आये हैं। यथा—

द्राविड़—पिल्ला[9]

मुंडा —कोड़ी[10]

---

१ लकड़ी का एक औजार, जो जमीन या दीवार समतल करने के काम में आता है।

२. लकड़ी का एक समतल टुकड़ा, जिसकी पीठ पर हैंडल लगा रहता है, और जिसे पकड़ कर पलास्तर चिकना किया जाता है। इस चिकनाने के काम को "रुसियाना" कहते हैं।

३ लकड़ी का चीरा तख्ता, जो वालिफ करने के काम आता है।

४. बाँस का छोटा-छोटा टुकड़ा, जो भाड़ा बाँधने में काम आता है। इसे "डगरना" भी कहते हैं।

५ नालदा-राजगीर में "लड़के" के लिए प्रयुक्त।

६ दानापुर—मनेर में "लड़के" के अर्थ में प्रयुक्त।

७ गया जिला में "लड़के" के अर्थ में प्रयुक्त।

८ गया जिले में "हँसुए" के अर्थ में प्रयुक।

९ कुत्ते का बच्चा। द्राविड़ में "पिल्ला" पुत्र के लिए आता है।

१० "बीस" संख्या-बोधक।

५ प्रान्तीय भाषाओं के शब्द

कुछ ऐसे शब्द भी मगही में प्रविष्ट हो गये हैं, जो भारत के अन्य प्रान्तों की भाषाओं के हैं। यथा—

बासा, माछा, रसगुल्ला, सन्देस, मूढ़ी आदि। ये शब्द बंगला के हैं।

इनके अतिरिक्त निम्नांकित मराठी शब्द भी मगही में मिलते हैं। यथा—

चखत्, ठिकाऊ, पधारू, लागू आदि।

६ विदेशी भाषाओं के शब्द

मगही शब्द-समूह में ऐसे अनेक शब्द हैं, जो देशान्तर की भाषाओं से आकर घुलमिल गये हैं। ये प्रधानतः दो स्रोतों से प्राप्त प्रतीत होते हैं:—

१ इस्लामी। यथा—

सहीसोपुर[1] खिरपीसिया[2], कोमाकोह[3] आदि।

२ यूरोपीय। यथा—

लोसन टैन बंक, सस्टेम डब्बर आदि।

प्रायः सभी विदेशी शब्द मगही में "तद्भव" रूप में ही अपनाये जाते हैं।

७. अन्यान्य

कुछ ऐसे शब्द भी मगही में प्राप्त होते हैं जिनकी अपनी विशेषताएँ हैं। इन शब्दों में भिन्नवाचक अर्थ की गंभीर व्यंजनाएँ निहित हैं। इनमें कुछ तो देशज हैं और कुछ तद्भव। यथा—

टहकार इंजोरिया[4] पपरकद्दू रपता[5] भून्स सेंका[6] छवेर[7], तगेन[8] आदि।

---

१ सैयद यूसुफपुर। २ तुरन्त मौकिया। ३ दैनों सिपोह।
४ शुभ चाँदनी।
५ बदली फटने पर निकली कड़ी धूप।
६ वर्षा कम आने पर पके हुए धानों को निकाल लाने का अवकाश।
७ बदली के बाद निकली धूप वाला दिन।
८ बदली फटने के बाद का स्वच्छ दिन।

प्रथम खंड

व्याकरण

प्रथम अध्याय

मगही के ध्वनि-समूह

मगही-भाषी-क्षेत्रो मे निम्नांकित ध्वनियो का व्यवहार होता है। 'विहारी' वर्ग की अन्य वोलियो के ध्वनि-समूहो से इनकी समानता है।

स्वर

सामान्य स्वर-ध्वनियाँ—अ, आ, इ, ई, उ, ऊ,
ए, ऐ, ओ, औ, अॅ, अ।

विशेष स्वर-ध्वनियाँ—अॅ, अऽ, ऑ,
इ्, उ् —,
एँ, ए् —,
ऐँ — —,
ओँ, औँ —।

ये सभी स्वर अननुनासिक तथा सानुनासिक दोनो ही हो सकते हैं।

व्यंजन

क्	ख्	ग्	घ्	ङ्।	
च्	छ्	ज्	झ्	ञ्।	
ट्	ठ्	ड्	ढ्	—।	
त्	थ्	द्	ध्	न्,	न्ह्।
प्	फ्	व्	भ्	,	म्ह्।
य्	र्	र्ह्,	ल्,	ल्ह्।	
व्	स्	ह्,	ड्	ढ्।	

स्वर

सस्कृत की तरह खडी हिन्दी मे दो ध्वनियों का व्यवहार होता है— अ तथा आ। मगही मे इन दोनो के अतिरिक्त तीन विशेष ध्वनियाँ वर्तमान हैं—अॅ, अऽ तथा ऑ।

अ—'अ' ह्रस्व ध्वनि है, जिसका व्यवहार शब्द के आदि, मध्य और अत मे होता है। यथा—

अमोट, अरसूद, खरवूज, रस, खर।

अॅ—यह ह्रस्व विलम्बित ध्वनि है। इसका व्यवहार खडी हिन्दी मे नहीं होता। यह अति ह्रस्व ध्वनि है, जिसका उच्चारण अगरेजी शब्द 'ब्राइट्न' (Brighton-Bright'n) की 'ओ' (O) ध्वनि की तरह होता है। इस ध्वनि से शब्द का आरम नही हो सकता। यह प्राय शब्द के मध्य मे आती है। यथा—

एँकॅरा, किसनॅमा, हमॅनी, दुसॅमन, कहॅतकइ।

अऽ—यह दीर्घ विलम्बित ध्वनि है, जो प्रायः शब्द के अन्त में स्थित रहती है। जब यह क्रिया के अन्त में आती है, तब आदरवाचक भाव-व्यंजना होती है। यथा—

दऽ, नऽ हँऽ होहऽ, लिखऽ, रहयऽ।

आ—यह दीर्घ ध्वनि है जिसका व्यवहार शब्द के आदि मध्य और अंत में होता है। यथा—

आम, लाम थारी अमावट हमार तोरा, हमरा।

ऑ—यह ह्रस्व स्वर है, जो शब्द के आरंभ और मध्य में आता है। यथा—

ऑटखक ऑंदलकइ, पॉटवइ वोरॉवलक लगॉवलक।

इ, इ़ ई—

इ—ह्रस्व 'इ' का व्यवहार शब्द के आदि मध्य और अंत में होता है। यथा—

गिरल चिड़िया, दहिया गोआरिन आगि आति, देहिं।

इ़—यह अति ह्रस्व ध्वनि है, जिसे हम कठिनाई से सुन सकते हैं। आश्चर्य अंगही के कुछ क्षेत्रों में (बरबीघा मुंगेर तथा उसके निकटवर्ती क्षेत्रों में) 'इ़' से अन्त होने वाले शब्दों का उच्चारण इस प्रकार होता है कि 'इ़' का पूर्ववर्ती सम्वांश दीर्घ हो जाता है और 'इ़' ध्वनि बहुत ह्रस्व हो जाती है। यथा—हलऽइ़ गेलऽइ़। 'इ' से अन्त होने वाले क्रियापदों में जब प्रश्न निहित रहता है तब इ कुछ दीर्घ हो जाती है, किन्तु जब उसमें उत्तर निहित रहता है तब यह अत्यन्त ह्रस्व हो जाती है। यथा—

प्र —काम भेलइ-इइ ? उ —भेलऽइ़।

प्र०—राम हलइ-इइ ? उ —हलऽइ़।

ई—दीर्घ 'ई' का प्रयोग शब्द के आरंभ मध्य और अंत में होता है। यथा—

खीर, चीलह, फकीर, छकीर, आदमी[1] नहीं।

उ उ़, ऊ—

उ तथा ऊ—ह्रस्व 'उ' तथा दीर्घ 'ऊ' का व्यवहार शब्द के आरंभ मध्य और अन्त में होता है। यथा—

उकरो कुछ, झींगुर, ससुर मुँहलगु डुड-डुड।

ऊख, ऊँसट बेकूफ, सरूप भीखू हमई।

उ़—यह अति ह्रस्व ध्वनि है, जो प्रायः अमत रहती है। यह शब्द के आदि मध्य और अंत में आती है। यथा—

कुछ़, सु़खे, टिकु़लियवा अबऽउ़ गेलऽउ़।

'उ' से अन्त होनेवाले क्रियापदों में जब प्रश्नवाचक भाव रहता है तब 'उ' कुछ दीर्घ हो जाता है, पर जब उसमें उत्तर निहित रहता है तब यह अत्यन्त ह्रस्व हो जाता है। यथा—

प्र —राम आलउ-उउ ? उ०—आलऽउ़।

प्र —मोहन भालउ उउ ? उ —भालऽउ़।

---

१. [illegible] २. [illegible]

ऍ, ए, ए॒—

ऍ तथा ए—ह्रस्व 'ऍ' तथा दीर्घ 'ए' शब्द के आदि, मध्य और अतमे आते हैं। यथा—

ऍकइगो, ऍको, जिऍला,[१] कनेंयाई[२], ऍके।

एगो, हे, कतेक, मोरे।

ए॒—यह अति ह्रस्व ध्वनि है, जो अनेक बार सहायक ध्वनि के रूप मे व्यवहृत होती है। इसका प्रयोग शब्द के अन्त मे नही होता। यथा—

ए॒करे, से॒करे, ढके॒ललइ।

ऑ, ओ—

ऑ तथा ओ—ह्रस्व 'ऑ' ध्वनि शब्द के आदि और मध्य मे तथा दीर्घ 'ओ' ध्वनि शब्द के आरभ, मध्य और अन्त मे आती है। यथा—

ऑहि, सॉहि, मरॉरलक, छिलकॉइया।

तोर, मोर, खटोली, घटलोही, एगो, गइओ[३]।

संयुक्त स्वर

सस्कृत मे चार सयुक्त स्वर हैं, जिनकी उत्पत्ति दो भिन्न-भिन्न स्वरो के मेल से हुई है। यथा—

अ + इ, ई = ए

अ + ए = ऐ

अ + उ, ऊ = ओ

अ + ओ = औ

हिन्दी मे केवल दो सयुक्त स्वर हैं—ऐ और औ। सयुक्त स्वरो को सध्यक्षर (Diphthong) भी कहा जाता है, क्योकि इनमे दो स्वर ध्वनियाँ मिलकर एक अक्षर बन जाती हैं। इन स्वर-ध्वनियो का पृथक् अस्तित्व नही रहता। इसके विपरीत दो, तीन या इससे अधिक स्वरो का भी सयोग होता है, जिसमे प्रत्येक स्वर का पृथक अस्तित्व बना रहता है। इसे हम कई स्वरो का सयुक्त रूप कह सकते हैं। यथा—

ओआ : छोआ, ओइआ : लोइआ, आउर : चाउर।

मगही मे 'ऐ' और 'औ' सध्यक्षर हैं। यथा—ऐसन, जैसन, वौधा, कौराहा[४]। इन दोनो सध्यक्षरो के ह्रस्व रूप भी वर्तमान हैं—ऐं, औं। उदा०—ऐंसनो, जैंसहीं, बौलौंलकइ, सुनौंलकइ। 'ऐ' तथा 'औ' (ह्रस्व तथा दीर्घ दोनों) मे प्रयुक्त भिन्न-भिन्न स्वर, अलग-अलग आकर अपनी स्वतत्र सत्ता भी प्रदर्शित करते हैं। यथा—अए : अएसन, कएसन, चएत, अओ. मओनी, कओर। मगही मे पाये जाने वाले दो और उससे अधिक स्वरो के सयोग के निम्नाकित उदाहरण हैं—

अइ : गइया, अइसन, कइसन।

अउ : मउगी, मउनी, दिअउ।

---

१ जीवन के लिये। २ बहू। ३ गाय को भी। ४ अधिक रोने वाला।

ऐ॑—ऐ॑ठा, गै॑ता[१]।

ओ॑॑—धो॑॑कड़ी[२], लो॑॑दवा[३]।

ओ॑—धो॑छा, खो॑धा[४], दो॑गा[५]।

औ॑॑—नौ॑॑चिया[६]।

औ॑—धौ॑कड़ी, सौ॑गा।

व्यंजन

ङ्—यह अनुनासिक व्यजन प्राय स्ववर्गीय व्यजनो के पहले आता है। इससे शब्द का आरभ नही होता। यथा—

तंङ् सङ्ग, गङ्गा, सङ्ख।

ञ्—यह अनुनासिक व्यजन है। इसका व्यवहार शब्द के मध्य और अत मे होता है। यथा—

चुनिञायल, चुइञा, टुइञा, सइञा, घटिञा।

न् और म्—इन दोनो अनुनासिक व्यजनो का व्यवहार शब्द के आदि, मध्य और अन्त मे होता है। यथा—

नाम, ननकी[७], मान, मार, कमर, दाम।

न्ह और म्ह—ये शब्द के मध्य और अत मे व्यवहृत होते हैं। यथा—

चिन्हना, चिन्हा, सेन्हा, कुम्हार, कुम्हरार, तुम्हीं[८]।

ण्—यह ध्वनि मगही मे नही मिलती। इसके स्थान पर 'न्' का ही प्रयोग होता है। यथा—

पन्डित, टन्टा, डन्ड,[९]।

र्ह और ल्ह—ये ध्वनियाँ शब्द के मध्य और अन्त मे आती हैं। यथा—

गरिह्या,[१०] वरही,[११] मुरही[१२], चुल्हवा, टिल्हा कल्ह।

ड़ और ढ—शब्द के आरभ मे इनका व्यवहार नही होता। यथा—

कुलबोड़न, तोढा[१३], भुंजड़ी, पढ़ल, बाढ, बूढा।

स्—आदर्श मगही मे केवल 'स्' ध्वनि प्रयुक्त होती है। पूर्वी-मगही मे, बगला के प्रभाव के कारण, 'श्' ध्वनि का भी व्यवहार होता है। 'स्' का प्रयोग शब्द के आदि, मध्य और अत मे होता है। यथा—

सब, सगौड़ा[१४], घसल, घाँस।

---

१. मिट्टी खोदने का एक औजार। २. जेब। ३ गीली मिट्टी का पिंड। ४. खोंता। ५ गौना के बाद पतिगृह यात्रा। ६ सोटनी। ७ छोटी या बेटी। ८. एक बाजा। ९ सजा। १० रचा हुआ। ११ बढई या बच्चे के जन्म के १२वें दिन पर होने वाला सस्कार विशेष। १२ चावल का भूँजा। १३ पेटी। १४ साग का पतौरा।

य्—मगही बोली में शब्द के आरंभ में 'य्' का उच्चारण 'ज्' हो जाता है। यथा—यमुना>जमुना यश>जस। लिखने में प्राय 'य' के स्थान पर ज का विकल्प से व्यवहार होता है। इसका प्रयोग शब्द के आदि मध्य और अंत में होता है। यथा—येयार (जेयार) जिया (जिजा) गइया (गइजा) समइया (समइजा)।

व्—यह शब्द के मध्य और अन्त में आता है। 'व्' के स्थान पर विकल्प से 'ब' लिखा और उच्चरित किया जाता है। यथा—

पावल (पाबल), पुवार (पुबार) आवऽ हियऽ (आबऽ हियऽ)।

मगही के शेष व्यंजनों का व्यवहार सामान्यतः हिन्दी के व्यंजनों की भाँति होता है। अतः उनका वर्णन यहाँ नहीं किया जा रहा है।

संयुक्त व्यंजन

मगही में संयुक्त व्यंजनों का व्यवहार अनेक स्थलों पर होता है। यथा—

कुट्ठा, भिच्छा, सत्ता मन्तर, लम्मा लिस्सा आदि।

उपवर्ती स्वर (Concurrent vowels)

य् तथा व् की श्रुति

अन्य बिहारी बोलियों की तरह, मगही में जब 'इ' के बाद 'अ' अथवा 'आ' आता है तब 'अ' अथवा 'आ' के स्थान पर 'य' की श्रुति होती है। यथा—

भरिअल—भरियल; सड़िअल—सड़ियल, मरिअल—मरियल; मछिआ—मछिया; बुढ़िआ—बुढ़िया, पढ़िआ—पढ़िया लठिआ—लठिया।

इसी प्रकार जब 'उ' के बाद 'अ' अथवा 'आ' आता है, तब 'अ' या 'आ' के स्थान पर 'व' की श्रुति होती है। यथा—

गोबअन—गोबवन मेहरूअन—मेहरूवन,

अँसुआ—अँसुवा; हँसुआ—हँसुवा।

ये दोनों श्रुतियाँ विकल्प से लिखित और उच्चरित होती हैं।

स्वरों का संकोचन (Contraction)

जब 'अ' स्वर के तुरंत बाद 'इ' आती है तब विकल्प से 'अ' और 'इ' दोनों मिल कर 'ऐ' हो जाते हैं (अ+इ=ऐ+)। यथा—'दइ' का 'दै'।

इसी प्रकार जब 'अ' के तुरंत बाद 'उ' आता है, तब विकल्प से दोनों मिलकर 'औ' हो जाते हैं (अ+उ=औ+)। यथा—'दउ' का 'दौ'।

+ स्वर-संधीकरण के समय यद्यपि संधि के नियमानुसार 'अ+इ' को 'ए' हो जाना चाहिए, पर 'ऐ' हो जाता है। इसी प्रकार 'अ+उ' को 'ओ' हो जाना चाहिए पर 'औ' हो जाता है। [illegible] में 'ऐ' तथा 'औ' का भी संकेत प्रयोग मिलता है।

उपधापूर्व-स्वर का ह्रस्वीकरण
(Shortening of antipenultimate vowel.)

मगही के सज्ञा-रूपो और क्रिया-रूपो के अध्ययन के लिए उपधापूर्व-स्वरो के ह्रस्वीकरण के नियमो की जानकारी आवश्यक है। ये नियम विहारी बोलियो मे व्यवहृत होते हैं, खडी वोली हिन्दी मे नही। इन नियमो का उल्लेख सर्वप्रथम डा० हार्नले ने अपने 'गॉडियन ग्रामर'[१] मे किया था। पुन डा० ग्रियर्सन ने मैथिली व्याकरण तथा 'सेवन ग्रामर्स ऑफ दी डायलेक्ट्स ऐन्ड सवडायलेक्ट्स ऑफ दी विहारी लैंग्वेज,[२] मे इसका उल्लेख किया है।

स्वरो के ह्रस्वीकरण के सम्बन्ध मे शब्दाशो (Syllables) की गिनती की जायेगी। अत' यह जान लेना चाहिये कि अन्तिम हलन्त व्यजन को एक शब्दाश नही माना जाता। उसकी गिनती ही नहीं होती। यथा, घर्' शब्द एक शब्दाश से वना है, किन्तु 'देखब्' दो शब्दाशो से वना शब्द है—जैसे, 'दे', 'खब्'। इसके विपरीत देखबऽ' तीन शब्दाशो से वना शब्द है। यथा—'दे', 'ख', 'बऽ'। 'बऽ' को एक शब्दाश माना गया है, क्योकि अतिम व्यजन होते हुए भी यह हलन्त नही है।

स्वरो के ह्रस्वीकरण के नियम निम्नाकित हैं :—

१. जव कभी स्वर 'आ' शब्द के अन्त की ओर से दूसरे शब्दाश (Syllable) के पहले आता है, तव यह ह्रस्व हो जाता है। यथा—'नाऊ' शब्द लें। इसमे 'आ' दीर्घ ही रह जाता है, क्योकि यह अन्त की ओर से दूसरे शब्दाश मे आता है। 'नाऊ' के ही दीर्घ रूप 'नउवा' मे 'नाऊ' का 'आ' ह्रस्व हो जाता है, क्योकि यहाँ 'आ' अन्त की ओर से दूसरे शब्दाश के पहले आता है। इसी प्रकार 'माली' का दीर्घ रूप 'मलिया' हो जाता है, और 'पाव', जिसकी क्रियार्थक सज्ञा 'पावल' है, निश्चयवाचक, भूतकाल, मध्यमपुरुष मे 'पाउलऽ' न होकर, पउलऽ' हो जाता है।

२. इसी तरह कोई स्वर या सयुक्त स्वर जव अन्त की ओर से तीसरे शब्दाश मे आता है, तव वह ह्रस्व हो जाता है, यदि 'य' अथवा 'व'[३] के अतिरिक्त दूसरा 'कोई व्यजन उसके वाद आवे। यथा—'देख' का 'ए' दे॑खलूॅ' मे ह्रस्व हो जाता है, क्योकि यह अन्त की ओर से तीसरे शब्दाश मे आता है और इसके तुरत वाद व्यजन की स्थिति है। इसके विपरीत √चू, निश्चयवाचक, भूतकाल, उत्तमपुरुष मे 'चूअलूॅ' या 'चूवलूॅ' होता है, न कि 'चुअलूॅ' या 'चुवलूॅ'। 'ऊ' दीर्घ ही रह जाता है, क्योकि यह अन्त की ओर से तीसरे शब्दाश मे तो आता है, किन्तु इसके वाद स्वर 'अ' या अर्द्धस्वर 'व' की स्थिति है।

३. तीसरा नियम यह है कि कोई भी स्वर, जो शब्द के अन्त की ओर से तीसरे शब्दाश के पहले आता है, अवश्य ही ह्रस्व हो जाता है, चाहे उसके वाद व्यजन रहे या नहीं। 'इसलिए 'चू' का 'ऊ' भूतकाल उत्तमपुरुष चूइलूॅ' मे तो दूसरे नियम से

---

१. Gaudian Grammar २ Seven Grammars of the dialects and subdialects of the Bihari language, Part I—by Dr. Grierson
३. देखिए—उपवर्ती स्वर, पृ० ६

दीर्घ ही रह जाता है किन्तु मध्यमपुरुष 'चुरहु' में ह्रस्व रूप में आता है क्योंकि यहाँ यह अन्त की ओर से चौथे शब्दांश में है।

इसी तरह 'हो' के संभावनार्थ वर्तमानकाल उत्तमपुरुष के क्रियारूप 'हो ँइअइ' में 'ओ' का ह्रस्व रूप 'ओ ँ' हो जाता है। किन्तु जब स्वरों के संकोचन के नियमानुसार 'अइ' का 'ऐ' में संकोचन हो जाता है तब 'ओ' अन्त की ओर से तीसरे ही शब्दांश में आता है और इसलिये ह्रस्व नहीं होता है। इसीलिए पूर्वरूप 'होइऐ' है न कि 'हो ँइऐ'।

४ पिछले उदाहरण के सम्बन्ध में स्मरणीय यह है कि जो स्वर किसी भी उपर्युक्त नियम से ह्रस्व हो गया है, वह फिर दीर्घ हो जाता है यदि उसके बाद आनेवाले शब्दांशों की संख्या संकोचन के किसी नियम विशेष से घट जाये। इसीलिए 'दे ँखइत' में 'ए' ह्रस्व है। किन्तु जब 'अ' और 'इ' का 'ऐ' में संकोचन हो जाता है तब 'देखैत' में 'ए' दीर्घरूप में ही रह जाता है। यदि संकोचन के बाद भी स्वर के बाद आनेवाले शब्दांशों की संख्या इतनी अधिक है कि स्वर अपने ह्रस्व रूप में रहे तो अवश्य ही वह ह्रस्व रूप में रहेगा। उदाहरणार्थ हम √देख् के संभावनार्थ भूतकाल उत्तमपुरुष के क्रिया रूप को लें। इसका एक रूप छः शब्दांशों का है। यथा—'दे ँखइतिअउ'। यहाँ स्वरों के संकोचन के नियम से 'खइ' 'खै' हो जायेगा और 'अउ' 'औ' हो जायेगा। इस प्रकार हम 'दे ँखै तिऔ' भी लिख सकते हैं। यहाँ 'ए' अब भी अन्त से तीसरे शब्दांश के पहले है इसलिए ह्रस्व रहता है। ध्यान रहे कि 'ऐ' का भी ह्रस्व रूप 'ऐ ँ' हो गया है, क्योंकि यह अन्त की ओर से दूसरे शब्दांश के पहले आया है और इसके तुरत बाद व्यञ्जन 'त' की स्थिति है, जो य अथवा 'व' की तरह अर्द्धस्वर नहीं है।

अपवाद—उपर्युक्त नियमों का एक महत्त्वपूर्ण अपवाद यह है कि प्रेरणार्थक क्रियाओं के दीर्घस्वर कभी ह्रस्व नहीं होते हैं। इस तरह 'मरब' की प्रेरणार्थक क्रिया 'मारब' है और इसकी क्रियार्थक संज्ञा का विकारी रूप 'मारेबा' है, न कि 'मरबा'।

हलन्त—य् तथा व्

जब 'य' और 'व' के बाद ह्रस्व विलम्बित स्वर आता है, तब 'य' तथा 'व' दब के दोनों हलन्त हो जाते हैं। जैसे—'य्' और 'व्'।

जब शब्द के मध्य में स्थित 'य' और 'व' के बाद ह्रस्व विलम्बित स्वर आता है, तब 'य' और 'व' बदल कर क्रमशः 'इ' या 'उ' हो जाते हैं।

[1] यह 'इ' या 'उ' विकल्प से पूर्ववर्ती 'अ' के साथ जुड़ कर क्रमशः 'ऐ' या 'औ' हो जाता है। यथा—

निश्चयार्थ भूतकाल उत्तमपुरुष—'उठयलौं'। 'य' के बाद ह्रस्व विलम्बित स्वर आने के कारण इसका रूप 'उठइलौं' हो जाता है। 'इ' का पूर्ववर्ती व्यंजन 'ठ' अकारान्त है, अतः इसका रूप 'उठैलौं' हो जाता है।

इसी प्रकार निश्चयार्थ भूतकाल उत्तमपुरुष—'उठवलौं'[1] लें। 'व' के बाद ह्रस्व विलम्बित स्वर आने के कारण इसका रूप 'उठउलौं' हो जाता है। 'उ' का पूर्ववर्ती व्यंजन 'ठ' अकारान्त है अतः इसका रूप 'उठौलौं' हो जाता है।

---

१ देखिए—स्वर संकोचन १।

द्वितीय अध्याय

मगही-व्याकरण

विकारी शब्द[1] (Declinable words)

संज्ञा[2] (Noun

मगही मे सज्ञा के चार रूप मिलते हैं —

१. (क) ह्रस्व-निर्बल (Weak), (ख) ह्रस्व-सबल (Strong), २. दीर्घ (Long) तथा ३. अतिरिक्त (Redundant)।

१. (क) ह्रस्व-निर्बल रूप—यह प्राय ह्रस्व स्वरान्त या व्यंजनान्त होता है। यथा—ह्रस्व स्वरान्त—लोह, घोड, मीठ, तोड़, जोड आदि। व्यजनान्त—लोह्, घोड़्, मीठ्, तोड, जोड आदि।

(ख) ह्रस्व-सबल रूप—इसे संज्ञा के अन्तिम स्वर को दीर्घ करके बनाया जाता है। यथा—लोहा, घोड़ा, मीठा, तोडा, जोड़ा[3] आदि।

२. दीर्घ रूप—सज्ञा के ह्रस्व-निर्बल रूप मे 'या' अथवा 'वा' प्रत्यय जोड़कर, दीर्घ रूप बनाया जाता है। यथा—ह्र०— घर, दी०— घरवा; नट—नटवा, फर—फरवा; लोर—लोरवा। यदि सज्ञा का ह्रस्व सबल रूप हो, तो पहले उसका ह्रस्व-निर्बल रूप बना कर फिर उसमे 'या' अथवा 'वा' प्रत्यय जोड कर, दीर्घ रूप बनाया जाता है। यथा— घोड़ा—घोँड़वा, पोथी—पोँथिया, माली—मलिया आदि।

३. अतिरिक्त रूप—इसकी रचना, सज्ञा के दीर्घ रूप के अतिम प्रत्यय की पुनरावृत्ति करके होती है। यथा—दी०—मलिया, अति०—मलियवा, आँसू— अँसुअवा, घोड़वा— घोड़ववा, आदि। अतिरिक्त रूपो का व्यवहार ग्रामीणो मे अधिक प्रचलित है।

मगही की सज्ञाओ के सबध मे निम्नांकित बातें उल्लेखनीय हैं :—

१. मगही बोली मे व्यवहृत, सज्ञा के उपर्युक्त चारो रूप, अन्य बिहारी बोलियों मे भी मिलते हैं। २. मगही में सभी सज्ञाओ के ये चारों रूप सर्वदा नही मिलते, प्राय तीन ही रूप मिलते हैं। किस विशेष सज्ञा मे कौन-सा रूप व्यवहृत हो रहा है, यह केवल प्रयोग से ही जाना जा सकता है। बहुत-सी सज्ञाओ मे प्रथम दो ही रूप गृहीत होते हैं। वैकल्पिक रूप से, सभी सज्ञाएँ पिछले दोनो रूप (दीर्घ और अतिरिक्त) ग्रहण कर सकती हैं। ३. सज्ञा का निर्बल रूप, उसका सरलतम रूप है, क्योंकि इसमे कोई प्रत्यय नही जुडता।

---

१. "जिन शब्दों का रूप, अर्थ के कारण अथवा दूसरे शब्दों के सम्बन्ध से बदल जाता है, उन्हें 'विकार शब्द' कहते हैं। संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया विकारी-शब्द भेद हैं।"

सं० हि० व्या०—का० गु

२ "संज्ञा उस विकारी शब्द को कहते हैं, जिससे किसी वस्तु का नाम प्रकट हो।"

व्या० मर्य०—सु० वि

३. सबल रूप में, संज्ञा का रूप हिन्दी के ही समान रहता है।

बिना प्रत्यय के सहयोग के ही उसकी रचना होती है। ४ मगही में कुछ संज्ञाएँ सर्वदा ह्रस्व स्वरान्त रहती हैं। यथा—भात रात या राति, कोर आदि। इसके विपरीत कुछ संज्ञाएँ सर्वदा दीर्घ स्वरान्त रहती हैं। यथा—माछी पोथी माऊ आदि। ५ कुछ संज्ञाओं के निर्बल और सबल दोनों रूप व्यवहृत होते हैं। यथा—मि०—घोड़ घ — घोड़ा घर—घरा खोह—खोहा आदि। ६ मगही में संज्ञा का ह्रस्व रूप ही स्वाभाविक रूप होता है। दीर्घ-रूप का व्यवहार, अनादर सूचक और निश्चय बोधक भाव-व्यंजना के लिये किया जाता है। अतिरिक्त संज्ञा-रूपों का व्यवहार भी इसी प्रयोजन से किया जाता है। पर उसमें अनादर और निश्चय की मात्रा अधिक रहती है। यथा—ह्र — घोड़ा के ले ले आवऽ। दी —ओकर घुरुआ[1] के खोलौले ऐहऽ अति —ओकर घुरुअवा के खोलौले ऐहऽ। उपर्युक्त वाक्यों में 'घोड़ा' शब्द संज्ञा के स्वाभाविक रूप का बोधक है और 'घुरुआ' या 'घुरुअवा' शब्द अनादर सूचक और निश्चय बोधक भावों का द्योतक है।

लिंग[2] (Gender)

'बिहारी' की अन्य बोलियों (भोजपुरी और मैथिली) की भाँति मगही में भी दो लिंग होते हैं—स्त्रीलिंग और पुंलिंग। इस बोली में बहुत-सी ऐसी संज्ञाएँ हैं जो या तो पुंलिंग होती हैं या स्त्रीलिंग। यथा—

पु	स्त्री०
मटपर	बोरसी
खड लँढ़[3]	मौना[4]
बगा हुग्गा[5]	मइनी
चूहा	बोखदी
बैल	पहेरी
मसा, मच्छा	मइर
ढेरा	चिरई
भागू	मइमों

मगही में ऐसी अनेक संज्ञाएँ हैं, जिनके स्त्रीलिंग और पुंलिंग दोनों ही रूप होते हैं। ऐसी संज्ञाओं में निम्नांकित प्रत्ययों को जोड़ कर, पुंलिंग से स्त्रीलिंग रूप बनाये जाते हैं—

'आइन'

कुछ पुंलिंग संज्ञाओं में 'आइन' प्रत्यय जोड़ कर स्त्रीलिंग रूप बनाये जाते हैं। पर

---

१ बछड़ा।

२. "प्राणियों का बोध अथवा पदार्थों की जाति बताने के लिये शब्दों में जो रूपांतर होता है उसे लिंग कहते हैं।"—हि० वि० व्या०—का० गु०।

३ घर के पिछले भाग में स्थित मैदान, जहाँ साग-सब्जी बोयी जाती है।

४ छोटी पेटारी।

५ साथी।

वैसा करते समय यदि मूल शब्द मे दीर्घ स्वर का प्रयोग हुआ हो, तो उनका ह्रस्वीकरण हो जाता है। यथा—

पु०-रूप	ह्रस्वीकरण	प्रत्यय	स्त्रीलिंग रूप
गुरू		आइन	गुरुआइन
बाबू	बबु	,,	बबुआइन
लाला	लल्	,,	ललाइन
दूबे	दुब्	,,	दुबाइन

'इन'

कुछ पुलिंग सज्ञाओ मे 'इन' प्रत्यय जोडकर स्त्रीलिंग रूप बनाये जाते हैं। ऐसी सज्ञाओ का अत्यक्षर यदि अकारान्त हुआ, तो उससे स्वर 'अ' निकाल कर प्रत्यय लगाया जाता है। आकारान्त होने पर सीधे प्रत्यय जुड़ जाता है। यथा—

पु० रूप	'अ' स्वरहीन रूप	प्रत्यय	स्त्री० रूप
मलाह	मलाह्	इन	मलाहिन
सियार	सियार्	,,	सियारिन
जाट	जाट्	,,	जाटिन
मछुआ		,,	मछुआइन[1]
बनिया		,,	बनियाइन[1]

'ई'

प्राणीवाचक आकारान्त पुलिंग संज्ञाओ में 'ई' प्रत्यय जोड़ कर स्त्रीलिंग-रूप बनाये जाते हैं। प्रत्यय लगाने के पूर्व स्वर 'आ' हटा दिया जाता है। यथा—

पु० रूप	'आ' स्वरहीन रूप	प्रत्यय	स्त्रीलिंग रूप
साला	साल्	ई	साली
महरा	महर्	,,	महरी
मौगा	मौग्	,,	मौगी
बभना	बभन्	,,	बभनी

'इया'

आकारान्त पुलिंग सज्ञाओं मे 'इया' प्रत्यय जोडकर स्त्रीलिंग रूप बनाये जाते हैं, पर वैसा करते समय उन्हें ह्रस्व-निर्बल रूप मे ले आया जाता है। यथा—

पु० रूप	ह्रस्व-निर्बल रूप	पु०	स्त्री० रूप
घोड़ा	घोड़्	इया	घोड़िया
बूढ़ा	बूढ़्	,,	बुढ़िया

१. गया जिले में मछुअइन और बनियइन जैसे रूपों का भी व्यवहार होता है।

अपवाद—१ उन आकारान्त पुंलिंग संज्ञाओं जिनके ह्रस्व-निर्बल रूप नहीं होते के अन्त्यस्वर से स्वर हटा कर, 'इया' प्रत्यय जोड़ कर स्त्रीलिंग रूप बनाये जाते हैं—

पु रूप	स्वरहीन रूप	प्रत्यय	स्त्री० रूप
बकरा	बकर्	इया	बकरिया
गदहा	गदह्	,	गदहिया

२ कुछ पुंलिंग संज्ञाओं के दीर्घ रूपों से अन्त्य 'वा' का लोप कर दिया जाता है और उसकी जगह 'न्' रख कर 'इया' प्रत्यय जोड़ स्त्रीलिंग-रूप बनाये जाते हैं—

पु रूप	प्रत्यय	स्त्री रूप
सोनरवा	इया	सोनरनिया
कुंबड़वा	,,	कुंबड़निया
कहरवा	,,	कहरनिया
कुम्हरवा	,,	कुम्हरनिया

'नी'

कुछ पुंलिंग संज्ञाओं में नी प्रत्यय लगा कर स्त्रीलिंग-रूप बनाये जाते हैं। यथा—

पु० रूप	पु०	स्त्री रूप
मुसहर	नी	मुसहरनी
मेहतर	नी	मेहतरनी

'ऐनी'

कुछ पुंलिंग संज्ञाओं के अंत्यस्वर में आने वाले स्वर को लुप्त करके 'ऐनी' प्रत्यय जोड़ते हुए स्त्रीलिंग रूप बनाये जाते हैं। यथा—

पु रूप	स्वरहीन रूप	प्र	स्त्री रूप
खत्री	खत्र्	ऐनी	खत्रैनी
चौधरी	चौधर्	,	चौधरैनी
कुंबड़ा	कुंबड़्	,,	कुंबड़ैनी
पंडित	पंडित्	,,	पंडितैनी

कई स्त्रीप्रत्ययान्त शब्द सिर्फ स्त्रीलिंग के लिए ही प्रयुक्त होते हैं। यथा—सती, गाभिन, बाँझिन, सोहागिन, अहिवात, डाइन, देनी, चुड़ैल आदि।

कुछ अन्यान्य ज्ञातव्य बातें ये हैं—

१ मगही में संज्ञाओं का लिंग-ज्ञान क्रियाओं द्वारा नहीं होता क्योंकि क्रिया में लिंग भेद नहीं होता है। यथा—

मोहन आ रहल, गौरी आ रहल।

२ मगही में लिंग के कारण सम्बन्ध कारक के चिह्न में भी कोई परिवर्तन नहीं होता। यथा—

राम के घर राम के बहिन।

३ मगही शब्दो के विशेषणो मे भी लिंग के कारण कोई रूपगत परिवर्तन नहीं होता। यथा—

मुक्खल गइया, मुक्खल बैला, या
जेठवा बैसखवा के तपलइ भुमरिया[१]
सुन्नर[२] तिरियवा पानी भरि लइ हो राम।

वचन[३] (Number)

बिहारी की अन्य बोलियो के समान, मगही मे संज्ञाओ के दो वचन होते हैं—एकवचन और बहुवचन। बहुवचन के दो भेद होते हैं—साधारण और यौगिक।

एकवचन से बहुवचन बनाने के नियम—

१. एकवचन संज्ञा के अन्त्य दीर्घ स्वर को ह्रस्व करके, 'न' जोडने से बहुवचन के रूप बनते हैं। यथा—

ए०	बहु०
घोडा	घोड़न
घोँड़वा*	घोड़वन*
बेटा	बेटन
बेँटवा*	बेँटवन*

२. एकवचन संज्ञा के मूल रूप मे ही 'न' जोड कर बहुवचन के रूप बनाये जाते हैं—

ए०	बहु०
बैल	बैलन
घर	घरन

३. एकवचन से बहुवचन के रूप बनाने के लिये, एकवचन संज्ञा के ह्रस्व स्वरान्त अथवा व्यजनान्त रूप को दीर्घ रूप मे परिणत करके तथा उस दीर्घ रूप के अन्त्य दीर्घस्वर को ह्रस्व करके 'न' जोडा जाता है। यथा—

ए० व० (ह्रस्वरूप)	ए० व० (दी० रूप)	बहु०
औरत	औरतिया	औरतियन
बैल	बैलवा	बैलवन
आँम	अँमवा	अँमवन
माला	मलवा	मलवन
रानी	रनियाँ	रनियन

---

१ धरती की धूल।
२ सुन्दर।
३. "एक वस्तु सूचित करनेवाली संज्ञा एकवचन और एक से अधिक वस्तुओं का बोध कराने वाली संज्ञा बहुवचन कहाती है।" - सं० हि० व्या०—का० गु०
* ये, संज्ञा के दीर्घ रूप के एकवचन और बहुवचन के रूप हैं।

४ एकवचन में समूह निर्देशक संज्ञा (Noun of Multitude) 'सब' अथवा प्राणवारियों के लिए 'लोग' संयुक्त करके 'यौगिक बहुवचन' (Periphrastic plural) का रूप बनाया जाता है। यथा—घरसब मालीलोग आदि। इस प्रकार 'घर सब' का व्यवहार 'घरन' के स्थान में होता है और मालीलोग केर' का प्रयोग मलियन केर के स्थान में होता है। बहुवचन का रूप बनाने का यह सरलतम उपाय है।

५ कभी-कभी बहुवचन-ज्ञापक प्रत्यय 'सब' या 'लोग' हटा दिया जाता है। इससे बहुवचन संज्ञा एकवचन सी दीख पड़ती है। यथा—सोहनो क बेटा के के (कौन) समझवे। यहाँ 'बेटा सब' या 'बेटालोग' के स्थान में 'बेटा' का व्यवहार हुआ है।

जब संज्ञा के पहले संख्यावाचक विशेषण आता है तब यह एक साधारण नियम बन जाता है। यथा—

> अनेक तरह के जनावर[1] देखल गेलइ—पटना।
> बहुत तरह के जनावर देखल गेल—गया।
> लोहा के चार फाटक टूट गेलइ—पटना।
> लोहा के चार गो फाटक टूट गेल—गया।

कारक[2] (Case)

मगही में आठ कारक होते हैं। कर्त्ता छोड़ कर अन्य कारकों में परसर्गों[3] को जोड़ने से कारक-रूप सम्पन्न होते हैं। निम्नलिखित परसर्गों को जोड़ कर संज्ञा के रूप बनाये जाते हैं —

कर्त्ता— कर्त्ता में परसर्ग व्यवहृत नहीं होता है।
कर्म[4]—के, (कर्म कारक बिना परसर्ग के भी व्यवहार में आता है।)
करण—के (का)[5] से लेल लागी खागी, खातिर, बदे वास्ते, ए[6]।
अपादान—से से[7] सेती, सती[7]।

---

१ जानवर।

२ "संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से उसका संबंध क्रिया या दूसरे शब्द के साथ सूचित किया जाता है उसे कारक कहते हैं।" [illegible]

३. संज्ञा या सर्वनाम का सम्बन्ध क्रिया या दूसरे शब्द से बतलाने के लिए, उनके साथ, जो प्रत्यय अथवा चिह्न लगाया जाता है उसे परसर्ग या अनुसर्ग कहते हैं। यथा—के, से, का, से, केर, में।

४. अनेक क्रियाएँ एक साथ ही दो कर्म लेती हैं जिन्हें द्विकर्मक क्रिया कहते हैं। यथा—सिखाना, पढ़ाना, देना, देखा, दिखलाना आदि। दो कर्म जब एक साथ आते हैं, तब मुख्य कर्म पीछे रहता है और किया चिह्न से [illegible] है। यथा—सोहन हमर लइकवा के पानी पढ़ाव हथी। इसमें 'लइकवा' [illegible] और 'पानी' प्रधान कर्म है।

५. 'सा' 'सागी' का संक्षिप्त रूप है। यह सम्प्रदान कारक के अन्य चिह्नों से अधिक प्रचलित है।

६ वस्तु के अभाव [illegible] वाली क्रियार्थक संज्ञा में 'ए' प्रत्यय जोड़ कर सम्प्रदान कारक का रूप बनाया जाता है। यथा—तोरा बैठ [illegible] हमुख। क्रियार्थक संज्ञा 'बैठ' में 'ए' प्रत्यय जोड़ा गया है (बैठ+ए)। [illegible]

सम्बन्व—क,[1] के, केर, केरा, केरी[2]।
अधिकरण—मे, में, मों, ने[3]
सम्बोधन—अहो, एहो, अगे (गे) अजो (जी) एवे (ए,वे) अवे, अरे, रे।
अगे, गे और अहे का व्यवहार स्त्रियो के सम्बोधन के लिये होता है। अरे, अहो आदि का व्यवहार पुरुषों के सम्बोधन के लिए होता है।

सम्बन्ध कारक के कुछ रूपो को छोड कर, अन्य सर्वनामो मे भी ये परसर्ग लगाये जातेहैं। एकवचन, सम्बन्ध कारक मे व्यवहृत बहुत से सर्वनामो मे इन परसर्गों का व्यवहार नही होता।

निम्नाकित संज्ञाओ मे, उपर्युक्त परसर्गो का व्यवहार हुआ है। सभी संज्ञाओ मे, इसी प्रकार इनका व्यवहार होगा :—

(अ) तद्भव पुलिंग आकारान्त संज्ञा

घोड़ा[4]

ह्र० रूप	निर्बल—घोड़	दी०[5]—घोँड़वा, घोँड़न्वा
	सबल—घोडा	अति[6]—घोँड़वा, घोड़ौववा

	ए० व०	ब० व०
कर्त्ता—	घोड़ा[6]	घोडन[7]
कर्म—	घोड़ा, घोड़ा के	घोड़न, घोड़न के
करण—	घोडा से	„ से
सम्प्र०—	घोड़ा ला	„ ला
आपा०—	„ से	„ से
सम्ब०—	घोड़क, घोड़ा के	घोडनक, घोड़न के
अधि०—	घोड़ा में	घोड़न में
सम्बो०—	ए घोड़ा	ए घोड़न

१ शब्दों के विकारी रूप के अन्तिम दीर्घ स्वर को ह्रस्व कर, केवल 'क' जोड़ कर भी सम्बन्ध दिखाया जाता है। घोड़ा का विकारी रूप 'घोँड़वा' है। 'वा' के दीर्घ स्वर को ह्रस्व कर उसमें 'क' जोड़ दिया जाता है। यथा—घोड़वक, घोड़ियक, घरवक आदि।

२. 'केरा' और 'केरी' का प्रयोग पटना सिटी में मिलता है। इन रूपों का अत्यल्प प्रचलन है। 'केरा' और 'केरी' 'केर के' पुलिंग और स्त्रीलिंग रूप हैं। 'क' 'के' तथा 'केर' लिंग के कारण परिवर्तित नहीं होते। 'केरा' का प्रयोग किसी भी पुलिंग संज्ञा के पूर्व, बिना वचन के प्रतिबन्ध के होता है, किंतु 'केरी' का व्यवहार केवल स्त्रीलिंग में होता है। लोकगीतों में 'केरा' 'केरी' का अधिक व्यवहार देखने में आता है। यथा—

सोने केरा नैया रे मलहा, रूपे करूवार। फूलवा लोढन गेल, राजा केरी बेटिया।

३ अधिकरण कारक में 'ने' चिह्न का व्यवहार पूर्व पटना-(बिहार शरीफ और उसके आगे) क्षेत्र में होता है। यथा—हमनी पानी ने भींज गेली। यहाँ 'ने' का व्यवहार 'में' के अर्थ में हुआ है।

४ पूर्वोल्लिखित सभी परसर्गों का व्यवहार, क्रमश: सभी कारकों और दोनों वचनों में होगा।

५ दीर्घ तथा अतिरिक्त रूप की परिभाषा—पृ० ६

६ अथवा घोड़, घोँड़न्वा, घोडवा या घोँड़ौवा। इसी प्रकार सभी एकवचन के रूपों में होगा।

७ अथवा घोड़न्वन या घोड़ौवन, घोड़वन। इसी प्रकार समस्त बहुवचन के रूपों में होगा।

(आ) व्यंजनान्त पुलिंग संज्ञा

घर्

हृस्व रूप { नि०—घर / सब —घरा | दी०—घरवा, घरवा / अति —घरौवा, घरवा

	ए० व०	ब० व०[1]
कर्त्ता	घर[2]	घरन[3]
कर्म	घर, घर के घरे के[4]	घरन, घरन के
करण	घरैं, घरे, घर से, घरे से	„ से
सम्प्र	घर का घरे का	„ का
अपा	घर से घरे से	„ से
सम्ब	घरक घर के, घरेक घरे के	घरनक घरन के
अधि	घरे, घर मे घरे मैं	घरन मैं
सम्बो	ए घर	ए घरन

संज्ञा-रूपों के उपर्युक्त उदाहरण पर्याप्त हैं। इन्हीं की तरह अन्य संज्ञाओं के रूप चलेंगे। सभी स्वरान्त संज्ञाओं के रूप 'घोड़ा' के रूप की तरह चलेंगे तथा सभी व्यंजनान्त संज्ञाओं के रूप 'घर' की तरह होंगे।

सभी दीर्घ तथा अतिरिक्त रूपों का अन्तिम अक्षर अनुनासिक के जुटने पर, सानुनासिक (Nasalised) हो सकता है। अनुनासिक का प्रयोग वैकल्पिक रूप में होता है। यथा—घोरम्वा अथवा घोड़म्वाँ घोड़ौवा—घोड़ौवाँ घरम्वा—घरम्वाँ घरौवा—घरौवाँ मछिया—मछियाँ।

कारक के सम्बन्ध में निम्नलिखित बातें उल्लेखनीय हैं —

१ सभी दीर्घ स्वरान्त संज्ञाओं के साधारण और विकारी रूप समान होते हैं। यथा—कर्त्ता—घोड़ा विका०—घोड़ा। कर्म—घोड़ा के, विका —घोड़ा के।

२. व्यंजनान्त संज्ञापदों के कर्त्ता तथा विकारी के रूप कभी कभी एक से होते हैं और कभी कभी विकारी रूप 'ए' प्रत्यय लगाकर बनाये जाते हैं। यथा—कर्त्ता - घर

---

१ बहुवचन संज्ञा में 'सब' जोड़ कर भी बहुवचन के रूप बन सकते हैं। यथा—
घोड़ा सब के, घोड़ा सब का, घर सब के, घर सब का।

२ अथवा घरा, घरवा, घरम्वा, घरौवा। समस्त एकवचन में इसी प्रकार के रूप बन सकते हैं।

३ अथवा घरवन, घरम्वन, घरौवन। समस्त बहुवचन में ये रूप बन सकते हैं।

४ सभी व्यंजनान्त पुलिंग संज्ञा के एकवचन के रूप को, अन्त में 'ए' प्रत्यय जोड़कर, विकारी बनाया जा सकता है। यह विविध कारक चिह्नों का प्रतिनिधित्व करता है। हम घरे (घर से) से आयल। हम घर (घर पर) चल जायब।

कर्म—घर के या घरे के। इन सज्ञाओ मे प्राय 'ए' प्रत्यय का व्यवहार कई कारक-चिह्नो के सकेत के लिए भी होता है। यथा[१] —

कर्म —किताबे हाँथ में रक्खऽ नऽ।
करण —हम बले ले जायब।
सम्प्र०—तोरा बैइठे कहऽ हथुन।
सम्ब० —सोना केरा नइया रे मलहा, रूपे करूवार।
अधि०—घरे हथुन।

३. सभी दीर्घ स्वरान्त सज्ञाएँ, सम्बन्ध कारक मे, 'क' प्रत्यय जुडने पर ह्रस्व हो जाती हैं। यथा—घोड़क, किन्तु सम्बन्ध कारक मे अन्य परसर्गों के जुडने पर, ये दीर्घ स्वरान्त सज्ञाएँ, दीर्घ ही रह जाती हैं। यथा—घोड़ा के, घोडा केर आदि।

४. लकारान्त क्रियार्थक संज्ञा का विकारी रूप लाकारान्त होता है। यथा —क्रिया० सज्ञा—देखल्, विका०—देखला। ई देखला पर केकरा गोस्सा न होतइ। अन्य क्रियार्थक सज्ञा के रूप उपर्युक्त व्यजनान्त सज्ञापदो के साधारण नियमों का ही अनुसरण करते हैं। यथा—देखे के, देखे से, देखे ला आदि।

अन्य सज्ञाओ के साधारण रूप निम्नाकित हैं :—

(इ) पुलिंग तद्भव आकारान्त शब्द—

राजा

ह्र०—राजा, दी०—रजवा, रजन्वा, अति०—रजौवा—रजववा।
सम्बन्ध कारक—राजक, राजा के। कर्त्ता ब० व०—राजन आदि।

(ई) ईकारान्त पुलिंग सज्ञा—

माली

ह्र०—माली, दी०—मलिया, अति०—मलियवा।
ए० व०, सम्बन्ध कारक—मालिक, माली के।
कर्त्ता, ब० व०—मलियन[२]

(उ) ऊकारान्त पुलिंग सज्ञा—

---

१ यथा—
कर्म —किताब को ही हाथ में रखिए न।
करण —मै बलपूर्वक ले जाऊँगा।
सम्प्र०—तुम्हें बैठने के लिए कह रहे हैं।
सम्ब०—ए मलाहे! सोने की नाव है और रूपे का डाँड़।
अधि०—घर में ही है।

२ नियम के अनुसार 'माली' का बहुवचन 'मालिन' होना चाहिये था। पर यह इसके स्त्रीलिंग रूप में रूढ हो गया है। अत 'माली' का बहुवचन रूप 'मलियन' ही व्यवहृत होता है।

नाऊ

ह —नाऊ, बी —नउवा या नौवा, (नौवा) अति —नउअवा
ए व सम्बन्ध कारक—नाउक, नाऊ के,
कर्ता ब व —नाउन, नउअन [१]
(ऊ) ईकारान्त—स्त्रीलिंग संज्ञा

पोथी

ह—पोथी बी —पोथिया अति —पो थियवा।
ए व सम्ब कार —पोथिक, पोथी क आदि।
कर्ता बहु —पोथिन आदि।
(ए) व्यंजनान्त—स्त्रीलिंग संज्ञा—

बात

ह —बात दीर्घ—बतिया, अति —बतियवा।
कर्म ए व —बात के।
ए व सम्ब कार —बातक या बात के,
कर्ता बहुवचन—बातन आदि।

सम्बन्धवाची प्रत्यय

निम्नांकित उदाहरणों में सम्बन्धवाची प्रत्ययों का व्यवहार दिखाया गया है। पटना और गया जिले में इनके प्रयोग के स्वरूप को स्पष्ट करने के लिये दोनों स्थानों के अलग अलग नमूने दिये गये हैं, जिनके संकेत क्रमशः अ (पटना) और आ' (गया) हैं —

१ (अ) ई राम कर घर हइ।
(आ) ई राम के घर हइ।
२ (अ) हम राजा के नौ करी[२] ही।
(आ) हम रजवा के नौ करी हियइ।
३ (अ) मलियन क मुँह रह गेलइ।
(आ) मलिदयन के मो कवा रह गेल।
४ (अ) पापी के मार के कुच्छो दोस नऽ हइ।
या पापी के मार क कुच्छो दोस नइ।
(आ) कपटो के मारे के कुछु दोस न हे।
५ (अ) ऊ गाँव करी सभी मच कुँदते चल गेलथीन।
(आ) ऊ गाँव के महटरअन कुँदते चल गेलथीन।

---

१ 'नाउन' नाऊ' का स्त्रीलिंग रूप है। इस तरह बहुवचन में 'नउअन' का व्यवहार होता है।
२ टी।

६. (अ) देस देस के राजा सब अऍलथिन।
(आ) मुलुक मुलुक के राजा ऐलन।
७. (अ) हम राजा के गाँव में अइलूँ।
(आ) हम राजा के गाँव मे ऐली।
८. (अ) पंडित के घर में बड़ी पोथी रहऽ हइ।
(आ) पंडित के घर में ढेर पोथी रहऽ हइन।

सर्वनाम[1] (Pronouns)

सर्वनाम के रूप, सज्ञा-रूपो से कतिपय बातो मे भिन्न होते हैं। परसर्ग लगने के पूर्व, सज्ञा अविकारी रहती है, लेकिन सर्वनाम, कुछ अपवादो को छोडकर (परसर्ग लगने के पूर्व भी) विकारी होता है। यथा—

सज्ञा—कर्त्ता—घोड़ा, कर्म—घोडा के, करण—घोडा से आदि।

सर्वनाम—उ (वह), कर्त्ता—ऊ, कर्म—उन्हका के; करण—उन्हका से आदि।

सर्वनाम के, एकवचन कर्मकारक के रूप मे, एकवचन कर्त्ताकारक (सर्वनाम) के रूप से भिन्नता रहती है। उदाहरणार्थ 'कौन' शब्द के रूप को लें—

ए० व०, कर्त्ताकारक—के,

ए० व०, कर्मकारक—केकरा के।

स्पष्टत कर्त्ता और कर्म के रूपो मे अन्तर है। लेकिन इसके एक या दो अपवाद भी हैं। यथा—'कुछु' शब्द देखें—

ए० व०, कर्त्ता—'कुच्छो'।

ए० व०, कर्म—कुच्छो के आदि।

जिस सर्वनाम के सम्बन्धकारक का अन्त 'र' से होता है, उसमे 'रा' का प्रयोग पुलिंग के लिए और 'री' का स्त्रीलिंग के लिए होता है। लोकगीतो मे इनका व्यवहार अधिक होता है। यथा—मोरा, मोरी, केरा, केरी—

(क) सभवा चमकइ मोरा सामी के पगड़िया।
(ख) आज मोरी बेटिया ससुर घर जैहें।
(ग) सोने केरा नैया रे मलहा, रूपे करुवार।
(घ) फुलवा लोढ़न गेल मालिन केरी बेटिया।

सर्वनाम के रूपो मे लिंग भेद के कारण रूपातर नही होता। यथा—हम्मर बेटा, हम्मर बेटी।

मध्यम पुरुष के सर्वनाम को छोडकर, शेष सर्वनामो मे सम्बोधन कारक नही होता। यथा—म० पु०—हे तूँ! अहो! सुनऽ नऽ।

---

१ "सर्वनाम उस विकारी शब्द को कहते हैं, जो संज्ञा के बदले उपयोग में आता है।"
"कुल सर्वनाम प्रयोग की सुविधा के लिये ६ भागों में विभक्त कर दिये गये हैं —(१) पुरुषवाचक (२) निजवाचक, (३) निश्चयवाचक, (४) संबंधवाचक, (५) प्रश्नवाचक और (६) अनिश्चयवाचक।
व्या० मर्या०—सु० वि०

मध्यम पुरुष—अनादर वाचक

मगही—तूँ या तोँ†, हि०—तू, तुम

	ए० व०		ब० व०	
	ह्र०	दी०	ह्र०	दी०
कर्त्ता	—तूँ, तोँ	तूँ, तोँ[1]	तोहनी[1]	तोहरनी[2]
कर्म	—तोरा[2], तोरा के	तोहरा, तोहरा के	तोहनी, तोहनी के	तोहरनी, „ के
करण	— „ से	„ से	„ से	„ से
सम्प्र०	— „ ला	„ ला	„ ला	„ ला
आपा०	— „ से	„ से	„ से	„ से
सम्ब०	—तोर, तोरा, तोरी	तोहर, तोहार, तोहरे[3], तोहरा, तोहरी	„ के, केर, केरा, केरी	„ के, केर, केरा, केरी
अधि०	—तोरा में	तोहरा में	„ में	„ में
सम्बो०	—हे तोँ, हे तूँ	हे तोँ, हे तूँ	हे तूँ सब,—लोग	हे तूँ सब,—लोग

१ कर्त्ता कारक के 'तूँ' के एकवचन में, ह्रस्व एवं दीर्घ दोनों रूप समान ही होते हैं। २. तोरा और तोहरा पर जोर डालने के लिए क्रमशः तोरो और तोहरो का व्यवहार होता है। यथा—तोरो या तोहरो देखऽ ही (तुमको भी देखता हूँ)। ३. पटना तथा उसके पड़ोसी क्षेत्रों में 'तोहरे' का व्यवहार मिलता है, जो हिन्दी 'तुम्हारे' से प्रभावित है। यथा—तोहरे बेटा से कहऽ्ही (तुम्हारे ही बेटा से कहता हूँ)।

१. अथवा तोहनिन, तोहननी, तोहनिन्ह, तोँहनियोँ (दी० रूप), या तूँ सब,—लोग। सभी रूप इसी प्रकार चलेंगे। २ अथवा तोहरन्ही, तोहरन्हु, तोहरन या तोहरा सब, तोहरा लोग। आगे भी ऐसा ही चलेगा।

† तूँ या तोँ का प्रयोग आदरार्थ भी होता है। आदर की व्यंजना तूँ या तोँ से सम्बन्धित क्रिया से होती है। मगही की यह अपनी मौलिक विशेषता है, जो आदर के साथ-साथ प्रीति के आधिक्य, कोमलत्व और आग्रह को भी ध्वनित कर देती है। यथा—(१) तूँ (या तोँ) कहाँ जैवऽ? हिन्दी में शब्दार्थ—आप कहाँ जायेंगे? हिन्दी में ध्वनित अर्थ—प्रियवर, कृपा कर अवश्य कहिये, आप कहाँ जायेंगे?

(२) तोहरा खाय पड़तवऽ। हिन्दी में शब्दार्थ—आपको खाना पड़ेगा। हिन्दी में ध्वनित अर्थ—खैर आप जो कहते हैं, हम मानते हैं, पर आपको खाना ही होगा। बिना खाये हम न जाने देंगे। वस्तुतः तूँ या तोँ का आदरार्थ प्रयोग तथाकथित निम्न श्रेणी के लोगों में अधिक होता है। अन्य वर्गों के लोग आदरार्थ 'अपने' शब्द का अधिकाधिक व्यवहार करते हैं। यथा—अपने कहाँ जा हथिन? (आप कहाँ जा रहे हैं)। अपने का बोललथिन? (आप क्या बोले?)।

दूरवर्त्ती

मगही—ऊ , हि०—वह

ई और ऊ की रूपावली मे बहुत सादृश्य है।

	ए० व०		ब० व० †	
	ह्र०	दी०	ह्र०	दी
कर्त्ता —	ऊ	ऊ	ऊ[1]	उन्हकन्नी[2], उनकनी, ओकनी
कर्म —	ओह, ओह के	ओँकरा ओँकरा के	उन्ह, उन्ह के	उन्हकरा[3] (के)
करण —	,, से	ओँकरा से	उन्हका से	,, से
सम्प्र० —	,, ला	,, ला	,, ला	,, ला
आपा० —	,, से	,, से	,, से	,, से
सम्ब० —	ओह के, केर आदि	ओकर ओँकरा, री	उन्ह के, केर आदि	उन्हकर, उन्हकरा,—री
अधि० —	ओह मे	ओँकरा मे	उन्हका में	उन्हकरा में

† बहुवचन के रूप आदरवाचक भी हैं।

१. ऊ (सब) उन्ह (सब), उन्हन (सब) उन्हनी (सब) का भी व्यवहार होता है। इनमें से 'सब' शब्द को विकल्प से हटाया जा सकता है।

ऊ या उन्ह के स्थान पर उखनिन या ओँखनी का व्यवहार समस्त बहुवचन में हो सकता है।

२ अथवा उन्हकन्हीं भी शेष कारक-चिह्नों के साथ चल सकता है।

३ अन्य विकारी रूप हैं—उनकरा, उन्हका उनका, उनखा।

उनकरा का व्यवहार अन्त्य दीर्घस्वर को ह्रस्व करके, सबधकारक में होगा।

टिप्पणी—उपर्युक्त दोनों निश्चयवाचक सर्वनामों (ई, ऊ) में सिर्फ ई, ऊ, एह, ओह आदि ह्रस्व रूपों का विशेषण या विशेष्य के रूप में प्रयोग होता है। एकरा, ओकरा, इन्हकनी, उन्हकनी आदि दीर्घ रूपों का केवल विशेष्य के रूप में व्यवहार होता है।

(उ) प्रश्नवाचक

मगही—के, हिन्दी—कौन

	ए० व०		व० व०	
	ह्र०	दी०	ह्र०	दी०
कर्त्ता	—कउन, कौन, के	के, को	के[1]	किन्हकनी[2] किनकनी
सवध	—कें ह् कें आदि	केकर,-रा,-री	किन्ह् के आदि	किन्हकर[3],-रा-री फिनकर
विकारी	—कें ह्	कें करा	किन्ह्	किन्ह्का

प्रश्नवाचक सर्वनाम

विशेष्य सूचक

मगही—का अथवा की; हिन्दी—क्या ?

का और की सर्वनामो का व्यवहार, निर्जीव पदार्थों के लिये होता है। पटना के दक्षिणपूर्व भाग मे 'की' का व्यवहार होता है। 'का' केवल विशेष्य के रूप मे प्रयुक्त होता है। इसके वहुवचत का रूप 'के' (कौन) के रूप के समान है।

ए० व०

	प्रथम रूप	द्वितीय रूप
कर्त्ता	—का, की	कौंची, कउची
कर्म	—काहे के	,, के, ,, के
करण	—,, से	,, से, ,, से
सम्प्र०	—,, ला	,, ला, ,, ला
आपा०	—,, से	,, से, ,, से
सवध०	—,,के, केर	,, के, ,, के
अधि०	—काहे में	,, में, ,, में

१ अन्य रूप 'जे' के समान है। सर्वत्र 'ज' के स्थान पर, 'क' लगाना चाहिये। २. अथवा किन्हकन्ही। ३ अन्यरूप 'जे' के समान है। सर्वत्र 'ज' के स्थान पर 'क' लगाना चाहिये। ४. द्वितीय रूप, वैकल्पिक रूप से गया में प्रयुक्त होते हैं।

(ऊ) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

मगही—केॅऊ[1] कोई हिन्दी—कोई

एक

कर्ता—केऊ कोई	या	केहू	
कर्म—केॅकरोॅ (के)	या	कौनोॅ[2] (के)	
करण—केॅकरोॅ से	या	कौनोॅ से	
सम्प्र०—	का	या	का
अपा०— ,, से	या	,,	से
सम्ब०—केॅकरोॅ	या	,,	के
अधि०— ,, में	या	,,	में

टिप्पणी—अनिश्चयवाचक सर्वनाम का बहुवचन-रूप नहीं होता। अनिश्चयवाचक सर्वनाम 'कुछु' 'कुच्छो' या 'कुच्छुओ' (कुछ कुछ भी) का रूप विशेष्य की तरह नियमित रूप से चलता है। यथा—कुच्छो के, कुच्छो से आदि।

अनिश्चयवाचक सर्वनाम 'सब' का रूप भी विशेष्य की तरह चलता है। इसे प्रायः 'सभ' लिखा जाता है। बहुवचन के रूप पर जोर डालने के लिए 'सभन' या 'सबन' का व्यवहार होता है। यथा—सभ के (सब का) सभन के। सभन केॅ कहने से कथन पर जोर पड़ जाता है।

अनिश्चयवाचक सर्वनाम 'जेकेॅऊ' तथा 'जेकुच्छो' यौगिक शब्द हैं। इनका रूप अपने अंगमात्र (component parts) की तरह नियमित रूप से चलता है। यथा—

कर्मकारक एकवचन—जे इ केॅकरो जे इ कुच्छो;

करणकारक ,, —जेॅ इ केकरो से आदि

अनिश्चयवाचक सर्वनामसूचक विशेषण 'कोई' का अर्थ कई है।

---

१. जब यह सर्वनाम विशेषण के रूप में व्यवहृत होता है तब "कौनो" या "कवनो" का रूप भी धारण कर लेता है। २. कौनें या कोई या केहू के रूप भी सभी कारकों में एक जैसे हैं।

सर्वनाममूलक विशेषण-रूप

निम्नलिखित तालिका मे प्राय. प्रयुक्त होने वाले सर्वनाममूलक विशेषण और क्रिया विशेषण के रूप सक्षेप मे दिये जाते हैं —

		सर्वनाम	गुणवाचक	परिमाणवाचक	कालवाचक	स्थानवाचक	दिशावाचक
निश्चयवाचक	निकटवर्ती	ई	अइसन	ऍत्तेॅक, ऍतना	अखनी	हिँयाँ, ईठमाँ, इठवाँ	ऍन्ने, ऍहर, ऍन्दे
	दूरवर्ती	ऊ	ओॅइसन	ओॅत्तेॅक, ओॅतना	ओॅखनी	हुँआँ, ऊठमाॅ, उठवाॅ, ओॅतह	उन्ने, उहर, ओन्ने, ओन्दे
सवधवाचक		जे	जइसन	जेॅत्तेॅक, जेॅतना	जखनी, जहिया	जेठमाॅ, जेँठवाॅ	जेॅन्ने, जेॅहर, जेॅन्दे
नित्य सवधी		से	तइसन	तेॅत्तेॅक, तेॅतना	तखनी, तहिआ	तेॅठमाॅ, तेॅठवाॅ	तेॅन्ने, तेहर, तेन्दे
प्रश्नवाचक		के	कइसन	केॅत्तेॅक केॅतना	कखनी, कहिआ	केठमाॅ, केॅठवाँ, कहवाॅ	केॅन्ने, केॅहर, केॅन्दे

सर्वनाममूलक विकारी संबंधकारक

८ तथा 'न' से अन्त होने वाले सर्वनाममूलक संबंधकारक के निम्नांकित उदाहरण हैं। इनका विकारी रूप 'रा' तथा 'ना' है। 'र' से अन्त होने वाले सभी सार्वनामिक शब्दों के विकारी रूपों का प्रयोग कर्ताकारक को छोड़ शेष सभी कारकों में होता है।

सम्बन्ध कारक के साधारण रूप	विकारी रूप
मोर	मोरा
हम्मर	हमरा
तोर	तोरा
तोहर	तोहरा
अप्पन	अपना
एकर	एकरा
ओकर	ओकरा
जेकर	जेकरा
तेकर	तेकरा
केकर	केकरा

सम्बन्ध कारक के साधारण और विकारी रूपों के निम्नांकित उदाहरण हैं—

(अ) साधारण रूप

१ ओकर लड़का कइसन बेस हइ।

२. केकर बेटा हइ।

३ हम्मर घथा बिगड़ल।

४ अप्पन धनमाँ लुटा के गरीब हो गेलइ।

५ तोर घर बेस हवऽ।

६ एकर बेटी गोर हइ।

(आ) विकारी रूप

१ ओ॑करा घड़े के घोड़ा हइ।

२. ऊ हमरा फुलवारी में आवल।

३ तोहरा सरकी[1] में धान हइ।

४ तोरा हमरा स हम आपका केम।

५ *अपना जिम्मा में किसुनमा खोजबकइ।*

६ जे॑करा देखऽ हइ ओ॑करा से माँगऽ।

पूर्व-उल्लिखित 'रा' 'ना' से अन्त होने वाले पटना में प्रचलित संबंधकारक को, रूप मूलक विकारी संबंधकारक से भिन्न मानना चाहिये।

---

१ मैली थोरी।

ग्रामीण लोग कभी-कभी विकारी के स्थान पर साधारण रूप का व्यवहार करते हैं। लेकिन साधारण रूप के स्थान पर विकारी रूप कभी व्यवहृत नहीं होता। यथा—

विकारी—'ओकर' बड़ के घोड़ा हइ।

यहाँ विकारी 'ओंकरा' का साधारण रूप 'ओकर' व्यवहृत हुआ है। लेकिन—'ओंकरा' लड़का फेकन देख हइ, नहीं हो सकता, क्योंकि साधारण रूप (ओकर) के स्थान पर विकारी रूप का व्यवहार नहीं होता।

विशेषणवाचक सर्वनाम

नीचे विशेषण और विशेष्य रूप में व्यवहृत सर्वनाम के रूप दिये जाते हैं। उल्लेखनीय है कि मगही में प्राय: विकारी रूप एँह, ओंह, जेंह, तेंह और केंह के स्थान पर क्रमश: ए, ओ, जे, ते और के लिखे और उच्चरित किये जाते हैं।—

१ जे आयल हल, से गेल।
२ जे जन आयल हल, से गेल।
३. जेकर खेत, तेकर धान।
४. जेंह (या जे) जन के खेत, तेंह जन के धान।
५. के हल?
६. ऊ कवन लोक[1] हइ।
७ केकर घोड़ा हइ।
८ की हइ या की हकइ या का हइ?
९ कवन पेड़ हइ।
१०. काहें में पानी लगलहु हे?
११ कवन लोटा में पानी लगलहु हे।
१२ केऊ नऽ अयलइ।
१३ केऊ (या कौनो) लड़िका नऽ अयलइ।
१४. ऊ गाँव में केंकरो कुछ नऽ हइ।
१५ उ गाँव के कउनों धनिया से कुछु नऽ मिली।
१६ ऊ दवाइ के कुच्छो[2] में धरे के होइ।
१७. कएगो मरदाना अइलथिन।

---

१. आदमी। २. किसी पात्र में।

विशेषण[1] (Adjectives)

विशेषण के मुख्यतः तीन भेद किये जाते हैं—(१) सार्वनामिक विशेषण (२) गुणवाचक विशेषण और (३) संख्यावाचक विशेषण।

(१) सार्वनामिक विशेषण

पुरुषवाचक और निजवाचक सर्वनामों को छोड़कर, शेष सर्वनामों का व्यवहार विशेषण-रूप में होता है। इसीसे ये सार्वनामिक विशेषण कहलाते हैं। यथा—

निश्चयवाचक —इ पोथी ऊ घर।

अनिश्चयवाचक—कोइ आदमी केउ लड़का कुच्छो काम कुच्छो बात।

प्रश्नवाचक —कवन पेड़ कवन पोथी ? का काम की बात ?

सम्बन्धवाचक —से लड़का/जे घर, से काम।

'अप्पन और 'अनकर'[2] भी सार्वनामिक विशेषण हैं क्योंकि इनका भी व्यवहार प्रायः विशेषणवत् होता है। यथा—अप्पन घर अप्पन बोली अनकर धन, अनकर बोली।

व्युत्पत्ति के अनुसार सार्वनामिक विशेषण के दो भेद होते हैं—(१) मूल और (२) यौगिक।

(१) मूल सार्वनामिक विशेषण वे हैं, जो बिना किसी रूपान्तर के संज्ञा के साथ आते हैं। यथा—इ नौकर ऊ गाय केउ आदमी, कुच्छो बात आदि।

(२) यौगिक सार्वनामिक विशेषण वे हैं, जो मूल सार्वनामिक विशेषणों में प्रत्यय लगाने से बनते हैं और संज्ञा के साथ आते हैं। यथा—ऐसन लड़का, जैसन करनी तैसन भरनी, वैसन घर ओयसन बात।

यौगिक सार्वनामिक विशेष्यों के साथ जब विशेष्य नहीं रहता तब उनका व्यवहार विशेष्यवत् होता है। यथा—एतने में ऐसन मेलइ जैसन बोवऽ तैसन काटयऽ।

तथा पर जोर डालने के लिए, मगही के सार्वनामिक विशेषण में हि, हु, प्रयुक्त कर दिये जाते हैं—एहि आदमी, एहु चीज, ओहि ओहु केहि जेहु तेहि, तेहु, केहि, केहु।

कई सार्वनामिक विशेषण परिमाण समूह आकृति आदि का बोध कराते हैं। इन्हें परिमाणवाचक सार्वनामिक विशेषण कहा जाता है। यथा—

समूहबोधक—एतना आदमी, ओतना, जेतना तेतना केतना।

परिमाणबोधक—एत्ता भात ओत्ता जेत्ता तेत्ता केत्ता।

आकृतिबोधक—एतवड़ हाँड़ी ओतवड़ जेतवड़, तेतवड़ केतवड़।

कुछ सर्वनाम गुण अवस्था आदि का बोध कराते हैं। इन्हें गुणवाचक सार्वनामिक विशेषण कहा जाता है। यथा—

ऐसन घर, ओयसन बात, जैसन बाछा तैसनका कैसन मिठाई।

---

१ "संज्ञा के गुण या किसी प्रकार की विशेषता प्रकट करने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं।" —हि व्या०—गु० मि।

२. परक।

(२) गुणवाचक विशेषण[1]

मगही मे गुणवाचक विशेषण के संज्ञावत् तीन रूप होते हैं—ह्रस्व, दीर्घ और अतिरिक्त। यथा—

ह्रस्व	दीर्घ	अतिरिक्त
नया	नयका	नयकवा
लाल	ललका	ललकवा
पुराना	पुरनका	पुरनकवा
पीयर	पिअरका	पियरकवा
लम्मा	लमका	लमकवा

ये विशेषण, जब ह्रस्व रूप मे रहते हैं, तब सामान्य संज्ञा की विशेषता बताते हैं। यथा—नैया साड़ी लेहऽ। लाल गाय के दूध दुहऽ। यहाँ नया और लाल विशेषण क्रमश सामान्य संज्ञा साडी और गाय की विशेषता प्रकट करते हैं। किन्तु जब विशेषण दीर्घ और अतिरिक्त रूप मे रहते हैं, तब संज्ञा विशेष की विशेषता बताते हैं। यथा—

नयका साडी लैहऽ; नयकवा साड़ी लैहऽ।

यहाँ नयका और नयकवा से साडी विशेष की विशेषता प्रकट होती है।

मगही के गुणवाचक विशेषणो मे, हीनता का अर्थ प्रकट करने के लिए सा, भर, सन या सुन प्रत्यय जोडे जाते हैं। यथा—

तनी सा भात दे।
तनी सन अचार दे।
तनके सुन तो खेली है।
ठोप भर दाल दे।
घुन्नी[2] भर तरकारी दे।

जब गुणवाचक विशेषण का विशेष्य लुप्त रहता है, तब उसका प्रयोग संज्ञा के समान होता है। यथा—

गरीबोआ गुने[3] ने, न तो काहे ला दुखड़ा करती हल। अहे नयको। तनी एन्ने ऐहऽ।

विशेषण में लिंग के कारण रूपांतर

मगही के विशेषणो मे लिंग के कारण रूपान्तर सामान्यत नही होता। यथा—

गोर मेहरारू, गोर मरद, करिया बिलाइ, करिआ बिलाइ आदि।

जहाँ विशेषण से सामान्य संज्ञा की विशेषता प्रकट होती है, वहाँ उसमे लिंग के कारण रूपातर नही होता, किन्तु जहाँ वह संज्ञा विशेष की विशेषता बताता है, वहाँ उसमे प्राय

---

१ "गुणवाचक से गुण, अवस्था, रंग, आकार, दशा आदि का बोध होता है। जैसे—नया, पुराना, काला, लाल, लम्बा, चौड़ा, दुबला, पतला, भला, बुरा, अच्छा इत्यादि।" व्या० मग—सु० वि०।
२ थोड़ा सा। ३ गरीब होने के कारण।

रूपान्तर हो जाता है। रूपान्तर की स्थिति में विशेषण विशेष्य के अनुकूल लिंग कारक और वचन ग्रहण करता है। प्राय: पुंलिंग विशेषण में 'ई' प्रत्यय जोड़कर, स्त्रीलिंग विशेषण के रूप बनाये जाते हैं। यथा—

पुं	स्त्री
ललका (बैलवा)	ललकी (गइया)
समका	समकी
नयका	नयकी
छोटका	छोटकी
नमहका	नमहकी
करिकका	करिककी
पीयरा	पीयरी
मुतहा	मुतही
कमाहा[1]	कमाही
पितियाहा[2]	पितियाही
मथुरावला	मथुरावली
कासीओला	कासीओली

विशेषण में वचन के कारण रूपान्तर

एकवचन से बहुवचन के रूप बनाने के लिए, विशेषण के एकवचन के अन्त्य दीर्घ स्वर को ह्रस्व करके 'न' जोड़ दिया जाता है। यथा—

ए० व०	ब० व०
ललका	ललकन
पियरका	पियरकन
पुरनका	पुरनकन
गयावला	गयावलन

पुंलिंग विशेषण के एकवचन दीर्घ रूप के अन्त्य दीर्घ स्वर को ह्रस्व करके 'इन' प्रत्यय जोड़ने से स्त्रीलिंग बहुवचन विशेषण के रूप बनते हैं। यथा—

पुंलिंग ए० व०	स्त्री० ब० व०
ललका	ललकिन
पियरका	पियरकिन

तुलनात्मक विशेषण

मगही में संस्कृत-पद्धति से 'तर' और 'तम' प्रत्यय लगा कर, तुलनात्मक विशेषण नहीं बनाये जाते। 'बिहारी' वर्ग की अन्य बोलियों की पद्धति पर ही इसमें तुलनात्मक भाव

---

१. कमाने वाला। २. ओघी।

की अभिव्यक्ति होती है। तुलनात्मक विशेषण में प्रायः निम्नांकित शब्दों का प्रयोग होता है—

जादा, कम और बेसी। यथा—

ऊ घर से ई घर जादे बड़ा हुइ।

उनका से का तूँ कम सुन्दर हुऽ?

हमरा से तोरा बेसी लूर[1] हवऽ।

उत्तमावस्था सूचित करने के लिए 'सभ' या 'सभन' का व्यवहार होता है। यथा—

ऊ सभे से आला हउवुन।

हमनी सभन से उनकर घर बेस हइन।

समता का भाव प्रदर्शित करने के लिए, निम्नांकित शब्दों का व्यवहार होता है—

ऐसन, नियर और नियन। यथा—

हमरा ऐसन सभागा सब कोई होय।

तोरा नियर धर्मी मिलना कठिन है।

ओंकरा नियन खोट दिल न करऽ।

संख्यावाचक विशेषण[2] (Numeral adjectives)

संख्यावाचक विशेषण के मुख्य तीन भेद होते हैं—

(१) निश्चित संख्यावाचक[3] (२) अनिश्चित संख्यावाचक[4] और (३) परिमाणवाचक[5]।

१ निश्चित संख्यावाचक विशेषण

इसके पाँच भेद हैं—गणनावाचक, क्रमवाचक, आवृत्तिवाचक, समुदायवाचक और प्रत्येकबोधक।

---

१. क्रम।

२. "संख्यावाचक से संख्या, परिमाण आदि का बोध होता है। जैसे—एक, दो, थोड़ा, पहला आदि।" व्या० मर्य०—सु० त्रि०

३. "निश्चित संख्यावाचक से वस्तुओं की निश्चित संख्या का बोध होता है। जैसे—'एक' लड़का। 'दस' मनुष्य, 'पाव भर' आटा। पाँचो अंगुलियाँ इत्यादि।" व्या० मर्य०—सु० वि०

४ "जिस संख्यावाचक विशेषण से किसी निश्चित संख्या का बोध नहीं होता, उसे अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण कहते हैं, जैसे दूसरा, सब, बहुत आदि।" सं० हि० व्या०—का० गु०

५ "परिमाणबोधक विशेषणों से किसी वस्तु की नाप या तौल का बोध होता है; जैसे—और, सब, सारा, अधिक आदि।" सं० हि० व्या०—का० गु०

। गणनावाचक विशेषणों के दो भेद हैं—(अ) पूर्णांकबोधक और (आ) अपूर्णांकबोधक।

(अ) पूर्णांकबोधक (cardinal)

मगही में पूर्णांकबोधक शब्द हिन्दी के ही समान हैं। केवल निम्नांकित विशेषणों में हिन्दी से भिन्नताएँ लक्षित होती हैं—

१—ऐक या एगो[1]
२—दो या दू
५—पान
६—छो
९—नो
११—इगारह
१४—चउदह
१५—पनरह
१६—सोरह
१७—सतरह
१९—उनइस
२१—एकइस
२७—सैताइस
७१—ऐकहत्तर
७२—बहत्तर
७३—तिहत्तर
७४—चौहत्तर
७५—पचहत्तर
७६—छिहत्तर
७७—सतत्तर
७८—अठहत्तर
८९—नोआसी
१०,०० ,०० कड़ोर या करोड़

(आ) अपूर्णांक बोधक (Fractional Numbers)

अपूर्णांक बोधक विशेषण निम्नांकित हैं —

पाव पौआ (= ¼) तेहाई (= ⅓), अधिया (= ½),
पौने या गौंठ (= ¾ या — ¼)
सवाँ सवाई (= १¼, या +¼) डेढ़ (= १½)
अढ़ाइ, अढ़ैया (= २½) साढ़े (= +½)

क्रमवाचक (Ordinal)

इसमें सामान्य ह्रस्व दीर्घ और अतिरिक्त तीन रूप मिलते हैं। प्र. तक क्रमवाचक विशेषण निम्नांकित हैं —

साधारणरूप	विकारीरूप
पहिल	पहिला
दोसर	दोसरा
तेसर	तेसरा
चौठ	चौठा
पाँचो	पँचवाँ
छठो	छठवाँ

१ निश्चित संख्या पर और डालने के लिए, इसके साथ 'गोटा' शब्द का व्यवहार होता है। यथा— चारे गोटा ल्योता में ऐलथ।

छः के बाद के क्रमवाचक विशेषण के विकारी रूप, पूर्णांक बोधक संख्या में वाँ, वीं तथा ओं जोड़कर बनाये जाते हैं। यथा—

दसवाँ, दसवीं, दसों; पचासवाँ, पचासवीं, पचासों।

आवृत्तिवाचक

(क) पूर्णांकबोधक विशेषण के आगे 'गुना' शब्द लगाने से आवृत्तिवाचक विशेषण बनते हैं। यथा—

दू + गुना = दुगुना, छो—छगुना, नो या नौ—नोगुना या नौगुना।

(ख) मगही में 'परत' के अर्थ में हर, हरा, हारा, जोड़ा जाता है। यथा—

ऍकहर, ऍकहरा, ऍकाहारा, दोहर, दोहरा, दोहारा।

(ग) बार, बेर या बेरी जोड़ कर भी आवृत्तिबोधक विशेषण बनाये जाते हैं। यथा—एक बार, सात बेर, नौ बेरी।

समुदायवाचक

पूर्णाङ्कबोधक विशेषणों के आगे 'ओं' जोड़ कर समुदायवाचक विशेषण बनाये जाते हैं। यथा—दस—दसों, बीस—बीसों, दू—दुन्नों, दु—दुओ, तीन—तीनों, चार—चारों। इसी प्रकार आगे की संख्याएँ बनेंगी।

समुदाय के अर्थ में कुछ संज्ञाएँ भी व्यवहृत होती हैं। यथा—जोड़ा (दो), गंडा (चार), कोड़ी (बीस), बीसा, बीसी, गाही[1] (पाँच), पन[2]।

प्रत्येकबोधक

(अ) प्रत्येकबोधक विशेषण से कई वस्तुओं में से प्रत्येक का बोध होता है। यथा—हर[3] आदमी के अपन घर, ले जाना भत्त नऽहे।

(ख) गणनावाचक विशेषणों की द्विरुक्ति से भी इसी अर्थ की अभिव्यक्ति होती है। यथा—दू दू आदमी के भेजवऽ ? एक-एक, दस-दस आदि।

(ग) अपूर्णाङ्क विशेषणों में मुख्य शब्द की द्विरुक्ति होती है। यथा—आध-आध सेर दूध, डेढ़-डेढ़ सौ रुपिया आदि।

२. अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण (Indefinite Cardinals)

संख्यावाचक विशेषणों में 'ओ' या 'ओं' प्रत्यय जोड़ कर अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण बनाये जाते हैं। यथा—

बीस—बीसों, लाख—लाखो, हजार—हजारों।

हजारों आदमी मरलन।

---

१ आम, लीची और कागजी नींबू बेचने में 'गाही' का व्यवहार होता है।

२. 'पन' का व्यवहार प्रायः गोयठे की गिनती में होता है। स्थान-विशेष के अनुसार २२ या २३ गयठे की गिनती के बाद, एक गोयठा अलग रख दिया जाता है, जो उतने की सूचना देता है। यही 'पन' कहलाता है।

३ प्रत्येक।

। एकतावाचक विशेषणों के दो भेद हैं—(अ) पूर्णांकबोधक और (आ) अपूर्णांकबोधक।

(अ) पूर्णांक बोधक (cardinal)

मगही में पूर्णांकबोधक शब्द हिन्दी के ही समान हैं। केवल निम्नांकित विशेषणों में हिन्दी से भिन्नताएँ लक्षित होती हैं—

१—एँक या एगो[1]	७१—एँकत्तर
२—दो या दू	७२—बहत्तर
५—पान	७३—तिहत्तर
६—छो	७४—चौहत्तर
९—नो	७५—पचत्तर
११—इगारह	७६—छिहत्तर
१४—चव्वह	७७—सतत्तर
१५—पनरह	७८—अठत्तर
१६—सोरह	८९—नोआसी
१७—सतरह	१०,० ,०० करोर या करोड़
१९—उनइस	
२१—एकइस	
२७—सेताइस	

(आ) अपूर्णांक बोधक (Fractional Numbers)

अपूर्णांक बोधक विशेषण निम्नांकित हैं —

पाव पौआ (= $\frac{1}{4}$) तेहाई (= $\frac{1}{3}$), अधिया (= $\frac{1}{2}$)

पौने या गँऊँठ (= $\frac{3}{4}$ या $-\frac{1}{4}$)

सवाँ सवाई (= $1\frac{1}{4}$ या $+\frac{1}{4}$) डेढ़ (= $1\frac{1}{2}$)

अढ़ाइ, अढ़ैया (= $2\frac{1}{2}$) साढे (= $+\frac{1}{2}$)

क्रमवाचक (Ordinal)

इसमें संज्ञावत् ह्रस्व दीर्घ और अतिरिक्त तीन रूप मिलते हैं। स. तक क्रमवाचक विशेषण निम्नलिखित हैं —

साधारणरूप	विकारीरूप
पहिल	पहिला
दोसर	दोसरा
तेसर	तेसरा
चौठ	चौठा
पाँचो	पँचवाँ
छठो	छठवाँ

१ निश्चित संख्या पर जोर डालने के लिए, उसके साथ 'गोटा' शब्द का व्यवहार होता है। जैसे— चार गोटा ग्वाला में देखल।

छः के वाद के क्रमवाचक विशेषण के विकारी रूप, पूर्णांक बोधक सख्या मे वाँ, वीं तथा ओं जोड़कर बनाये जाते हैं। यथा—

दसवाँ, दसवीं, दसों, पचासवाँ, पचासवीं, पचासों।

आवृत्तिवाचक

(क) पूर्णांकबोधक विशेषण के आगे 'गुना' शब्द लगाने से आवृत्तिवाचक विशेषण बनते हैं। यथा—

दू + गुना = दुगुना, छो—छगुना, नो या नौ—नोगुना या नौगुना।

(ख) मगही मे 'परत' के अर्थ मे हर, हरा, हारा, जोड़ा जाता है। यथा—

ऍकहर, ऍकहरा, ऍकाहारा, दोहर, दोहरा, दोहारा।

(ग) वार, बेर या बेरी जोड़ कर भी आवृत्तिबोधक विशेषण बनाये जाते हैं। यथा—एक बार, सात बेर, नौ बेरी।

समुदायवाचक

पूर्णाङ्कबोधक विशेषणो के आगे 'ओं' जोड़ कर समुदायवाचक विशेषण बनाये जाते हैं। यथा—दस—दसों, वीस—वीसों, दू—दुन्नों, दु—दुओ, तीन—तीनों, चार—चारों। इसी प्रकार आगे की सख्याएँ बनेंगी।

समुदाय के अर्थ मे कुछ सज्ञाएँ भी व्यवहृत होती हैं। यथा—जोड़ा (दो), गंडा (चार), कोड़ी (बीस), बीसा, बीसी, गाही[1] (पाँच), पन[2]।

प्रत्येकबोधक

(अ) प्रत्येकबोधक विशेषण से कई वस्तुओ मे से प्रत्येक का बोध होता है। यथा—हर[3] आदमी के अपन घर, ले जाना भल नऽहे।

(ख) गणनावाचक विशेषणो की द्विरुक्ति से भी इसी अर्थ की अभिव्यक्ति होती है। यथा—दू दू आदमी के भेजबऽ? एक-एक, दस-दस आदि।

(ग) अपूर्णाङ्क विशेषणो मे मुख्य शब्द की द्विरुक्ति होती है। यथा—आध-आध सेर दूध, डेढ़-डेढ़ सौ रुपिया आदि।

२. अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण (Indefinite Cardinals)

सख्यावाचक विशेषणों मे 'ओ' या 'ओं' प्रत्यय जोड़ कर अनिश्चित सख्यावाचक विशेषण बनाये जाते हैं। यथा—

बीस—बीसों, लाख—लाखो, हजार—हजारों।

हजारों आदमी मरलन।

---

१ आम, लीची और कागजी नींबू बेचने में 'गाही' का व्यवहार होता है।

२. 'पन' का व्यवहार प्राय गोयठे की गिनती में होता है। स्थान-विशेष के अनुसार २२ या २३ गयठे की गिनती के बाद, एक गोयठा अलग रख दिया जाता है, जो उतने की सूचना देता है। यही 'पन' कहलाता है।

३ प्रत्येक।

अनिश्चय का भाव प्रकट करने के लिए संख्या के साथ 'एक' भी लगाया जाता है।
यथा—सेर एक लेबऽ। कैक[1] आदमी गेलथी। बीस एक आदमी अयथी।

३. परिमाणबोधक विशेषण (quantitative adjectives)

मगही में प्रमुख परिमाणबोधक विशेषण निम्नांकित हैं —

अबर, सब्भ (सब) समुचे (समूचे) थोड़ थोर, थोरका (थोड़ा) बहुते, जादे कम पूरा पुरे आदि। यथा—

अबर दूध, सब्भ फल, समुचे घर, थोड़ धन बहुते आदमी, जादे बात, कम भात, पूरा दोकान।

संख्यावाचक विशेषण के मुख्य तीन भेदों के अतिरिक्त मगही में दो अन्य प्रकार के संख्यावाचक शब्द मिलते हैं—गुणात्मक संख्यावाचक तथा ऋणात्मक संख्यावाचक। 'बिहारी' वर्ग की अन्य बोलियों में भी ये वर्तमान हैं।

गुणात्मक संख्यावाचक (Multiplicatives)

गुणात्मक संख्याओं का व्यवहार प्रायः पोहड़ा (पहाड़ा) में होता है। यथा—दु नमाइ चौअम, पच नमों पैंतालीस। गुणात्मक संख्याएँ पूर्णांक बोधक और अपूर्णांक बोधक दोनों हो सकती हैं। नीचे बीस तक के अन्तर्गत आने वाली गुणात्मक संख्याएँ दी जाती हैं —

× १ एकको
× १¼ सवा, सवैया
× १½, ड्योढ़ा
× २, दूना, दूनी दोबरी, दुगुना
× २½, अढ़ाइ अढ़ैया
× ३, तीया तीमा, तिमाह
× ३½, हुंठा, हुठा, हँठे
× ४, चौक, चौका, चौके
× ४½ हौंचा धौंचा धमूँचा
× ५, पचे, पचि
× ५½ पहूँचा
× ६ छक्के छक्का, छक
× ६½, छौंचा
× ७ सते
× ८ अट्ठे
× ९, नवाँई
× १०, दहाँई, दहाँ
× ११, गरहाँ
× १२, बरहाँ
× १३, तेरहाँ
× १४, चौदहाँ
× १५ पन्द्रहाँ
× १६, सोलहाँ
× १७ सतरहाँ
× १८, अठराहाँ
× १९ उनैसहाँ
× २० बीसहाँ, बीसाँई

ऋणात्मक संख्यावाचक

ऋणात्मक संख्यावाचक शब्द 'कम' शब्द संयुक्त कर बनते हैं। इनका व्यवहार अशिक्षितों एवं ग्रामीणों में अधिक है। जैसे—दू कम सौ (९८) पाँच कम पचास (४५), दस कम पचास (४०)।

---

1. कई एक।

क्रिया[1] (Verb)

मगही मे क्रिया के दो भेद होते हैं—सकर्मक[2] और अकर्मक[3]। यथा—

सकर्मक	अकर्मक
सोहन गेंद फेंकऽ हइ।	बुतरुअन[6] दौड़ऽ हथी।
मैना सतुवा खा हइ।	बकरी मेंमिया हइ।
गिलहरी अमदुर[4] कुतरतई[5]।	दीदी कब ऐथुन ?

कुछ ऐसी भी सकर्मक क्रियाएँ होती हैं, जिन्हे दो कर्म होते हैं। इन्हें 'द्विकर्मक क्रियाएँ' कहते हैं। इनके दो कर्मों मे एक मुख्य कर्म होता है जो किसी पदार्थ का बोध कराता है; दूसरा गौण कर्म होता है, जो किसी प्राणी का बोध कराता है। प्राणीबोधक गौणकर्म के साथ सर्वदा 'के' चिह्न आता है। यथा—सीता 'माय के' 'लुग्गा' देलकइ। बोर 'बेटा के' हम 'भात' खिलावऽ ही। तूँ 'राम के' बियाहके 'गीत' सुनावऽ।

कुछ क्रियाएँ, अर्थ के अनुसार सकर्मक और अकर्मक दोनो होती हैं। यथा—ऊ घैला भरऽ हइ (स० क्रि०)। इनरा[7] बरसात में भरऽ हइ (अ० क्रि०)। 'भरऽ हइ' क्रिया सकर्मक और अकर्मक दोनो है।

बहुत-सी सकर्मक क्रियाओ का अर्थ, कर्म की उपस्थिति मे भी पूरा नही होता। इसलिये उसके साथ पूर्ति के रूप में कोई सज्ञा या विशेषण आता है, जिसे 'कर्मपूर्ति' कहा जाता है। ऐसी क्रियाएँ 'अपूर्ण सकर्मक' कहलाती हैं। यथा—गॉवइ के लोग सब, पाँचू महतो के अपन 'मुखिया' चुनलथी। इसमे 'मुखिया' कर्मपूर्ति है और 'चुनलथी' अपूर्ण सकर्मक क्रिया है।

मगही मे ऐसी सकर्मक क्रियाएँ भी होती हैं, जिनकी अर्थपूर्ति के लिए, कर्त्ता से सबंध रखने वाली किसी सज्ञा या विशेषण का व्यवहार होता है। इसे 'उद्देश्यपूर्ति' (Subjective Complement) कहते हैं। ऐसी क्रियाएँ 'अपूर्ण अकर्मक क्रियाएँ' कहलाती हैं। यथा—सीता 'पढ़निहार' हइ। गनौरी 'अलसियाहा' निकललइ।

---

१. "जिन शब्दों से काम करने या होने का भाव प्रदर्शित हो, उन्हें क्रिया कहते हैं। जैसे—मैं खाता हूँ, वह सोता है इत्यादि।" —व्या० मर्य०—सु० वि०

२ "जिस क्रिया का फल कर्त्ता से निकल कर, कर्म पर पड़े अर्थात् जिसमें कर्म लग सके उसे सकर्मक कहते हैं। जैसे—यह अन्न खाता है, राम ने रावण को मारा।" व्या० मर्य०—सु० वि०

३ "जिस क्रिया का करना या होना और उसका फल दोनों कर्त्ता ही पर पड़े अर्थात् जिसमें कर्म न लग सके, उसे अकर्मक कहते हैं। जैसे— गाड़ी चलती है।" व्या० मर्य०—सु० वि०

४. अमरूद।

५ कुतरेगा।

६ बच्चे।

७. कुँआ।

कभी-कभी अकर्मक क्रिया में उसी धातु से निर्मित भाववाचक संज्ञा कर्म के रूप में व्यवहृत होती है। ऐसे कर्म को सजातीय कर्म (Cognate object) और ऐसी क्रियाओं को 'सजातीय क्रियाएं' कहते हैं। यथा—हम लोहरा 'खेल' खेला देखल। चिड़ियन ममगुत' 'बोल' बोलऽ हथी। मोहन लड़ाई' लड़लक।

क्रिया का वाच्य[2] (Volce)

हिन्दी के समान मगही में भी वाच्य तीन प्रकार के होते हैं—कर्तृवाच्य[3], कर्मवाच्य[4] और भाववाच्य[5]। यथा—

कर्तृवाच्य—लइकन दौड़ऽ हथी। पंडित पोथी बाँचऽ हथी। मफलो[6] कोठा खोखा झाड़कइ।

कर्मवाच्य—कुआँ सियल जा हइ। सबेरा खाये भेजल गेलइ। हमरा से ई मार न उठावल जायत।

भाववाच्य—हमरा से बैठल जैतइ। धूप में चलल न जा हइ। बेमरिया से अब उठल-बैठल न जा हइ।

मगही में द्विकर्मक क्रियाओं[7] के कर्मवाच्य में मुख्य कर्म उद्देश्य होता है और गौणकर्म कर्तृवाच्य के अनुसार रहता है। यथा—

कर्तृवाच्य	कर्मवाच्य
राजा ब्राह्मण के दान दे हथी।	ब्राह्मण के दान देवल जा हइ।
गुरु चेला के हिसाब सिखावऽ हथी।	चेला के हिसाब सिखावल जा हइ।

---

1. [illegible]।
2. "वाच्य क्रिया के उस रूप को कहते हैं, जिससे जाना जाता है कि क्रिया के द्वारा कर्त्ता के विषय में कुछ कहा गया है या कर्म के विषय में अथवा केवल भाव के विषय में।" सं हि व्या०—का गु
3. "कर्तृवाच्य क्रिया के उस रूप को कहते हैं, जिससे जाना जाता है कि क्रिया का उद्देश्य उसका कर्त्ता है जैसे—लड़का दौड़ता है। लड़की पुस्तक पढ़ती है।" सं० हि व्या—का गु
4. "क्रिया के उस रूप को कर्मवाच्य कहते हैं जिससे जाना जाता है क्रिया का उद्देश्य उसका कर्म है, जैसे—कपड़ा सिया जाता है। चिट्ठी अभी भेजी गई है।" सं हि व्या०—का गु
5. "क्रिया का वह रूप भाववाच्य कहलाता है, जिससे जाना जाता है कि क्रिया का उद्देश्य उसका कर्त्ता या कर्म नहीं है किंतु केवल उसका भाव है जैसे—बैठा जायेगा। धूप में चला नहीं जाता।" सं हि व्या०—का गु
6. मौसर।
7. देखिये पृ ६०

कर्त्तृवाच्य, अकर्मक और सकर्मक दोनो प्रकार की क्रियाओ मे होता है। कर्मवाच्य केवल सकर्मक क्रियाओ मे और भाववाच्य केवल अकर्मक क्रियाओ मे होता है। यथा—

कर्त्तृवाच्य	कर्मवाच्य	भाववाच्य
मोहन पोथी पढ़ऽहइ (स०)। चुतरु दौड़ऽ हथी (अ०)।	भिआह में मंतर पढ़ल जा हइ (स०)।	मोहन से चलल न जा हलइ (अ०)।

क्रिया का अर्थ[१] (Mood)

अन्य भाषाओकी भाँति, मगही की प्रत्येक क्रिया एक भिन्न प्रकार का विधान करती है। एक ही क्रिया भिन्न-भिन्न रूपो एव अर्थों मे व्यवहृत होती है। अत मगही मे क्रिया के मुख्य पाँच अर्थ मिलते हैं :—

(अ) निश्चयार्थ (आ) सभावनार्थ (इ) आज्ञार्थ (ई) सदेहार्थ और (उ) सकेतार्थ।

उदाहरणार्थ 'देखना' क्रिया को उपर्युक्त पाँच अर्थों मे प्रस्तुत किया जाता है—

(अ) लइका[२] बगइचा देखऽ हइ —निश्चयार्थ।
(आ) (हो सके हे) लइका बगइचा देखइ—सभावनार्थ।
(इ) (ए मोहन) बगइचा देखऽ —आज्ञार्थ।
(ई) लइका बगइचा देखइत होतई —सदेहार्थ।
(उ) लइका बगइचा देखतइ हल, तो बड़ नीमन[३] होतइ हल। —सकेतार्थ।

क्रिया के काल[४] (Tense)

मगही मे मूलत काल के तीन भेद हैं :—वर्तमान, भूत और भविष्यत्। यथा—

वर्तमानकाल	भूतकाल	भविष्यत्काल
हम तस्वीर देखऽ ही।	हम तस्वीर देखली।	हम तस्वीर देखब।
तूँ दीदी के बोलावऽ हऽ।	तूँ दीदी के बोलैलऽ।	तूँ दीदी के बोलैबऽ।
किसान के खाय[५] भेजल जा हइ।	किसान के खाय भेजल गेलइ।	किसान के खाय भेजल जतइ।

१ "क्रिया के विधान करने की रीति को (क्रिया का) अर्थ कहते हैं।" सं० हि० व्या०—का० गु०

२ लड़का।

३ अच्छा।

४ "क्रिया के जिस रूप से समय का बोध होता है, उसे व्याकरण में काल कहते हैं।" सं० हि० व्या०—का० गु०

५. भोजन।

१ वर्तमानकाल तथा भूतकाल की तीन अवस्थाएँ होती हैं—सामान्य अपूर्ण और पूर्ण। सामान्य अवस्था से कार्य की सामान्य अवस्था का बोध होता है। अपूर्ण अवस्था से पता चलता है कि कार्य का आरंभ हो गया पर उसकी समाप्ति नहीं हुई। पूर्ण अवस्था से कार्य की समाप्ति का बोध होता है। भविष्यत्काल में तीन अवस्थाएँ नहीं होतीं केवल एक सामान्य अवस्था होती है। यथा—

		वर्तमान काल	
सामान्य वर्त०	हम देखऽ ही।	बेयार¹ बहऽ हइ।	कपड़ा भेजल जा हइ।
अपूर्ण	हम देखइत ही।	बेयार बहइत हइ।	कपड़ा भेजल जा-इत हइ।
पूर्ण वा आसन्न भूत	हम देखली हे।	बेयार बहलइ हे।	कपड़ा भेजल गेलइ हे।
		भूतकाल	
सामान्य भूत	हम देखली।	बेयार बहलइ।	कपड़ा भेजल गेलइ
अपूर्ण ,,	हम देखइत हली।	बेयार बहइत हलइ	कपड़ा भेजल जाइत हलइ।
	या	या	या
	हम देखऽ हली।	बेयार बहऽ हलइ।	कपड़ा भेजल जा हलइ।
पूर्ण ,,	हम देखली हल।	बेयार बहलइ हल।	कपड़ा भेजल गेलइ हल।
		भविष्यत्काल	
सामान्य भवि	हम देखब या देखम।	बेयार बहतइ।	कपड़ा भेजल जतइ।

'अर्थ' और 'अवस्था' के अनुकूल काल-भेद

अब 'अर्थ' और 'अवस्था' के अनुकूल मगही में कालों के निम्नांकित भेद होते हैं —

१ निश्चयार्थ

(क) सामान्य वर्तमानकाल
लड़का पोथी पढ़ऽ हइ

(ख) अपूर्ण वर्तमानकाल
गाड़ी आवइत हइ

(ग) पूर्ण वर्तमानकाल
राधा देखलइ हे

(घ) सामान्य भूतकाल
हम आप देखली

(ङ) अपूर्ण भूतकाल
रानी आवइत हलथी या
रानी आवऽ हलथी

(च) पूर्णभूतकाल
नौकर चिट्ठी लेअलकइ हल

---
१ हवा।

(छ) सामान्य भविष्यत्काल

हम किताब पढ़ब या पढ़म

२ संभावनार्थ

(क) सभाव्य वर्तमानकाल

हम देखइत होऊँ

(ख) सभाव्य भूतकाल

हम देखले होऊँ

(ग) सभाव्य भविष्यत्काल

(जे) हम देखियइ

३ संदेहार्थ

(क) सदिग्ध वर्तमानकाल

हम देखइत होअब

(ख) सदिग्ध भूतकाल

हम देखले होअब

४ आज्ञार्थ

(क) वर्तमानकाल प्रत्यक्षविधि

तूँ देख

(ख) भविष्यत्काल परोक्षविधि

तूँ देखिहें

५ संकेतार्थ

(क) अपूर्ण सकेतार्थ

हम देखइत होतीं

(ख) पूर्ण सकेतार्थ

(जे) हम देखले होतू

(ग) सामान्य सकेतार्थ

(जे) हम देखतीं

क्रिया के पुरुष, लिंग और वचन

मगही मे क्रियाओ के तीन पुरुष[1] होते हैं—उत्तम, मध्यम और अन्य। डॉ० ग्रीयर्सन[2] ने मगही की क्रियाओ मे लिंग-भेद से रूपान्तर दिखलाया है, पर वस्तुत इनमे लिंग-भेद से रूपान्तर नही होता। यह बोली बिहारी वर्ग की अन्य बोलियो की भाँति लिंग-भेद की जटिलताओं से मुक्त है। यथा—**हम्मर भाई पेलन हें, हम्मर दीदी पेलन हें। राधा पोथी पढ़ऽ हइ, मोहन पोथी पढ़ऽ हइ।**

डॉ० ग्रियर्सन[2] ने मगही का क्रियाओ मे वचन-भेद से रूपान्तर दिखलाया है। परन्तु वस्तुत इनमें वचन-भेद से रूपान्तर नही होता। यथा—**राजा राज करऽ हथी, राजा सब राज करऽ हथी। सेवक सेवा करऽ हइ, सेवक सब सेवा करऽ हइ।**

कर्त्ता तथा कर्म के प्रति आदर-भाव के आधार पर क्रियाओ मे रूपान्तर होता है। इससे मगही की क्रियाओ के दो भेद हो जाते हैं—आदरवाचक और अनादरवाचक। यथा—**माली राजा के देखलकइन** (आद०), **माली नौकर के देखलकइ** (अना०) **उ रामायण पढ़लथिन** (आद०), **उ रामायण पढ़लकइ** (अना०)।

डॉ० ग्रियर्सन ने प्राय अनादरवाचक क्रियाओ को एकवचन और आदरवाचक क्रियाओ को बहुवचन शीर्षक के अन्तर्गत रखा है।

---

१. देखिए—सर्वनाम प्रकरण।

२ Seven Grammars of the Dielects and subdialects of the Bihari Language Part III Magadhi Dialect—

भविष्यत्कालिक कृदन्त विशेषण के समान होता है। यथा—आवेवला भाई, जायेओला लड़का। इनका रूप आकारान्त विशेषण के समान, विशेष्य के लिंग के अनुसार परिवर्तित होता है।

कर्तृवाचक संज्ञा के उदाहरण निम्नांकित हैं :—

√देख्

क्रिया	लिंग	प्रत्यय	वाक्य-प्रयोग
देखे	पु०	वला, ओला	तोहर हाँथ देखेवला या देखेओला अलबऽ हे।
देखिनी		हारा	ओकर रूप के देखिनीहारा के हइ ?
देखिन		हार	ओकर घर के देखिनहार के हइ ?
देखनी		हार	,, ,, , देखनीहार ,, ,, ?
देखे	स्त्री०	वली, ओली	तोरा देखेवली या देखेओली ऐलबऽ हे।
देखिनी		हारी	ओकर चाल देखिनीहारी या देखिनहारी तू के[1] ?

३. वर्तमानकालिक कृदन्त—धातु के अन्त मे इत, अइत, अत, इती, अती, अइती प्रत्यय जोड़ने से वर्त० कृ० विशेषण बनता है। इते, अते, अइते जोड़कर वर्तमान-कालिक कृ० के विकारी रूप बनते हैं। यथा—

साधारणरूप	विकारीरूप
देखित, देखिती	देखिते
देखत, देखऽती	देखऽते
देखइत, देखइती	देखइते

४. भूतकालिक कृदन्त—धातु के अन्त मे ल, ल भेल, ली, ल भेली, या ले जोडकर भूत० कृ० विशेषण बनाये जाते हैं। यथा—

साधारण रूप	विकारी रूप
देखल, देखली[2]	देखऽले
देखल भेल, देखल भेली[2]	

अविकारी (अव्यय)

मगही मे चार प्रकार के कृदन्त अव्यय होते हैं —

१. पूर्वकालिक कृदन्त २ तात्कालिक कृदन्त ३. अपूर्णक्रियाद्योतक कृ० ४ पूर्णक्रियाद्योतक कृ०।

१ कौन। २ देखली, देखल भेली जैसे रूप आदर्श मगही क्षेत्र में प्रचलित नहीं है। पर डॉ० ग्रियसन ने 'स्त्रीलिंग' शीर्षक में इन रूपों को रखा है।

१ पूर्वकालिक कृदन्त—पूर्व कृ हिन्दी के समान धातु-रूप में नहीं रहता। धातु के अन्त में 'के' प्रत्यय जोड़ कर, इसका निर्माण होता है। यथा—

क्रिया	धातु	पूर्व कृ
जाना	जा	जा के
खाना	खा	खा के
देखना	देख	देख के

इस कृदन्त का उपयोग प्रायः मुख्य क्रिया से पहले होने वाले कार्य की समाप्ति के अर्थ में क्रियाविशेषण के समान होता है। इसका रूप अपरिवर्तित रहता है। यथा—हम बगइचा देख के लौटली हे।

२. तात्कालिक कृदन्त—तात्कालिक कृ बनाने के लिये धातु के अन्त में दीर्घ 'तऽ' या 'ते' जोड़ कर उसके आगे 'हीं' लगाया जाता है। यथा—ऊ हमरा देखतऽ हीं बदमास[1] करे लगल। लइकवा उठतऽ हीं खिसिआय[2] लगलइ। इस कृदन्त से मुख्य क्रिया के साथ होने वाले व्यापार की समाप्ति का बोध होता है।

३ अपूर्णक्रियाद्योतक कृदन्त—इसका रूप धातु में 'ते' प्रत्यय जोड़ कर बनाया जाता है। यथा—हमरा घरे से निकसते[3] भेयामस[4] लगे हे। हमरा, तोहरा होइते मोह लगे हे।

४ पूर्णक्रियाद्योतक कृदन्त—इसका रूप क्रिया के अन्त में 'ला' अथवा 'ले' प्रत्यय जोड़ कर बनाया जाता है। यथा—

हमरा विपत पड़ला ढेर दिन बीतल।

एतना रात गेला पर काहे एलऽ।

तूँ तो बड़े का कमर कसले बैठल हऽ।

अपूर्ण कृ और पूर्ण कृ के साथ प्रायः 'होना' क्रिया का पूर्णक्रियाद्योतक कृदन्त 'भेल (हुए) लगाया जाता है। यथा—

ओकरा गेला भेल ढेर दिन होल।

नौकर सिर पर बोझा रखले भेल आवऽ हइ।

क्रिया की काल-रचना

मगही की क्रियाओं के काल रचना के विचार से दो वर्गों में बाँटे जाते हैं—साधारणकाल[5] और संयुक्तकाल[6]।

---

१ बदमाशी। २. खिसियाना। ३ निकलते। ४. डर।

५. "जो काल केवल अन्य धातु से बनते हैं, वे साधारणकाल और जो दूसरी क्रिया की सहायता से बनाये जाते हैं, वे संयुक्त काल कहाते हैं।" सं० हि व्या —का प्र

साधारणकाल

१ धातु से बने काल

निश्चयार्थ	संभावनार्थ	आज्ञार्थ	संकेतार्थ
सामान्य भविष्यत् हम देखब	सभाव्य भव्यवर्ति (यदि) हम देखीं, देखव	वर्तमान प्रत्यक्ष विधि तूँ देख भविष्यत् परोक्षविधि तूँ देखिहे	×

२ वर्तमानकालिककृदन्त से बने काल

निश्चयार्थ	संभावनार्थ	आज्ञार्थ	संकेतार्थ
×	×	×	सामान्य संकेतार्थ (यदि) हम देखती

३ भूतकालिक कृदन्त से बने काल

निश्चयार्थ	संभावनार्थ	आज्ञार्थ	संकेतार्थ
सामान्य भूत हम देखली	×	×	×

संयुक्तकाल

१. क्रियार्थक संज्ञा या उसके विकारी रूप से बने काल

निश्चयार्थ

(क) सामान्य वर्तमानकाल—हम देखऽ ही (मैं देखता हूँ)

(ख) अपूर्ण भूतकाल —हम देखऽ[1] हली (मैं देखता था।)

२ वर्तमानकालिक कृदन्त से बने काल

निश्चयार्थ

अपूर्ण वर्तमानकाल, सहायक क्रिया[2] के वर्तमानकाल के साथ—हम देखइत ही[3]

अपूर्ण भूतकाल, ,, ,, ,, भूतकाल ,, हम देखइत[4] हली[5]

संभावनार्थ

संभाव्य वर्तमानकाल, सहायक क्रिया के संभाव्य भविष्यत्काल के साथ—

हम देखइत होऊँ[6]

संदेहार्थ

संदिग्ध वर्तमानकाल, सहायक क्रिया के भविष्यतकाल के साथ—हम देखइत होयब[7]

संकेतार्थ

अपूर्ण संकेतार्थ, सहायक क्रिया के सामान्य संकेतार्थ के साथ—हम देखइत होती[8]

---

१ अपूर्ण भूतकाल का यह रूप क्रियार्थक संज्ञा में सहायक क्रिया जोड़ कर बनता है।

२ "जिस क्रिया की सहायता से संयुक्तकाल बनाए जाते हैं, उसे सहायक क्रिया कहते हैं; जैसे—वह चलता है। वह चलता था। वह चला होगा। इन उदाहरणों में "है" "था" और "होगा" सहायक क्रियाएँ हैं।" सं० हि० व्या०—का० गु०

३ मैं देख रहा हूँ।

४ अपूर्ण भूतकाल का रूप यहाँ वर्तमानकालिक कृदन्त से बना है। इस प्रकार अपूर्ण भूतकाल के दो रूप मिलते हैं, जिनमें एक क्रियार्थक संज्ञा के योग से बनता है (हम देखऽ हली) और दूसरा वर्तमानकालिक कृदन्त के योग से (हम देखइत हली)।

५ मैं देख रहा था। ६ मैं देखता होऊँ। ७ मैं देखता हूँगा। ८ मैं देखता होता।

१ भूतकालिक कृदन्त से बने काल

निश्चयार्थ

पूर्ण वर्तमानकाल या आसन्न भूतकाल	सहायक क्रिया के वर्तमानकाल के साथ—हम देखले हँ[1]

पूर्ण भूतकाल सहायकक्रिया के भूतकाल के साथ—हम देखले हल[2]

संभावनार्थ

संभाव्य भूतकाल सहायक क्रिया के संभाव्य भविष्यत्काल के साथ—

(जे) हम देखले होउँ[3]

सन्देहार्थ

संदिग्ध भूतकाल सहायक क्रिया के सामान्य भविष्यत्काल के साथ—

हम देखले होखब[4]

संकेतार्थ

पूर्ण संकेतार्थ सहायक क्रिया के सामान्य संकेतार्थ के साथ—(जे) हम देखले होतूँ[5]

साधारणकाल

साधारणकाल की रूप रचना के लिये प्रत्येक 'पुरुष' में अनेक व्यक्तिवाचक प्रत्ययों का व्यवहार किया जाता है। इन प्रत्ययों के अनेक वैकल्पिक रूप हैं जो 'काल प्रातिपदिक'[6] (Tense Stem) के साथ संयुक्त किये जाते हैं। यथा—

कालप्रातिपदिक		प्रत्यय		साधारणकाल का रूप
(हम) देखल	+	ईँ	=	देखलीँ
(हम) देखल्	+	इन	=	देखलिन

साधारणकाल में प्रयुक्त होने वाले व्यक्तिवाचक प्रत्ययों की तालिका नीचे प्रस्तुत की जाती है जिनकी रूपावली[7] आगे दी जायेगी—

---

१ मैंने देखा है। २. मैंने देखा था। ३ (यदि) मैंने देखा हो। ४ मैंने देखा होगा।
५. (यदि) मैंने देखा होता।
६ संस्कृत व्याकरण के अनुसार 'प्रातिपदिक' की संज्ञा उन्हें दी जाती है जो अर्थवान् होते हैं पर धातु नहीं होते, एवं न उनमें विभक्ति ही लगी होती है। ये प्रातिपदिक, जो काल-संबंधी अर्थ सूचित करते हैं, काल प्रातिपदिक कहे जाते हैं। यथा—देखल (दृष्ट हुआ) पावल (पाया हुआ)।
७. देखिए आगे-व्याख्या भाग में √'देख' के रूप

निश्चयार्थ

सामान्य भूतकाल

मगही—हम देखली आदि, हि० मैने देखा आदि

अनादरवाचक	आदरवाचक
उत्तम—इ, ऊॅ, इयइ, इयउ	ई ॅ, इन, इओ, इयइन
मध्यम—अॅ, ए, ऍ, अही, अहो, अहूँ, हिन	अ, ई ॅ, ऊॅ, अहुन, अहो
अन्य—इस, अकइ, अकउ, अक, अका, आ	न, इन, अथु, अथी, अकन, अकिन, अथिन, अथुन, अकथीन, अखिन, अखीन, अखिनी[1], अहिन।

टिप्पणी—धातु मे 'अल्' प्रत्यय जोड कर, इस काल का प्रातिपदिक बनाया जाता है। यथा—मूल धातु 'देख्', 'अल्' प्रत्यय के जुटने पर भूतकालिक प्रातिपदिक 'देखल्' बना। इसमे ही प्रत्यय जोडे जाते है। यथा—देखल्+ऊॅ=देखलूॅ

इस काल के मध्यम तथा अन्य पुरुष मे सकर्मक तथा अकर्मक क्रियाओ के लिए भिन्न-भिन्न प्रत्ययो का व्यवहार होता है। यथा.—कर्त्तृवाच्य मे।

सकर्मक क्रिया—ऊ देॅखलक या देॅखलकइ।

अकर्मक क्रिया—ऊ गिरल या गिरलइ।

निश्चयार्थ

सामान्य भविष्यत्काल

मगही—हम देखम या देखब आदि, हि०—मै देखूॅगा।

अना०	आद०
उ० पु०—अइ, अउ	ओ, औ
म० पु०—अॅ, आ, ए, ऍ, अहीं, अहिन	अ, अहूँ, अहू, अहो, इह[2], अहुन
अ० पु०—ई, अत, अतइ, अतउ	इहे ॅ, अखिन, अखीन, अखिनी, अतन, अतिन, अतथी, अतथु, अतथिन, अतथीन, अतथिनी, अतथुन, अथ, अथी, अथीन, अथिनी, अथुन

टिप्पणी—१ धातु मे 'अब्' जोड कर निश्चयार्थ, सामान्य भविष्यत्काल का प्रातिपदिक बताया जाता है। यथा—मूल धातु 'देख्', 'अब' प्रत्यय के जुटने पर भविष्यत् कालिक प्रातिपादिक 'देखब' बनता है। इसमे ही प्रत्यय जोडे जाते है। यथा—देखब्+अइ=देखबइ।

२. ई, इहऽ, इहे आदि कुछ प्रत्यय सीधे मूल धातु मे ही जुटा करते हैं। यथा—देख्+इहऽ=देखिहऽ।

---

१ पटना जिला के पूर्वी क्षेत्रों में इन प्रत्ययों का विशेष व्यवहार मिलता है। २. देखिइ।

सामान्य सकेतार्थ

मगही—(जे) हम देखती आदि, हि०—(यदि) मैं देखता

अना०	आद०
उ० पु०—इ, ईं, ऊँ, इयइ, इअउ	इयो, इयइन
म० पु०—आ, ए, अहाँ, अहिन	अ, अहूँ, अहूँ अहो, अहुन।
अ० पु०—आ, इ, अइ अइ हल, अउ हल[1], अही, अहिन।	इन, अथी, अथिन

टिप्पणा—धातु मे 'अत्' तथा 'इत्' प्रत्यय जोड कर, सामान्य सकेतार्थ के प्रातिपदिक वनाये जाते हैं। यथा—मूलधातु 'देख्', 'अत्' या 'इत्' प्रत्यय जुडने पर सामान्य सकेतार्थ का प्रातिपदिक 'देखत्' या 'देखित्' वना। इसमे ही प्रत्यय जोडे जाते हैं। यथा—देखत्+ऊँ=देखतूँ। देखित्+ऊँ=देखितूँ।

सहायक क्रियाएँ (Auxiliary verbs)

जिस क्रिया की सहायता से सयुक्त काल वनाये जाते हैं, उसे सहायक क्रिया कहते हैं। इन सहायक क्रियाओ का अपना अर्थ नही होता। ये प्रधान क्रिया के अर्थ और काल को वनाने मे सहायता पहुँचाती हैं।

मगही मे सहायक क्रियाओं के दो भेद होते हैं—अपूर्णार्थक (Defective) तथा पूर्णार्थक (complete)। अपूर्णार्थक सहायक क्रिया √'अह्' (होना) धातु से वनी है। इस क्रिया के कतिपय वैकल्पिक रूप हैं, जो उसके सवल रूप से निकले हैं। यथा—√'हक' इसका व्यवहार केवल वर्तमानकाल और भूतकाल मे होता है। क्रिया-रूपो मे √'अह्' का 'अ' हट जाता है और केवल 'ह' रह जाता है। यथा—हम ही (अह्+ई=ह्+ई =ही)।

पूर्णार्थक सहायक क्रिया √'हो' धातु से वनी है। इसके क्रिया-रूप नियमित रूप से सभी कालों मे चलते हैं। इस क्रिया के भूतकाल के रूप केवल क्रियार्थक सज्ञा (verb substantive) के रूप मे व्यवहृत होते हैं, सहायक क्रिया के रूप मे नही।

---

१ सहायक क्रिया 'हल' सामान्य संकेतार्थ के समस्त रूपों में जोड़ा जा सकता है। इससे उसके रूपों पर अधिक जोर पड़ता है। यथा—जे उ देखतउ हल, तो बड़ निहाल हो जतउ हल।

अ० पु०— होल, होली, होलइ, होलउ	होलन, होलनि, हो॑लथी, हो॑लथिन, हो॑लथीन, हो॑लथिनी, हो॑लथुन, हो॑लखिन,-खीन,-खिनी, होलही॑, होलहिन, होली

रूप—२‡

	अना०	आद०
उ० पु०—	भेली, भेली, भेलूँ, भे॑लिअइ, भे॑लिअउ	भे॑लियो, भे॑लियइन, भेलियवऽ
म० पु०—	भेलँ, भेला, भेले॑, भे॑लही भे॑लहिन	भेलऽ, भेलहुँ, भलहू, भे॑लहुन, भे॑लहो
अ० पु०—	भेल, भेली, भेलइ, भेलउ	भेलन, भे॑लथी, भे॑लथिन, भे॑लथीन-थिनी-थुन, भे॑लखिन, भ॑लखीन, भे॑लखिनी,-खुन।

भविष्यत्काल

मगही—हम होयब आदि, हि०—मैं होऊँगा आदि

	अना०	आद०
उ० पु०—	होब[1], होबी, होबइ, होबउ, होअम	होबो, हो॑बोअ, होअम, होबइन
म० पु०—	होबँ, होवा, होबी॑, होमी, होबेँ, होवे हो॑बहीँ, हो॑मही	होबऽ, हो॑बहुँ, हो॑बहू, हो॑महू, हो॑इहऽ हो॑बहो, हो॑बहिन, हो॑बहुन
अ० पु०—	होई, होत[2], होती, होतइ, होतउ	होथ[3] होथी, होथिन, होथीन, होथुन, हो॑थिनी, हो॑इहे॑, होतन, होतथी, होतथिन, हो॑तथिन, हो॑तथुन, हो॑तथिनी, होखिन, होखीन, होखिनी

---

‡निश्चयार्थ, भूतकाल का यह रूप अनियमित है।

१. होब के स्थान में होअब, होइब, होएब का व्यवहार सर्वत्र हो सकता है।

२ होत के बदले होअत या होइत का भी व्यवहार होता है।

३. होय की जगह होअथ का भी प्रयोग होता है।

संभावनार्थ

भविष्यत्काल

मगही—(जे) हम होऊँ हि—यदि मैं होऊँ

मगा	नाथ
उ पु॰—होऊँ, होउ, होऊँ	होँइमो, हो इमम्ऽ, हो इमइन
म॰ पु —हो होवँ होएँ, होए होवीँ होहिन	होम, होइँ होइँ होहुन होहो
अ॰ पु —होए, होमइ, होमउ, होमस	होइ, होइन होम होवी हो थिन होमीन, होँ थिनी, होमुन, होखिन होमुन

सामान्य संकेतार्थ

मगही—(जे) हम होतीँ हि —(यदि) मैं होता

मगा	नार
उ पु —होतीँ, होती, होतूँ, हो तिमइ, हो तिमउ	हो तियो, हो तियो, होँ तियम्ऽ होँ तिमइव
म पु —होतँ होता होते होते होतहीँ हो तही	होतऽ, होँ तइ, होँ तहो हो तहिन हो तहुन
अ पु —होत होता, होतो होँ तइ, होँ तउ, होँ तही	होतम, होतिम होँ तथी होँ तथिम हो तमुन, हो तमीन होँ तथिमी हो तहिन होँ तखिम होँ तखीन, हो तखिनी

वर्तमानकालिक कृदन्त

होता[†] होती

भूतकालिक कृदन्त

रूप—१	होल[*]	होली
रूप—२	भेल	भेली

